e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 150

शनिवार

03.06.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

जब आपको लोग पूछे कि आप क्या काम करते हैं तो वो लोग वास्तव में आपको इतनी इज्जत देनी है, इसका अन्दाजा लगाते है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 37°

न्युनतम 23°

## उड़ीसा के बालासोर में हुआ दर्दनाक ट्रेन हादसा

# 70 की मौत, 500 जख्मी

एजेंसी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार की शाम बड़ा ट्रेन हादसा हो गया. यहां बहनागा स्टेशन के पास कोरोमंडल एक्सप्रेस, दुरंतो एक्सप्रेस और मालगाड़ी आपस में टकरा गई. इस हादसे में 70 लोगों की मौत हो गई. इसके अलावा 500 लोग जख्मी हो गए.टक्कर इतनी जोरदार थी कि कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतर गई. ट्रेन के कई डिब्बे मालगाड़ी पर चढ़ गए. जानकारी के मुताबिक कोरोमंडल की सात से आठ बोगियां पटरी से उतर गई. जानकारी के मुताबिक हादसे में जख्मी यात्रियों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया. फिलहाल इस रूट की सभी ट्रेनों को रोक दिया गया है. इसके अलावा 32 लोगों की एनडीआरएफ की एक और टीम रेस्क्यू के लिए भेज दी गई है.ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप जेना ने बताया कि करीब 50 एंबुलेंस को लोगों को ले जाने के लिए लगाया गया है. घायलों की संख्या बहुत ज्यादा है. इसलिए घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए बसें लगाई गई है.

विशेष राहत आयुक्त ने जानकारी दी कि हादसे वाली जगह पर तलाशी और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। ट्रैक को खाली कराने का काम शुरू कर दिया गया है. डीजीपी फायर सर्विसेज डॉ. सुधांशु सारंगी भी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए हैं. राज्य सरकार बचाव कार्यों के लिए मौके पर जनरेटर और रोशनी की व्यवस्था की. मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंत्री प्रमिला मल्लिक और विशेष राहत आयुक्त को दुर्घटनास्थल पर तत्काल पहुंचने का निर्देश दिया.



### हेल्पलाइन नंबर जारी

- **इमरजेंसी कंट्रोल रूम:** 6782262286
- **हावड़ा:** 033-26382217
- **खड़गपुर:** 8972073925, 9332392339
- **बालासोर:** 8249591559, 7978418322
- **कोलकाता शालीमार:** 9903370746
- **रेलमदद:** 044- 2535 4771
- **चेन्नई सेंट्रल रेलवे:** 044-25330952, 044-25330953 और 044-25354771

### 6 ट्रेन कैंसिल, 5 का मार्ग बदला

हादसे के कारण रेलवे ने छह ट्रेनों को कैंसल कर दिया है, जबकि पांच को दूसरे रूप पर भेज दिया है. पुरी एक्सप्रेस 12837, यशवंतपुर एक्सप्रेस 12863, संतरागाछी पुरी स्पेशल 02837, शालीमार संबलपुर 20831, चेन्नई मेल 12839 को रद्द कर दिया गया है.

### प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने जताया दुख

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के बालासोर में हुई रेल दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ओडिशा में ट्रेन हादसे से व्यथित हूं. दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं. घायल व्यक्ति जल्द स्वस्थ हों. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की और स्थिति का जायजा लिया. दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है और प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता दी जा रही है.

### प्रत्येक मृतक के परिजनों को मिलेगा 10 लाख रुपया मुवावजा : रेल मंत्री



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ओडिशा की ट्रेन दुर्घटना को लेकर मुआवजे की घोषणा की है. वैष्णन ने ट्वीट किया है कि ओडिशा में हुए इस दुर्भाग्यपूर्ण ट्रेन हादसे में मरने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को 10 लाख रुपये, गंभीर घायलों को दो लाख रुपये और मामूली घायलों को 50,000 रुपये की मदद दी जाएगी.

## अध्यादेश के मुद्दे पर हेमंत सोरेन से मिले अरविंद केजरीवाल व भगवंत मान, की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# केजरीवाल को मिला हेमंत का साथ

**कांग्रेस तय करे कि वह संविधान के साथ है या मोदी के साथ: केजरीवाल**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल , पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत ने कांके रोड स्थित सीएम आवास में संयुक्त रूप से पत्रकारों को संबोधित किया। इस मौके पर दिल्ली के मुख्यमंत्रीअरविंद केजरीवाल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले महीने दिल्ली के लोगों के साथ अन्याय किया है। केंद्र ने मई 2023 को दिल्ली में अध्यादेश जारी कर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को पूरी तरह से पलट दिया है। इस अध्यादेश से दिल्ली की जनता का अपमान हुआ है और उनके जनतांत्रिक हक छिन लिए है। ऐसा रहा तो अन्य राज्यों में भी वे ऐसा ही करेंगे। केजरीवाल ने कहा कि मोदी सरकार संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रही है। और दिल्ली सरकार को काम करने से रोक रही है। दिल्ली की जनता की चुनी हुई सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने जो शक्तियां दी थी, उसे वापस लेने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने एक अध्यादेश पारित किया है। अगले संसद के मानसून सत्र में केंद्र इस अध्यादेश को जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी विपक्षी दलों को इस अध्यादेश को हराने के लिए एकजुट होना होगा। बीजेपी के पास लोकसभा में तो बहुमत है, लेकिन राज्यसभा में उसके मात्र 93 सांसद हैं, जो बहुमत में नहीं है। अगर विपक्षी दल की सारी पार्टियां एक साथ मिल जाए तो इस अध्यादेश को राज्यसभा में हराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हर हिन्दुस्तान वासियों का अधिकार है कि इस अध्यादेश का विरोध किया जाए। उन्होंने कहा कि इस मसले पर मुख्यमत्री हेमंत सोरेन से काफी देर तक चर्चा हुई। जेएमएम ने पूरा सहयोग और समर्थन का भरोसा दिया है। गुरु जी शिबू सोरेन से भी आशीर्वाद मिला है। केजरीवाल ने कहा कि हम पूरे देश में सभी लोगों से समर्थन मांग रहे हैं और इसी क्रम में हम झारखंड भी आए हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपना समर्थन दिया है।

**लोकतांत्रिक व्यवस्था और संघीय ढांचे पर हो रहा हमला : हेमंत सोरेन**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संघीय ढांचे पर हमला हो रहा है । गैर भाजपा शासित राज्यों की स्थिति एक जैसी है, यह चिंता का विषय है। आगे कहा कि गैर भाजपा शासित राज्यों पर केंद्र की यह प्रहार नहीं बल्कि वहां की जनता पर हमला है, वे इस पूरे मसले पर गुरूजी से इस पर चर्चा करेंगे। हेमंत सोरेन ने कहा कि दिल्ली को लेकर केंद्र सरकार का यह नया फैसला पूरे देश पर असर डालेगा। राजनीतिक तौर पर और कानूनी तौर पर दोनों प्लेटफार्म पर इस लड़ाई को लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं अरविंद केजरीवाल अपने इस मुहिम में सफल होंगे। हेमंत सोरेन ने कहा कि लगातार संघीय ढांचे पर प्रहार किया जा रहा है अभी कुछ दिन पहले लोकसभा के नए भवन का उद्घाटन हुआ वह सिर्फ लोकसभा का उद्घाटन नहीं बल्कि लोकतंत्र के मंदिर का उद्घाटन हुआ और उसमें जिस तरह से काम किया गया वह सबके सामने है. गैर भाजपा शासित सरकारों पर लगातार नरेंद्र मोदी प्रहार कर रहे हैं. वह सिर्फ उन सरकारों पर प्रहार नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रहार है.

**यह लोकतंत्र की हत्या को बचाने की मुहिम : भगवंत मान**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या को बचाने की मुहिम है। समय पर कदम नहीं उठाए गए, जिस तरह से पहलवान मेडल बहाने गंगा गए। अभी नहीं सुधार हुआ तो लोकतंत्र की अस्थियों को बहाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश में इलेक्टड और सिलेक्टेड की लड़ाई है। जेएमएम और हमारी पार्टी दोनों आंदोलन से निकली पार्टी है। इस लिए देश में एक और आंदोलन की जरूरत है। आगे कहा कि ये केंद्र की सरकार में बैठे लोग अहंकार में हैं। सुप्रीम कोर्ट की भी नहीं मानते। वक्त से इन्हें डरना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि यह लड़ाई अरविंद केजरीवाल की नहीं है। पूरे देश के अंदर गैर भाजपा शासित राज्यों को तोड़कर खरीदकर गिराया जा रहा है। इतना ही नहीं ये विधायकों को खरीदने का प्रयास करते हैं।

## क्विक न्यूज

### बृजभूषण की 9 जून तक हो गिरफ्तारी : टिकैत

**नई दिल्ली :** बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण के खिलाफ पहलवानों के आंदोलन को किसानों ने पूरी तरह से सपोर्ट कर दिया है. किसानों ने शुक्रवार को उनके सपोर्ट में कुरुक्षेत्र में महापंचायत की बैठक की गई. इस बीच किसान नेता राकेश टिकैत ने बड़ा ऐलान कर दिया. उन्होंने बताया- हमने निर्णय लिया कि सरकार को पहलवानों की शिकायतों का समाधान करना चाहिए. साथ ही बृजभूषण शरण सिंह गिरफ्तार किया जाना चाहिए. उनकी गिरफ्तारी से कम पर कोई समझौता नहीं करेंगे. अगर ऐसा नहीं होता है तो हम 9 जून को पहलवानों के साथ दिल्ली के जंतर-मंतर जाएंगे. खाप नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर उन्हें जंतर-मंतर पर बैठने की अनुमति नहीं दी गई तो आंदोलन की घोषणा की जाएगी.कहा कि खिलाड़ियों के खिलाफ दर्ज मामलों को खत्म किया जाए. इस मुद्दे को बातचीत से हल किया जाना चाहिए.अब 11 जून को शामली में महापंचायत होगी. टिकैत का कहना है कि सरकार को मौका दिया जाएगा. महिला पहलवानों के परिजनों को धमकाया जा रहा है. सरकार को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए. बातचीत से मसला सुलझाना चाहिए.

### मिशन लाइफ के तहत साईकिल रैली आज

**रांची :** मिशन लाइफ के तहत 3 जून शनिवार को प्रातः 6 बजे से 9 बजे के बीच रॉंची में आयोजित साईकिल रैली की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव ने रॉंची वासियों से अनुरोध किया है कि मिशन लाइफ का सफलतापूर्वक आयोजन करने हेतु मोरहाबादी मैदान में आयोजित साईकिल रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें एवं स्वच्छ पर्यावरण तथा उत्तम जीवनशैली अपनाने का संकल्प लें। संजय श्रीवास्तव ने बताया कि साईकिल रैली में भाग लेने हेतु करीब 1000 से अधिक प्रतिभागियों का पंजीकरण किया गया है। सभी प्रतिभागी प्रातः 5.30 बजे तक मोरहाबादी शहीद पार्क स्थित बापू वाटिका के समीप जमा होंगे। प्रतिभागियों को आयोजक वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा टीशर्ट, प्रशस्ति-पत्र तथा मोमेंटो दिया जाएगा। जिनके पास साईकिल उपलब्ध नहीं हैं, उनके लिए 250 साईकिल की व्यवस्था स्थल पर किया गया है। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को पलाश सभागार परिसर में जलपान की व्यवस्था भी होगी एवं साईकिल रैली मार्ग पर पेयजल की व्यवस्था भी रहेगी।

### 5 लाख का इनामी नक्सली लाजिम अंसारी मुठभेड़ में ढेर

**गुमला:** भाकपा माओवादी संगठन का एरिया कमांडर लाज़मि अंसारी मुठभेड़ में मारा गया. यह मुठभेड़ की घटना गुमला के रायडीह थाना क्षेत्र के जंगल में शुक्रवार की देर शाम हुई. जहां सुरक्षा बलों ने 5 लाख के इनामी नक्सली लाज़मि अंसारी को मुठभेड़ में मार गिराया. वह मूल रूप से गुमला जिले के सदर थाना क्षेत्र के पनसो गांव का रहने वाला है. लातेहार के चंदवा में हुए चार पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में एनआईए ने भी उसके ऊपर एक लाख का इनाम घोषित कर रखा था.

### छह जगहों के लिए उड़ान शुरू करेगी इंडिगो

**नई दिल्ली।** एयरलाइंस कंपनी इंडिगो छह नए गंतव्यों के लिए अपनी सीधी उड़ानें शुरू करेगी। इंडिगो की ये उड़ानें नैरोबी, तिबिलिसी, ताशकंद और अफ्रीका सहित मध्य एशिया के लिए होंगी। इंडिगो ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि कंपनी बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय विस्तार योजनाओं की शुरुआत जुलाई के अंत या अगस्त में करेगी। कंपनी ने बताया कि शुरुआत में केन्या में नैरोबी और इंडोनेशिया में जकार्ता को सीधी उड़ानों के जरिए मुंबई से जोड़ा जाएगा। इसके बाद दिल्ली को अगस्त में तिबिलिसी (जॉर्जिया) और बाकू (अजरबैजान), सितंबर में ताशकंद (उज्बेकिस्तान) और अल्माटी (कजाकिस्तान) से सीधी उड़ान से जोड़ेगी। इन उड़ानों के चालू होने के बाद इंडिगो एयरलाइन अपने परिचालन के जरिए कुल 32 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ेगी।

# हथियार के साथ चार उग्रवादी गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी।** पुलिस ने गुरुवार को पीएलएफआई के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से पिस्टल, गोली और संगठन का पर्चा बरामद किया है। एसपी अमन कुमार ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि जरियागड़ थाना के रेगरे जंगल में भ्रमणशील और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। एसपी के निदेश पर एएसपी अभियान, तोरपा कें एसडीपीओ सीआरपीफ बी/94 बटालियन द्वारा गुरुवार को रेगरे जंगल में छापामरी अभियान चलाया गया और चार सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गये उग्रवादियों में एरिया कमांडर प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू गोप, नीतीश गोप, मिथिलेश गोप उर्फ मिथुन और बाहन गोप उर्फ नंद कुमार शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 7.65 एमएम की एक पिस्टल,.315 बोर का एक देसी कट्टा, 13 कारतूस, एक आल्टो कार और एक टेम्पो सहित चार मोबाइल और नक्सली पर्चा तथा चंदा रशीद बरामद किया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर को लगभग दो माह पूर्व ही दिनेश गोप ने एरिया कमांडर की जिम्मेदारी सौंप कर क्षेत्र में आतंक फैलाने का निर्देश दिया था।

सुप्रीमो के इस निर्देश पर ही अवैध बालू उठाव में लगी एक जेसीबी में आग लगाकर क्षेत्र में दहशत फैलाने का प्रयास किया गया था। हालांकि अगजनी की जिम्मेदारी सुप्रीमो को लेनी थी लेकिन तब तक दिनेश गोप एनआईए की गिरफ्त में आ चुका था।

पीएलएफआई सुप्रीमो ने जब क्षेत्र का एरिया कमांडर की जिम्मेदारी दी उस वक्त प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू के पास हथियार नही था। लेकिन उसे कामडारा का एरिया कमांडर कोरिया टोपनो ने एक पिस्टल के अलावा कई कट्टे और 30 कारतूस दिये। उसके बाद योजनाबद्ध तरीके से अवैध बालू उठाव कर रही जेसीबी में आग लगा दी और फरार हो गए। इस घटना में शामिल अन्य नक्सली सदस्यों को पुलिस ने पूर्व में ही गिरफ्तार किया था। लेकिन एरिया कमांडर फरार हो गया था। बताया जा रहा है कि बालू माफिया अवधेश यादव और चंदन जायसवाल उर्फ चंदू का जेसीबी को जलाया गया था।

चंदू जायसवाल से प्रदीप गोप का लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। प्रदीप गोप ने दिनेश गोप से संपर्क किया और प्रदीप ने ही प्रशांत को एरिया कमांडर बनाने की पैरवी की। उसके बाद प्रशांत को एरिया कमांडर की जिम्मेदारी दी गई। पीएलएफआई नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई से खूंटी में आतंक का पर्याय रहे संगठन के वजूद पर संकट गहराने लगा। गौरतलब है कि सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी से कुछ दिन पूर्व ही जिला पुलिस ने रनिया क्षेत्र से पीएलएफआई के सब जोनल कमांडर और सुप्रीमो के खास सहयोगी रहे इनामी सुखराम गुड़िया को एके 47 राइफल के साथ गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की थी।

# जांच आयोग ने मरांडी और राजीव अरुण एक्का को भेजा नोटिस





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आईएएस राजीव अरुण एक्का के वायरल वीडियो की जांच कर रही एक सदस्यीय जांच आयोग ने भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी और मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का को नोटिस भेजा है। भेजे गए नोटिस में बाबूलाल से कहा गया है कि उनके पास वीडियो से संबंधित जो भी साक्ष्य हैं, वो जांच आयोग को उपलब्ध कराएं। साथ ही आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का से कहा गया है कि वायरल वीडियो के बारे में वो जो भी जानते हैं उसे आयोग के सामने 15 जून तक रखें। बाबूलाल मरांडी ने ही पत्रकार वार्ता कर पत्रकारों को यह वीडियो दिखाया और उपलब्ध कराया था। इसके बाद आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का के खिलाफ सरकार ने कार्रवाई करते हुए उन्हें सीएम के प्रधान सचिव और गृह सचिव के पद के पद से हटा दिया था। एक सदस्यीय आयोग बनाने की सूचना कार्मिक विभाग की तरफ से पिछले महीने जारी की गयी थी लेकिन जांच किसके खिलाफ करनी है, वो अधिसूचना में लिखा हुआ ही नहीं था।जारी अधिसूचना में लिखा था कि एक छोटा सा वीडियो क्लिप में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एक लोक सेवक द्वारा तथाकथित अधिकारी पद के दुरुपयोग से संबंध आरोप एवं इसे जुड़े सभी मामलों की जांच के लिए झारखंड सरकार के आदेश से माननीय मुख्य न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) विनोद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव और गृह विभाग के पूर्व सचिव रहे आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का का एक वीडियो अप्रैल महीने में वायरल हुआ था। वायरल वीडियो पावर ब्रोकर विशाल चौधरी के अशोक नगर स्थित आवास का बताया जा रहा था। इस आवास पर ईडी छापेमारी भी कर चुका है।आईएएस राजीव अरुण एक्का उस वीडियो में सरकारी फाइल निपटाते नजर आए थे। वहीं आईएएस अधिकारी के बगल में एक महिला दिखायी दे रही थी, जिसे पावर ब्रोकर विशाल चौधरी का स्टाफ बताया जा रहा था। वीडियो में विशाल चौधरी किसी से पैसे लेने की बात करता हुआ सुनाई दे रहा था।

# झारखंड की अंशिका ने तीरंदाजी में जीता स्वर्ण पदक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड की अंशिका कुमारी ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया गेम्स के तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है।


25 मई से तीन जून तक लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में शुक्रवार को रिकर्व महिला वर्ग के फाइनल में गुजरात की भार्गवी को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। झारखंड की अंशिका कुमारी कोल्हान यूनिवर्सिटी की छात्रा है।

वर्तमान में एकलव्य तीरंदाजी एकेडमी सेल किरीबुरू में तीरंदाजी करती है। स्वर्ण पदक जीतने पर अंशिका को खेल निदेशक डॉ सरोजिनी लकड़ा ने बधाई दी। साथ ही झारखंड के सभी तीरंदाजी प्रशिक्षकों के अलावा झारखंड के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# मणिपुर : अमित शाह की अपील का असर, लोगों ने लौटाए 140 हथियार

एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में पिछले महीने शुरू हुई हिंसा धीरे-धीरे अब कम होती नजर आ रही है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अपील के बाद मणिपुर के अलग-अलग जगहों से लोगों ने 140 हथियारों को लौटा दिया है. शाह ने मणिपुर दौरे के दौरान हथियारों को सरेंडर करने की अपील की थी. मणिपुर पुलिस ने बताया कि सरेंडर किए गए 140 हथियारों में एसएलआर 29, कार्बाइन, एके, इंसास राइफल, इंसास एलएमजी, .303 राइफल, 9 एमएम पिस्टल, .32 पिस्टल, एम16 राइफल, स्मोक गन और आंसू गैस, स्थानीय निर्मित पिस्तौल, स्टन गन, संशोधित राइफल, जेवीपी और जेवीपी ग्रेनेड लांचर शामिल हैं. अमित शाह ने अपने दौरे के दौरान कहा था अगर सरेंडर नहीं किया तो एक्शन लिया जाएगा. उन्होंने तीन दिनों तक हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया था. राज्य के कैबिनेट मंत्रियों समेत हर समुदाय के साथ उनकी बैठक हुई थी. इसके साथ ही गृहमंत्री ने सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की थी. उन्होंने कहा कि अफवाहों पर कतई ध्यान न दें. अब राज्य में स्थिति ठीक है. उनके इस बयान के बाद लोगों ने बड़ी संख्या में हथियार सरेंडर किए.



मणिपुर में ये हिंसा नगा-कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हो रही है. 3 मई ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने आदिवासी एकता मार्च निकाला.

इसके बाद ही राज्य में हिंसा की शुरुआत हुई. इस रैली में आदिवासी और गैर-आदिवासी समुदाय के बीच झड़प हो गई थी. रैली मैतेई समुदाय की ओर से जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में निकाली गई थी.

# चोरों का आतंक: सरेह टोला में एक घर से 20 लाख की संपत्ति पर चोरों ने किया हाथ साफ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** शहर में इन दोनों चोरों का आतंक ने जनता को परेशान कर दिया है। चोर आए दिन किसी न किसी के घर व वाहन पर हाथ साफ करते जा रहे हैं। इन सक्रिय चोरों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुलेआम चुनौती भी दे रहे हैं। जिससे पुलिस को चोरों के गिरोह का उद्वेदन में काफी परेशानी हो रही है। सक्रिय चोरों ने गुरुवार की देर रात्रि में थाना क्षेत्र के सरेह टोला स्थित विद्या भारती स्कूल के बगल में खरौंधी थाना क्षेत्र के चांदना गांव निवासी रणविजय सिंह के नए मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने घर से सोना, चांदी, हीरा के जेवर बर्तन के अलावे 49000 नगद समेत लगभग 20 लाख रुपए की संपत्ति की चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित रणविजय सिंह ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।घर को सुना देख चोरों ने घटना को अंजाम दिया।घटना के दिन रण विजय सिंह के मकान में परिवार का एक भी सदस्य नहीं था। घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित परिवार ने बताया कि हम सभी परिवार सदस्य 31 मई को देवघर पूजा करने के लिए गए हुए थे। वापस 2 जुन को तकरीबन 3:00 भोर में घर लौटने के बाद देखा कि घर के दरवाजा में लगा ताला टूटा हुआ है और ग्रिल का भी ताला तोड़कर नाली में फेंका हुआ है।जब घर के अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ है। उन्होंने बताया कि हमारी दो बहुओं के कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखा अलमीरा, बक्सा, अटैची, सारा जेवरात, नगद समेत लाखों रुपए की सामान गायब है।पीड़ित ने बताया कि यह घटना एक साजिश के तहत पहले से घात लगाए चोरों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया। पीड़ित रणविजय सिंह के घर से चोरों ने चांदी का पायल दो जोड़ा, सोने का ताग पाट 1 पीस, चांदी का बेरा 6 पीस, सोने का लॉकेट 16 ग्राम का 4 पीस, चांदी सेट कटोरी, प्लेट, नारियल, सुपारी, पान, सिक्का, सोने का चैन 3 पीस, सोने का अंगूठी 8 पीस, सोने का हार 2 पीस, कान का सोने का झुमका 2 पीस, सोने के कान का बाली 3 पीस, मंग्तिका सोने का 2 पीस, नोज पिन सोने का 3 पीस, कंगन सोने का 2 जोड़ी, हीरा का अंगूठी 1 पीस, दो अलमिरा से 49 हजार रुपए की चोरी हुई है। उधर घटना के बाद परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार वालों ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाकर चोरों को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह अपने दल बल के साथ पीड़ित के घर पहुंच कर मामले की जांच की। उन्होंने परिवार वालों से घटनाक्रम की पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पीड़ित की ओर से आवेदन मिल चुका है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। जल्द इन सक्रिय चोरों को पुलिस अपने हिरासत में लेगी।

## एसपी के आदेश पर शाहपुर चेकपोस्ट के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर, पलामू :** एसपी के आदेश पर शाहपुर कोयल नदी पुल चेकपोस्ट के पास थाना प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, कई वाहनों को किया जब्त। चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर कोयल नदी पुल चेक पोस्ट के पास एसपी और डीसी के संयुक्त आदेश के अनुसार विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व खुद थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उदय कुमार गुप्ता ने किया थाना प्रभारी के साथ सब इंस्पेक्टर नीरज सेठ, बिट्टू कुमार, बसंत कुमार समेत कई एएसआई और दर्जनों जवान उपस्थित रहे। इस दौरान जिला परिवहन कार्यालय के हेड क्लर्क मनोज पासवान भी उपस्थित रहे मुख्य रूप से सभी वाहनों को जांच किया गया जिसमें त्रुटि पाए जाने पर दर्जनों वाहनों को जप्त करते हुए अगरतर कार्रवाई के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को पत्र भेजा गया है। मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि एसपी के आदेश अनुसार सड़क सुरक्षा को लेकर यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमे लोगो से अपील है की सीट बेल्ट जरूर लगाए और दो पहिया चलाते वक्त हेलमेट का उपयोग जरूर करे।

## ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक गंभीर, रेफर



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहरी क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज मोड़ के समीप एनएच 98 पर शुक्रवार को ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बिहार के आरा जिले के पीरो निवासी किशन कुमार 22 वर्ष के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त युवक हरिहरगंज बाजार से अपनी बहन के घर अंबा गांव जा रहा था। इस दौरान तेज गति से मेदिनीनगर से औरंगाबाद की ओर जा रहे ट्रक की चपेट में आ गया। आनन फानन में इलाज के लिए उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ट्रक को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

## अनंजय सिंह का 66 वें राष्ट्रीय अंडर 19 कबड्डी प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम में हुआ चयन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 66 वें राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता आगामी 6 जून से 12 जून तक दिल्ली में आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है.उक्त आयोजित प्रतियोगिता में गढ़वा जिले के नगर उंटारी प्रखंड के बारोडीह गांव के अनंजय सिंह शामिल होंगे। अंडर-19 बालक कबड्डी प्रतियोगिता झारखंड टीम में इनका चयन हुआ है। उक्त जानकारी गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सचिव अजय कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि इस चयन प्रक्रिया में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से ढाई सौ खिलाड़ी भाग लिए थे। जिसमें 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया। उसमें गढ़वा जिला के खिलाड़ी अनंजय सिंह का चयन हुआ। यह गढ़वा जिला के लिए बहुत ही खुशी की बात है।

## बृजनाथ सिंह इंटर महाविद्यालय में 5 जून से नामांकन प्रारंभ

**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार प्रखंड के बलिगढ़ में स्थित एकलौता बृजनाथ सिंह इंटर महाविद्यालय के प्राचार्या ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उक्त महाविद्यालय में सत्र 2023-25 इंटर के तीनों संकाय कला, विज्ञान एवं वाणिज्य में अगामी 5 जून से नामाकंन प्रारम्भ के होने के लिए जानकारी दिया है। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष स्थापना अनुमति के बाद 2022-24 में नामांकन लिया गया था जो सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। साथ ही प्राचार्या ने जानकारी देते हुए कहा कि महाविद्यालय में पुस्तकालय, छात्रवृत्ति एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्र छात्राओं को विशेष सुबिधा मुहैया कराई जाएगी।

# पंचायत समिति सदस्य इंदु देवी ने चापानल मरम्मती की मांग रखी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पंडवा (पलामू) :** दुल्ही में चापाकल खराब होने के कारण लोगो को हो रही परेशानी,पंचायत समिति सदस्य इंदू देवी ने की बनवाने की मांग। पलामू जिले अंतर्गत पंडवा प्रखंड के मझिगांव पंचायत अंतर्गत दुल्ही उच्च विद्यालय के पास सरकारी चापाकल खराब हो जाने के कारण लोगो को पेयजल की समस्या उत्पन हो गई है। साथ ही लोगो को परशानियो का सामना करना पड़ रहा है पंचायत के पंचायत समिति सदस्य इंदू देवी ने मामले में जानकारी देते हुवे कहा की ग्रीष्म वर्ष शुरू होने से पहले यानी 3 माह शुरू से ही खराब पड़ा चापाकल है। साथ ही उन्होंने कहा की चापाकल खराब हो जाने के कारण क्षेत्र के आस पास के लोगो को इस चापाकल से पानी का इस्तेमाल पीने के लिए करते थे बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत समिति सदस्य ने पेयजल विभाग एवम प्रखंड विकास पदाधिकारी से इस दिशा में पहल कर नैखिक मांग की है वही क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता कुणाल पासवान ने बताया की पेयजल की इतनी भयंकर समस्या उत्पन हो गई है की इस सारे क्षेत्र के लोगो में हाहाकार मचा हुआ है साथ ही उन्होंने कहा की यह एक दुल्ही का नमूना है साथ ही दुल्ही के अलावा रब्दी गांव में भी दो तीन चापाकल खराब पड़ा हुआ है साथ ही उन्होंने यह भी बताया है की चापाकल बनाने से संबंधित कई बार पंचायत सेवक को भी इसकी जानकारी दी गई बावजूद अभी तक चापाकल नही बन पाया है। उन्होंने वरीय पदाधिकारी से इस दिशा में पहल कर नैखिक मांग की गर्मी के समय में चापाकल बनवाया जा सके और लोगो को पेयजल की समस्या से निर्जात हो सके।

# दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

➲घायल राहुल पासवान के मौत के बाद परिजनों ने सदर अस्पताल में किया हंगामा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महुगावा के पास दो बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा निवासी गुड्डू पासवान का पुत्र राहुल पासवान उम्र 25 वर्ष अपने एक मित्र के साथ गुरुवार की शाम मोटरसाइकिल पर सवार होकर चैनपुर महुगावा किसी काम से जा रहा था।तभी रास्ते में महुगावा के पास उसकी बाइक की टक्कर एक दूसरे बाइक से हो गई। जिसमें दोनों बाइक पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा चारों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के दौरान राहुल पासवान उम्र 25 वर्ष की मौत हो गई। जबकि महुगावा निवासी रंजीत राम पिता अनिल राम, दीपचंद कुमार पिता मक्खन राम तथा एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जहां इलाज के बाद भी रंजीत राम की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं राहुल पासवान के मौत के बाद राहुल के परिजन सदर अस्पताल में हल्ला हंगामा करने लगे। हल्ला हंगामा होने की सूचना मिलने पर शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा,चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता और टाइगर मोबाइल के जवान सदर अस्पताल पहुंचकर हल्ला हंगामा कर रहे परिजनों को शांत कराया।वही इस घटना के बाद से पुलिस राहुल के शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। वह इस घटना के बाद से पुलिस दुर्घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी चल रही है युद्ध स्तर पर



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विंध्य क्षेत्र अंतर्गत नगर उंटारी थाना क्षेत्र के पाल्हे-जतपुरा गांव में भारतवर्ष के महान मनीषी ब्रह्मलीन संत पूज्य श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य पाद श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का संकल्पित चातुर्मास्य व्रत एवं पूज्य पाद स्वामी जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले श्री रामानुजाचार्य सहस्राब्दी जयंती स्मृति महा महोत्सव व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है. प्रवचन पंडाल व पर्णकुटी का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है. प्रवचन पंडाल, पर्णकुटी परिसर, साधु-संतों को रहने के लिए बने कमरे की लिपाई-पुताई-रंगाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है. गांव का युवा वर्ग यज्ञ स्थल पर भूमि की लिपाई-पुताई-रंगाई सहित अन्य कार्यों में पूरे भक्ति भाव से लगा हुआ है. रितेश शुक्ल उर्फ छोटू, विकास शुक्ल, रोहित चौबे, सचिन शुक्ल, हैप्पी शुक्ल, सौरभ शुक्ल, आयुष शुक्ल, चुन्नी चौबे, सुमित शुक्ल, मोनू शुक्ल, अनुराग शुक्ल, शुभम शुक्ल, श्रेयश शुक्ल सहित बड़ी संख्या में युवा वर्ग यज्ञ स्थल पर भूमि की लिपाई-पुताई-रंगाई, साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों में बड़े ही भक्ति भाव से लगा हुआ है. वहीं विद्वान पंडित श्यामसुंदर दुबे के दिशा-निर्देशन में विगत एक माह से 50 से अधिक श्रम योगी प्रवचन पंडाल, पर्णकुटी आदि के निर्माण कार्य में लगे हुए हैं. दिनों-दिन यज्ञ स्थल की भव्यता बढ़ते जा रही है।

## रामगढ़ थाना में क्राइम मीटिंग में लंबित विशेष प्रतिवेदित कांडों की समीक्षा बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** लंबित कांडो की समीक्षा के लिए सदर अंचल पुलिस निरीक्षक तुलसीदास मुंडा ने रामगढ़ थाने में की समीक्षा बैठक। इंस्पैक्टर तुलसीदास मुंडा ने रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ लंबित कांडो की समीक्षा को लेकर रामगढ़ थाना में समीक्षा बैठक की इस समीक्षा बैठक में इंस्पेक्टर ने संबंधित पदाधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश देते हुवे लंबित कांडो का जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया एवम कई आवश्यक सुझाव भी दिए। इस संदर्भ में तुलसीदास मुंडा ने बताया की सभी को विशेष प्रतिवेदित एवं पुलिस निरीक्षक को अविशेष प्रतिवेदित कांडों का दो गुणा कांड निष्पादित करने का लक्ष्य दिया। थाना प्रभारी से कहा गया कि लंबित वारंट एवं कुर्की की संख्या अधिक है इसे जल्द निपटाएं। इसी प्रकार पुलिस निरीक्षकों को संबंधित थाना में भ्रमण करके इन मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

## वाहन जांच के दौरान स्टोन चिप्स लदा हाईवा जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज थाना के समीप एनएच 98 इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर फर्जी चालान के मामले में शुक्रवार को स्टोन चिप्स लदा एक हाईवा जेएच 13 एफ 4276 को जब्त किया गया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी बासुदेव राय ने बताया कि खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्टोन चिप्स लदा उक्त हाईवा चालक वैध चालान प्रस्तुत नहीं कर सका। एक ही चालान पर हाईवा से दूसरी बार स्टोन चिप्स परिवहन कर बिहार की ओर ले जाया जा रहा था। मामले में हाईवा को जब्त करते हुए अग्रेतर कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है।

## उपायुक्त के जनता दरबार में 25 से अधिक मामले आये




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया।सप्ताहिक आयोजन होने वाले इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष 25 से अधिक मामलों के आवेदन आये। सभी का फरियाद सुन उपायुक्त श्री दोड्डे ने संबंधित पदाधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की ओर से गलत एलपीसी निर्गत करने, गैरमजरूआ जमीन में मकान बनाने, अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, रोजगार, स्वास्थ्य अनुदान नियोजन, मनरेगा अंतर्गत बगैर काम के राशि निकासी, म्युटेशन, राशन आदि से संबंधित आवेदन आये जिसे डीसी ने मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन का आदेश दिया।

## चैनपुर प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मना



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बसरिया पंचायत भवन में बीडीओ की अध्यक्षता में मनाया गया प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस। चैनपुर प्रखंड के बसरियाकला पंचायत भवन में मुखिया नितीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया। जिसमें अपूर्ण आवास लाभुकों के साथ बैठक की गई। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2021-22 तक के अधूरे आवास लाभुकों के साथ बैठक कर उन्हें आवास पूर्ण करने को लेकर प्रेरित किया गया। इस मौके पर बीडीओ ने बताया की वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों से आवास निर्माण में हो रही समस्याओं को जानते हुए निष्पादन करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश के साथ लाभुकों को जल्द आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा गया कि 30 जून तक आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मुखिया, उपमुखिया, रोजगार सेवक, स्वयंसेवक, वार्ड सदस्य सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** सावधानी हटी, दुर्घटना घटीज सड़कों पर इस तरह के साइन बोर्ड जगह-जगह लगाए गए हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा कई उपाय किए गए हैं। बावजूद सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। सुरक्षित परिचालन को लेकर सरकार स्तर से कई प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। समय के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं में तेजी से इजाफा हो रहा है। थाना क्षेत्र में गुरुवार की शाम दो अलग अलग स्थानों पर हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर शाम में बंबा डैम के समीप हुए पहली घटना में 3 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पहुंचकर गंभीर रूप से घायल एक युवक को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिती में कटहर कला निवासी आशीष कुमार को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। गढ़वा से भी उसे रांची रिम्स के लिए रेफर कर दिया गया। जाने के दौरान लातेहार के समीप मौत हो गयी। जबकि घायल राकेश कुमार व आशीष कुमार बैठा का इलाज निजी चिकित्सालय में चल रहा है। बताया जा रहा है की बंबा डैम के समीप मोटरसाईकिल दुर्घटना में सवार कटहर कला गांव निवासी सूर्यदेव राम के पुत्र आशीष कुमार, सगमा निवासी राकेश कुमार व शारदा गांव निवासी शिवपूजन बैठा के पुत्र आशीष कुमार बैठा अनियंत्रित होकर बांध से गिरते हुए डैम में चले गए। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे। इधर दूसरी घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर उसका कला गांव में घटी। इसमें मोटरसाईकिल के धक्के से सीमावर्ती सोनभद्र जिले के दुद्धी थाना क्षेत्र के हरपुरा गांव निवासी लक्ष्मण पासवान घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल लक्ष्मण को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# भाजपा महा जन जागरण अभियान का शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** छतरपुर विधानसभा अंतर्गत पाटन के हिसरा बरवाडीह ग्राम से महा जन जागरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक, विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। झंडा दिखाकर इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई।इस कार्यक्रम में पहले बरसैता ग्राम के हरिजन टोला में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया।जिला अध्यक्ष ने कहा कि अपने यशस्वी प्रधानमंत्री जी के 9 वर्षो का काल स्वर्णिम अक्षरों में इतिहास के पन्नों में अंकित किया जाएगा विरोधी भी उनकी विकास की योजनाओं को नकार नहीं सकते हैं भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अपने द्वारा 9 वर्षो का लेखा-जोखा देने आम जनों के बीच में आई है कोरोना जैसी भयावह महामारी से निपटने का मामला हो या नए-नए कीर्तिमान स्थापित यदि पंजीबद्ध गिनाया जाए तो 1,2 घंटों में तो कम से कम नहीं गिराया जा सकता है आज भारत के प्रधानमंत्री से मिलने के लिए विश्व के बड़े-बड़े नेता लालायित रहते हैं यह उनके करिश्माई नेतृत्व का ही प्रतिफल है कि आज विश्व में भारत का रोज नया कीर्तिमान स्थापित हो रहा है। वहीं पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि लगातार 1 वर्षो तक 80 करोड लोगों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराना ऐसा केवल भारत जैसे देश में ही संभव है क्योंकि हमारा देश लोक कल्याणकारी राज्य के सिद्धांत पर कार्य करता है हम जनता के बीच में अपने द्वारा शासित 9 वर्षो के कार्यकाल ओं का लेखा-जोखा देने जन सभाओं के माध्यम से या प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जा रहे हैं स्थानीय विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और यह कार्यकर्ताओं की बदौलत ही है इसके कार्यकर्ता हर मुश्किल में हर परिस्थिति में एक साथ खड़े रहते हैं यही वजह है कि यह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।सभी लोग हिसरा बरवाडी ग्राम पहुंचकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, व अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किये।इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी के 9 साल के कार्यो को लोगो तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**रांची :** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के रिंग रोड डुंगरी मोड़ के समीप पिकअप वैन ने शुक्रवार को एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त बरथो लोमियस भेंगरा के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बंगाल के मुर्शिदाबाद का रहने वाला था। फिलहाल वह खूंटी में रहता था। सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा और पिकअप वैन और बाइक को जब्त कर लिया।

### मोदी सरकार के नौ साल ने 2047 के भारत की मजबूत नींव तैयार की : कर्मवीर

**रांची :** चतरा और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र की महाजनसंपर्क अभियान तथा भाजपा सरकार के नौ साल के जन-कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभारी कार्यकर्ताओं की बैठक शुक्रवार को लातेहार जिलांतर्गत चंदवा में संपन्न हुई। बैठक में अभियान की योजना-रचना की जानकारी दी गई तथा तैयारियों की समीक्षा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल हैं। नौ वर्षों में एक भारत श्रेष्ठ भारत की नींव मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि 2047 में आजादी के 100 साल पूरा होने पर भारत दुनिया का सर्वाधिक मजबूत, स्वावलंबी, आत्मनिर्भर भारत होगा इसकी झलक दिखाई पड़ रही है। उन्होंने कहा एक तरफ अंत्योदय का लक्ष्य साकार हो रहा। गांव, गरीब, किसान का जीवन स्तर ऊंचा हो रहा। दलित, वंचित समाज विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहा। दूसरी तरफ भारत की सांस्कृतिक विरासत महामंडित हो रही। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के समीर उरांव, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, चतरा एवम लातेहार जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी गण सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने सूक्ष्म और लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने पर दिया जोर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। वे प्रशासनिक, पुलिस, विज्ञान, राजनीति आदि सभी क्षेत्रों में सक्रियता से भाग ले रही हैं। हमारे देश की महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज महिलाओं का आगे आना बदलते भारत की तस्वीर प्रस्तुत करता है। देश की आधी आबादी महिलाओं की है और सुखद है। राज्यपाल शुक्रवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रांची में लघु उद्योग भारती, की ओर से आयोजित 'महिला उद्यमी इकाई प्रतिष्ठान समारोह' में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए लघु और सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना आवश्यक है। कई राज्यों ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।




उन्होंने राज्य के औद्योगिक जगत के लिए इस कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताया तथा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से सूक्ष्म, लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री निरंतर महिला उद्यमिता पर जोर दे रहे हैं और इस क्षेत्र में महिलाओं को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। महिला उद्यमियों की प्रतिभा को विकसित करने के लिए कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर बल दिया गया है।

उन्होंने कहा कि महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने से न केवल आर्थिक विकास में योगदान होता है, बल्कि सामाजिक स्थिति में भी सकारात्मक बदलाव होता है। हमारे राज्य की महिलाएं अत्यंत परिश्रमी हैं और आगे बढ़ने की दिशा में तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि 'जहां चाह है, वहां राह है', आप लोगों के मन में दृढ़ इच्छाशक्ति होनी चाहिए।

# माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर की स्थापना के लिए योग्य एजेंसियों की मदद लेगी सरकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार दूसरे राज्यों में रहकर रोजी-रोटी कमाने वाले श्रमिकों की मदद को माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर की स्थापना और संचालन में योग्य एजेंसियों की मदद लेगी। इसके लिए झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी (श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, झारखंड) ने पहल की है। इस क्रम में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत देश के अलग अलग राज्यों में ऐसे सेंटर तैयार किए जाएंगे। जेएसडीएमएस के मिशन डायरेक्टर सह सीईओ की ओर से इस संबंध में सूचना भी जारी कर दी गयी है।इसके तहत त्रिपुर (तमिलनाडु), पुणे (महाराष्ट्र), बेंगलुरू (कर्नाटक), नीमराणा (राजस्थान), हैदराबाद (तेलंगाना), चेन्नई (तमिलनाडु), अहमदाबाद या सूरत (गुजरात) और दिल्ली एनसीआर (नोएडा, फ़रीदाबाद) में माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर तैयार किये जाने की योजना बनी है। एनआईटी (निविदा आमंत्रण



सूचना) जारी करते कहा गया है कि वेबसाइट https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app की मदद से माइग्रेशन सेंटर की स्थापना और संचालन के अलावा टेंडर प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी ली जा सकती है। एक जुलाई 2023 तक इसके लिए आवेदन किए जा सकेंगे। तीन जुलाई को इसे खोला जायेगा। टेंडर डॉक्यूमेंट की लागत 10 हजार रुपये और इएमडी के तौर पर 25 हजार रुपये लगेंगे। डोरंडा (रांची) स्थित श्रम भवन के पते पर टेंडर संबंध में जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है।कौशल विकास मिशन के मुताबिक माइग्रेशन सेंटर खोले जाने से दूसरे राज्यों में कार्यरत झारखंड के श्रमिकों की समस्याओं की सुनवाई और उसके त्वरित निदान में मदद मिलेगी। अभी कुल मिलाकर स्थिति यही रहती है कि श्रमिकों के काम, उसके भुगतान और अन्य सुविधाओं के मसले पर कोई ढ़ंक का प्लेटफ़ॉर्म अलग अलग राज्यों में उनके पास नहीं है। हालांकि स्टेट लेवल पर श्रम विभाग की ओर से स्टेट माइग्रेंट कंट्रोल रूम का संचालन किया जा रहा है।

## आजसू ने केंद्रीय सचिव मनोज चंद्रा को पार्टी से किया निष्कासित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर आजसू ने केंद्रीय सचिव मनोज चंद्रा को निष्कासित कर दिया है। साथ ही साथ केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार महेश महतो को आजसू पार्टी चतरा जिला कमिटी का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष तथा शिवलाल दांगी एवं छोटू भोक्ता को कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि गैर जवाबदेह, लापरवाह तथा निष्क्रिय नेतृत्व के कारण आजसू पार्टी चतरा जिला कमिटी को भंग कर दिया गया था। शुक्रवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि चतरा जिले में पार्टी के गठन, पुनर्गठन एवं विस्तार का कार्य अपेक्षित रफ्तार से चले, इसलिए कमिटी को भंग करने का निर्णय लिया गया था। केंद्रीय सचिव के निष्कासन को लेकर उन्होंने कहा कि राजनीति में जब विचारधारा से ऊपर महत्वाकांक्षाएं हावी हो जाती है, तो संगठन का कार्य सुचारू रूप से नहीं चल पाता। कई बैठकों तथा विचार विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है। डॉ. भगत ने कहा कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तथा भविष्य की रणनीतियों को लेकर 30 मई को उत्सव पैलेस में चतरा में जिला स्तरीय बैठक का भी आयोजन किया गया था। इस दौरान संगठनात्मक समीक्षा की गई तथा बेहतर विकल्प के साथ बेहतरीन कल की ओर कैसे बढ़ा जाए, इसे लेकर चिंतन मंथन किया गया।

# बिहार के मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी पहुंचे रांची

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी शुक्रवार को सेवा विमान से पटना से रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जदयू नेता श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, संजय सिंह, उपेंद्र सिंह, अखिलेश राय, मुनेश्वर कुमार एवं रामजी प्रसाद सहित अन्य ने उनका स्वागत किया। चौधरी तीन दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे हैं। इस दौरान वह विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। रांची एयरपोर्ट पर डॉ चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विपक्षी एकता मजबूत



हो इसके लिए सार्थक प्रयास नीतीश कुमार के जरिये की जा रही है। इस क्रम में पहले चरण की बैठक 12 जून को पटना में हो रही है, आगे और भी बैठकें होंगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में पार्टी की सम्भावनाएं काफ़ी प्रबल हैं। हम संगठन विस्तार के लिए संकल्पित हैं। भाजपा नेताओं की ओर से विभिन्न आरोप लगाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सबके आरोपों पर प्रतिक्रिया देना आवश्यक नहीं।

## महिला ने पति सहित चार पर मारपीट और प्रताड़ना की दर्ज कराई शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सदर थाना में एक महिला ने अपने पति सत्य प्रकाश दुबे सहित चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला ने दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि उसका विवाह सत्य प्रकाश दुबे से हुआ था। उनका 15 वर्ष का एक पुत्र भी है। महिला ने बताया कि वर्तमान मैं अपने पति, देवर, चचेरे भगना की क्रूरता एवं अत्याचार से काफी तंग आ चुकी हूं। महिला ने बताया कि उसके विरुद्ध देवर विकास दुबे , ननद शिवांगी ,देवरानी करुणा तथा पति का अत्याचार शादी के कुछ माह बाद ही शुरू हो गया था ।लेकिन अपने बच्चे की भविष्य की चिंता करते हुए काफी हद तक बर्दाश्त



करती आ रही हूं। कुछ दिनों पूर्व मेरे पति को शराब पिलाकर मेरे देवर विकास दुबे, स्टाफ रोशन और मिक्कू मेरे साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। इस दौरान मेरे पुत्र की वजह से इज़्ज़त बची। परिवार के सभी सदस्य मेरे पुत्र और मेरे साथ मारपीट करते हैं। सदर थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने शुक्रवार को बताया कि महिला की ओर से आवेदन दिया गया है। प्राथमिकी दर्ज की गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# एनएसएस ने प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान चलाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) की ओर से शुक्रवार को मिशन लाइफ के तहत मोरहाबादी क्षेत्र में सिंगल प्रयोग प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान चलाया गया। मौके पर आरयू के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि पर्यावरण को प्लास्टिक के जरिये भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसके विरुद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम चलाना सभी का नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने



एन एस एस के स्वयंसेवकों को पर्यावरण संकट को गंभीरता से लेकर आम जनता के बीच एवं शिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण के इस भीषण संकट से बचनेके लिए सभी को सामूहिक एवं सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता है। प्लास्टिक मुक्त अभियान में मोरहाबादी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर बिखरे हुए प्लास्टिक से निर्मित सामग्रियों के रैपर एवं प्लास्टिक आदि का संग्रह किया गया एवं आने जाने वाले राहगीरों को प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक भी किया गया । एनएसएस के स्वयंसेवकों ने मोरहाबादी क्षेत्र से लगभग 50 से ज्यादा थैलों में एकल प्रयोग प्लास्टिक के कचरे का संग्रहण कर नगर निगम के बड़े डस्टबिन में डाला। कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी अनुभव चक्रवर्ती, दिवाकर आनंद, सौरभ दीप सहित अन्य मौजूद थे।

## झारखंड राज्य तेजस्विनी कर्मचारी संघ 13 जून को करेंगे प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य तेजस्विनी कर्मचारी संघ ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में 13 जून 2023 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड सरकार का आवास का घेराव करेगा।

आंदोलन का नेतृत्व सुनील कुमार साह, महामंत्री झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ करेंगे। इस कर्मचारी संघ में 10 हजार से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत है,जिसमे 8000,राज्य के मूलवासी महिलाएं शामिल है। विभाग के परियोजना निदेशक ,महिला बाल विकास एवम सामाजिक सुरक्षा विभाग,झारखंड सरकार द्वारा इस परियोजना को बंद करने का पत्र निर्गत की गई है। यह परियोजना राज्य के 17 जिलों में प्रभावी है। विभागीय मंत्री जोबा मांझी , झारखंड सरकार द्वारा कई बार शिष्टमंडल वार्ता में इस परियोजना को बंद नही करने की बात कही, मंत्री द्वारा इसे 24 जिलों में लागू करने की बात कही है।

तेजस्विनी परियोजना में कार्यरत कर्मचारी अपने भविष्य के लिए चिंतित है। 13 जून 2023 को जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। दस हजार कर्मचारियों के द्वारा 13 जून को जयपाल सिंह स्टेडियम रांची से जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के आवास तक जाएगी।

झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह,संघ के अध्यक्ष आशीष विजय,महामंत्री सौरभ कुमार दुबे, रस्मी टोपनो,प्रतिभा तिर्की,निधि सभरन, प्रीती रानी ,अजय कुमार वर्मा, तजाउद्दीन अंसारी,उज्जवल कुमार, श्वेता राय,श्वेता जायसवाल,गलोरिया पूर्ती,संजीव कुमार,गोपाल कुमार पाल, राजू पाल,पार्थ प्रीतम मैत्री,रेखा देवी सहित झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के कई वरीय पदाधिकारी क्रमश मुक्तेश्वर लाल, गणेश प्रसाद सिंह,सनातन कुमार, रंजीत सिन्हा ,मो0 आलमगीर, जावेद जी सौरभ दुबे ,कुशल प्रसाद सिन्हा,अनिल कुमार ,बिनोद कुमार , अशोक कुमार भी आंदोलन के सफलता के लिए प्रयासरत है।

## पूर्व बीडीओ मनोज कुमार की दो वेतन वृद्धि पर लगी रोक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** सिमडेगा जिले के कुरडेग के तत्कालीन बीडीओ मनोज कुमार की दो वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में उपायुक्त सिमडेगा ने दो फरवरी, 2017 को ही प्रपत्र क गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। बीडीओ मनोज कुमार पर सरकारी आवास के चहारदीवारी के अंदर लगे शीशम के पेड़ को बिना औपचारिकता पूर्ण किए कटवा कर निजी उपयोग करने तथा सरकारी आवास में रहते हुए अवैध रूप से मकान किराया भत्ता राशि की निकासी करने का आरोप है। जांच के दौरान यह बात भी सामने आयी कि शीशम पेड़ कटवाकर अपने निजी उपयोग के लिए फर्नीचर बनवाकर अपने स्थायी आवास पलामू में भेज दिया गया।इसकी शिकायत पलामू के तत्कालीन एसडीओ ने भी की थी, जिसके बाद कार्यपालक दंडाधिकारी से इस मामले की जांच कराई गई। जांच में तत्कालीन बीडीओ से भी पूछताछ की गयी।

यह बात सामने आयी कि बीडीओ के सरकारी आवास में शीशम का पेड़ मौजूद था, जिसका निचला हिस्सा जमीन पर अभी भी है। बाकी पूरा पेड़ काट दिया गया है। बीडीओ सह अंचल के कर्मचारियों से भी जांच अधिकारी ने विस्तृत पूछताछ की।

### विद्यार्थी अपनी क्षमता एवं अनुशासन से इंडस्ट्रीज सेक्टर के प्रबंधन में बेहतर करेंगे : कुलपति

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि प्लेसमेंट मेला सह बीएयू इंडस्ट्री मीट का आयोजन किया गया। वर्तमान में सीमित संसाधनों के बावजूद विगत ढाई वर्षो में उच्च शिक्षा एवं कैरियर के क्षेत्र विवि के विद्यार्थियों का प्रदर्शन गर्व का विषय रहा है। करीब चार सौ विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के ऑनलाइन कोचिंग से जोड़ा गया है। विवि में विद्यार्थियों को क्षमता एवं दक्षता विकास पर विशेष ध्यान दी जाती है।

# लोअर बाजार थाना क्षेत्र से साढ़े तीन लाख रुपए लूट कर भागे अपराधी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को लोअर बाजार थाना क्षेत्र के हीरा पन्ना ज्वेलर्स दुकान के पास दिनदहाड़े एक युवक से दो बाइक सवारों ने सर साढ़े तीन लाख रुपए की लूट कर फरार हो गये । इस संबंध में पीड़ित ने लोअर बाजार थाना में मामला दर्ज कराया है । बताया गया कि हिंदपीढ़ी के रहने वाले कबाड़ी निजाम का बेटा महबूब आलम है उसने बताया कि सुजाता चौक के थोड़ा आगे एचडीएफसी बैंक से साढ़े तीन लाख रुपए निकाल कर अपने भाई के साथ वापिस बड़ौदा बैंक की ओर आ रहा था। इसी दौरान वे इकरा मस्जिद के आगे हनुमान मंदिर के पास से यू टर्न गुरुद्वारा मार्ग होते हुए बड़ौदा बैंक की ओर जाने वाला था कि तभी हीरा पन्ना ज्वेलर्स के पास तेज रफ्तार में ब्लैक पल्सर में दो युवक आया और महबूब आलम के मोटरसाइकिल के आगे रखे नोटों से भरा बैग को झपट्टा मारा और बैग लेकर फरार हो गया । इस क्रम में महबूब आलम मोटरसाइकिल सहित अनियंत्रित होकर जमीन पर गिर पड़े। जिसमें उसे हल्की चोट भी आई । बाइक सवार बड़े रफ्तार के साथ रतन टॉकीज की ओर भाग गया। इसी बीच रतन टॉकीज के पास किसी अन्य वाहन से टकरा गया । वहां पर तैनात ट्रैफिक पुलिस को लगा कि दुर्घटना हुई है , पुलिस मोटरसाइकिल के पास गया , तब तक दोनों आरोपी मोटरसाइकिल को वहीं छोड़कर एक हिंदपीढ़ी रोड और दूसरा कर्बला चौक की ओर भाग गया । ट्रैफिक पुलिस तब तक कुछ समझती तब तक लूट की घटना को अंजाम दिया जा चुका था। पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है , पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी निकाल लिया है। पुलिस ने मोटरसाइकिल जब्त कर लिया है । पुलिस बाइक के नंबर से बाइक के मालिक की तलाश कर रही है। वहीं पूरे एरिया में छापेमारी तेज कर दी गई है। बता दें कि शहर में पंजाब और दिल्ली के दो मुख्यमंत्री आए हुए थे और पूरी पुलिस महकमा सुरक्षा के दृष्टिकोण से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लगे हुए थे। इसी दौरान इस तरह की दिनदहाड़े शहर के बीचो बीच लूट की घटना को अंजाम देना कहीं न कहीं अपराधियों का मनोबल को बढ़ाता हुआ दिख रहा है, हालांकि एसएसपी किशोर कौशल ने कहा है पुलिस को बहुत कुछ मिला है आरोपी जल्द पकड़े जायेंगे।

# सावन में प्रतिदिन हो रांची से देवघर की उड़ान : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची के एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद संजय सेठ ने की। इस बैठक में यात्री सुविधाओं के विस्तार सहित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। एयरपोर्ट प्रबंधन की तरफ से निदेशक ने के एल अग्रवाल ने अब तक एयरपोर्ट की उपलब्धियों से बैठक में मौजूद सदस्यों को अवगत कराया। भविष्य की योजनाओं के विषय में भी जानकारी दी। आज की बैठक में प्रमुख रूप से बरसात के मौसम की तैयारियों, सावन महोत्सव की तैयारियों, यात्री सुविधाओं के विस्तार सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। यह जानकारी दी गई कि अकाशा एयरलाइंस के द्वारा अगले महीने से बेंगलुरु और हैदराबाद के लिए सीधी विमान सेवा शुरू की जाएगी। वही इंडिगो के द्वारा जयपुर और मुंबई के लिए नई विमान सेवा शुरू होगी। एयर एशिया के द्वारा 10 जून से सीधे मुंबई के लिए विमान सेवा शुरू की जाएगी। इसके अलावा इंडिगो के द्वारा नई दिल्ली के लिए 240 यात्रियों की क्षमता वाला विमान सेवा शुरू की जाएगी ताकि



अधिक से अधिक यात्री उसमें बैठ सकें। जेट एयरवेज ने भी रांची से अपनी सेवा शुरू करने को लेकर संभावनाओं पर विचार किया है। बहुत जल्द इसके परिणाम भी देखने को मिलेंगे। बैठक में बरसात और गर्मी में यात्रियों को परेशानी नहीं हो, इसे लेकर कैनोपी निर्माण पर भी चर्चा हुई। यह जानकारी दी गई कि यहां अब एक्स-रे कराने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यात्रियों के लिए नई मशीन लगा दी गई है और बहुत जल्दी से चालू किया जाएगा। वही अब रांची एयरपोर्ट पर भी यात्री अपने सामानों को प्लास्टिक कवर से पैक करवा सकते हैं परंतु इसके लिए उन्हें भुगतान करना होगा। एयरपोर्ट प्रबंधन के द्वारा रांची से हिनू चौक तक का सौंदीयकरण कार्य किए जाने की बात इस बैठक में कही गई। कोल्ड स्टोरेज का निर्माण बहुत जल्द शुरू होगा। सांसद ने बैठक में कहा कि यह खुशी की बात है कि इस एयरपोर्ट ने यात्री सेवा में देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सांसद ने एयरलाइंस कंपनियों को कहा कि रांची से देवघर की नियमित विमान सेवा सावन में शुरू की जाए। प्रतिदिन यहां से देवघर के लिए विमान उपलब्ध हो ताकि देश विदेश से आने वाले शिव भक्त श्रावण में बाबा बैद्यनाथ का दर्शन और भी सुगमता पूर्वक कर सकें।

## हथियार के साथ नक्सलियों का पूर्व सहयोगी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** तमाड़ पुलिस ने पूर्व में भाकपा माओवादियों के सहयोगी रहे सैंनाथ सिंह मुंडा को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जोपनो जंगल क्षेत्र में कुछ लोग हथियार लेकर भ्रमणशील है, जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के बाद एसडीपीओ अजय कुमार के नेतृत्व में एसएसबी के 26 वीं वाहिनी और तमाड़ पुलिस के साथ जोपनो जंगल में छापेमारी



की गयी। छापेमारी के क्रम में एक व्यक्ति को खदेड़ कर पकड़ लिया गया। अन्य जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पकडाये व्यक्ति हुए व्यक्ति के पास से एक पिस्टल बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि सैंनाथ सिंह मुंडा पूर्व में भी 17 सीएलए एक्ट में जेल जा चुका है। वह पूर्व में नपक्सलियों को पनाह देने और रास्ता दिखाने का काम करता था। इस मामले में पूर्व में भी जेल जा चुका है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# डॉ. प्रदीप वर्मा ने विकास तीर्थ यात्रा का निरीक्षण किया



**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत हाकेदाग पंचायत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेयजल की आपूर्ति हेतु जल मीनार बनवाया गया है। जिसमें तीन पंचायत के लगभग 25 गांवों में जल नल योजना के तहत विकास तीर्थ योजना के तहत भाजपा सरकार द्वारा जनहित में किए गए प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर झारखंड प्रदेश के महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने विकास तीर्थ यात्रा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि हर घर तक पानी पहुंचे ताकि लोगों को पानी के लिए परेशानी ना हो। इस मौके पर सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद साहू, जिला युवा महामंत्री उमेश महतो मंडल ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष पंकज कुमार मंत्री राजेश राय, भरत महतो, पुष्पेंद्र सिंह समेत भाजपा के दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राजकीय रेल थाना के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया



**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजकीय रेल थाना मुरी के द्वारा रेलवे प्लेटफार्म में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जीआरपी के थाना प्रभारी जमादार मुंडा ने यात्रियों को सचेत करते हुए कहा कि यात्रा सुरक्षित तरीके से करें। किसी अनजान व्यक्ति का दिया हुआ खाद्य पदार्थ को ना खाएं। यात्रा के दौरान किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन ना करें और दूसरे को भी ना करने दें। इसी क्रम में छोटा मुरी रेलवे बाजार में भी जागरूकता अभियान के तहत सभी दुकानदारों से अपील किया कि नशीला पदार्थ ना बेचे। 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को बीड़ी तंबाकू तथा गुटका न बेचे। उन्होंने यह भी बताया कि नशीले पदार्थ का सेवन करने से शरीर को काफी नुकसान पहुंचता है। इस मौके पर जीआरपी के सहायक अवर निरीक्षक यमुना राम, अनिल मरांडी, अशोक रविदास आरपीएफ के अवर निरीक्षक पवन कुमार सहायक अवर निरीक्षक अजीत कुमार, मुरी ओ पी के सहायक अवर निरीक्षक आशीष रंजन तथा इंद्रसेन सिंह, अनिल कुमार, मानिक दत्ता समेत दर्जनों यात्री मौजूद रहे।

# सीसीएल महाप्रबंधक को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने पुष्पगुच्छ देकर औपचारिक मुलाकात किया



**चरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन हजारीबाग क्षेत्र के द्वारा सीसीएल चरही के नए महाप्रबंधक के के सिन्हा को पुष्पगुच्छ देकर औपचारिक मुलाकात किए वहीं महाप्रबंधक ने यूनियन के मजदूरों को बताया कि प्रबंधक के तरफ से जो भी सेवा मिल रहा था वो सेवा मिलते ही रहेगा। हम आप लोग के हित में लगातार काम करते रहेंगे मजदूरों का जो भी समस्या होगा उसको त्वरित निष्पादन किया जाएगा। वही मुख्य रूप से उपस्थित कुर्बान अंसारी अकाल उरांव राजकुमार वर्मा अनवर अहमद धीरज मांझी सोमरा मुंडा मनीषा देवी शोभा देवी अश्वनी देवी विवेक कुमार इत्यादि मजदूर उपस्थित थे।

# एक्सीडेंट की घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने खुंटी तमाड़ रोड़ जाम किया

**अड़की(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को खुंटी तमाड़ रोड पर आज ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया जिससे सड़क के दोनों ओर देखते ही देखते सैंकड़ों वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। ज्ञात हो कि गुरुवार को रेंगों गांव के पास (तजना नदी ढ़ीपा) घटित भंयकर सड़क हादसा मे सेरेंगहातु निवासी पिता पुत्र की मौत हो जाने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह 7 बजे सेरेंगहातू चौक को जाम कर दिया। जानकारी के मुताबिक सेरेंगहातू निवासी पिता पुत्र अभिराम मलार और भरत मलार की मौत हो गया। ग्रामीणों ने बताया सैको थाना क्षेत्र के नदी ढीपा मे खुद के फोर्स गाड़ी में सवारी बैठा रहे थे उसी वक्त पीछे से चेचिस ट्रक ने सवारी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार कर फरार हो गया था मौके पर ही पिता पुत्र का मौत हो गई थी। आश्रित परिवार को मुआवजे और सरकारी नौकरी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने तमाड़ खूंटी सड़क सेरेंगहातू चौक में जाम कर दिया था। प्रशासन से मृतक के परिजनों को सरकारी नौकरी पांच- पांच लाख रुपये मुआवजा देने का मांग कर रहे थे। इस दौरान सड़क की दोनो ओर वाहनों की लम्बी लम्बी कतार लग गई आवागमन बाधित होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा आक्रोशित ग्रामीण तत्काल चेचिस ट्रक को पकड़ कर कार्रवाई करने की भी मांग कर रहे थे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए नगर पंचायत क्षेत्र में चला छापामारी अभियान

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक के रोकथाम हेतु कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, खूंटी के निर्देश के आलोक में नगर पंचायत की टीम द्वारा बेलाहाथी रोड में थोक विक्रेता की दुकान में छापामारी की गई। इस दौरान लगभग 600 से 700 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक बरामद की गई।कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, खूंटी ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करना, खरीद एवं बिक्री करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें। उक्त छापामारी अभियान में नगर प्रबंधक आफताब आलम, सुजल कुमार, राजेश कुमार, अजीत कुमार, जगदीश प्रधान, जुबेदा खातून, अंजू देवी आदि शामिल थे।

# शोक संतप्त परिवार से मिलकर विधायक ने दी शोक सांत्वना

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के जयनगर प्रखंड के ग्राम पंचायत हीरोडीह निवासी दिनेश कुमार यादव उम्र लगभग 26 वर्ष पिता सुभाष यादव का कोडरमा रेलवे स्टेशन में ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गया। जिसके पश्चात कोडरमा सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव सदर अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मिले और सांत्वना दी। विधायक के निर्देश पर पोस्टमॉर्टम कराकर अपनी व्यवस्था से एंबुलेंस कराकर पार्थिव शरीर को परिजनों को सौंपा। दरअसल महिला ममता देवी और दिनेश कुमार यादव नामक युवक धनबाद-गया इंटरसिटी एक्सप्रेस पर सवार थे। जैसे ही ट्रेन कोडरमा रेलवे स्टेशन से खुली तो महिला का कुछ सामान नीचे गिर गया। महिला ने चलती ट्रेन से ही वो सामान उठाने का प्रयास करने लगे और ट्रेन से नीचे गिर गई। उस महिला को बचाने के क्रम में दिनेश भी नीचे गिर गया। चतरा की रहने वाली महिला ममता देवी की मौत घटना स्थल पर ही हो गई जबकि घायल अवस्था में हीरोडीह के रहने वाले दिनेश कुमार यादव को रेल पुलिस की मदद से सदर अस्पताल ले जाया गया।

# अवैध उत्खनन को लेकर की गई छापामारी जेसीबी से भरा गया मइंस

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा वन विभाग की टीम ने सालाईडीह जेपीएस के पीछे जंगल में ढिबरा का अवैध उत्खनन माफिया के द्वारा किया जा रहा था। जिसके बाद वन विभाग रेंजर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा वन रक्षी हिरमान उरवा के नेतृत्व में सालाईडीह के पास शुक्रवार की सुबह 7 बजे छापामारी किया गया। वन विभाग का गाड़ी देखते हुए सभी लोग भागने में सफल रहे जिसके बाद जेसीबी ले जाकर अवैध उत्खनन को गड्ढे को जेसीबी से भर दिया गया इस दौरान वन रक्षी हिरमान उराव से पूछे जाने पर उन्होंने बताया है कि रेंजर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सालाईडीह जीपीएस के पीछे अवैध उत्खनन हो रहा था जिसके बाद वान विभाग टीम पहुंचकर छापामारी की गई, गाड़ी को देखते हुए मजदूर लोग सब भागने में सफल रहा है जिसके बाद शुक्रवार को जेसीबी के द्वारा अवैध उत्खनन में गड्ढे को भरा और छापामारी के दौरान कुछ ढिबरा और कार्य करने का कई सामान भी बरामद की गई है मौके पर देव नारायण यादव, मोहम्मद जावेद मौजूद थे। इस दौरान वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।ज्ञात होगा कि इसके पहले भी इस जगह को भरा गया था वावजूद खनन जारी था।

# कोयला तस्करी की रोकथाम के लिए सीआईएसएफ ने चलाया छापेमारी अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कोयला खदानो की सुरक्षा मे तैनात केन्द्रीय औधोगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ ने शुक्रवार की सुबह विशेष छापेमारी अभियान चलाया।कोयला तस्करी के रोकथाम को लेकर सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस के निर्देश पर सहायक कमांडेंट संजय कुमार मीणा के नेतृत्व में आरसीएम साईडिंग सहित आस पास के एरिया मे छापेमारी अभियान चलाया गया,इस दौरान सीआईएसएफ के जवानों ने करीब डेढ़ टन अवैध कोयला को जब्त किया।इस संबंध में सीआईएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि आरसीएम साइडिंग के आसपास के इलाकों में तस्कर कोयला को जमाकर बोरा में बंद कर उसे तस्करी करने की योजना बनाया था, इसकी सूचना मिलने के बाद विशेष अभियान चलाकर अवैध कोयला को बरामद किया गया है।जब्त कोयला को स्थानीय सीसीएल प्रबंधन



को सौंप दिया गया है।इधर सीआईएसएफ कमांडेंट संदीप कुमार एस ने बताया कि कोयला तस्करी के रोकथाम को लेकर विभाग के द्वारा इस तरह की छापेमारी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगी।इधर इस अभियान के बाद कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।इस अभियान मे निरीक्षक रवि रंजन,अतहर इमाम,आसूचना के उप निरीक्षक डीके चौधरी,बल सदस्य आरके पटेल, एसआरके सिंह सहित काफी संख्या में महिला और पुरुष बल के जवान शामिल थे।

## अशोक परियोजना में हुई परियोजना सलाहकार समिति की बैठक

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को परियोजना सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार एवं संचालन परियोजना प्रबंधक कार्मिक शिशिर गर्ग ने किया।बैठक में विगत वर्ष कोल इंडिया द्वारा निर्धारित किए गए कोयला उत्पादन के लक्ष्य से अधिक कोयला उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित करने को लेकर सभी यूनियन प्रतिनिधियों एवं कोयला कामगारों को परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों द्वारा बधाई दी गई,इसके बाद अशोक परियोजना में नवनियुक्त खान प्रबंधक एसके सिंह के पदभार ग्रहण करने पर यूनियन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया।बैठक में कोयला कामगारों के ज्वलंत मुद्दों में कोयला कामगारों के आवास आवंटन को परियोजना स्तर पर करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से अरविंद शर्मा,धनेश्वर गंझू, आरके सिंह,रामेश्वर सिंह, हरिवंश महतो,बालेश्वर यादव, प्रयाग मिस्त्री,मो. जैनुल, विजेंद्र सिंह,अरुण कुमार सिंह,भीम प्रसाद मेहता,केके चतुर्वेदी,लखन साव,मथुरा प्रसाद मंडल,उमेंद्र कुमार,प्रदीप कुमार त्रिपाठी,शंभू कुमार राम,गुरदयाल सिंह, राम मुर्मू,समसुल हुदा सहित कई लोग मौजूद थे।

## केमिकल फैक्ट्री में ब्लास्ट एक मजदूर की मौत, तीन घायल

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत गझंडी रोड स्थित कोडरमा केमिकल फैक्ट्री में गुरुवार की देर शाम हुए ब्लास्ट में 3 मजदूर घायल हो गए, जबकि एक की मौत हो गयी. घटना के बाद आनन फानन में फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा घायलों को उपचार के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया. घायलों में रौशन कुमार (पिता परमेश्वर शर्मा, ग्राम बेहराडीह, शर्माटाण्ड, जयनगर), सौरव नंदी (पिता तिमिर रंजन नंदी, पुरुलिया, पश्चिम बंगाल) एवं केदार विश्वकर्मा (पिता लोकनाथ विश्वकर्मा, गौशाला रोड, झुमरीतिलैया शामिल हैं। बताया जाता है कि केमिकल फैक्ट्री में पाइप फटने के बाद उक्त मजदूर घायल हो गए. घायलों के शरीर में कई स्थानों पर पाइप का मेटल अंदर घुसा हुआ था जिसे चिकित्सकों के द्वारा निकाल दिया गया. वहीं मजदूरों की गंभीरावस्था को देखते हुए सभी घायलों को रांची रेफर कर दिया गया है. बताया जाता है कि घटना में एक की मौत भी हो गई है।

# विस्थापितों की समस्याओं को लेकर डकरा में हुई त्रिपक्षीय बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**खलारी :** डकरा वीआईपी सभागार में विस्थापितों की समस्याओं को लेकर त्रिपक्षीय बैठक हुई। जिसमें सीसीएल प्रबंधन, प्रशासन एवं रैयत विस्थापित मोर्चा के लोग शामिल हुए। बैठक में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड सरकार के राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त फागु बेसरा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान एनके एरिया विस्थापित मोर्चा के द्वारा सीसीएल प्रबंधन को पूर्व में दिए गए 31 सूत्री मांगों पर चर्चा किया गया। जिसमें जमीन के बदले नौकरी,मुआवजा और पुर्नवास, बेरोजगार ग्रामीण युवकों को निजी कंपनी में रोजगार उपलब्ध कराने,रोड सेल के माध्यम से रोजगार से जोड़ने, रैयतों की भूमि को अतिक्रमणकारियो से मुक्त कराने,बिजली, पानी,सड़क, स्वास्थ्य आदि सुविधाएं देने की मांग विस्थापितों द्वारा रखा गया था। इन सभी मुद्दों पर क्रमवार चर्चा किया गया। जिसमें प्रबंधन की ओर से एरिया जीएम संजय कुमार के द्वारा कहा गया कि जो भी एरिया स्तर की मांगे है वो जल्द ही पूरी कर दी जाएगी।वहीं कुछ बड़े मुद्दों के निपटारे के लिए मुख्यालय स्तर से प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही वे सभी मुद्दे भी हल हो जाएंगे। जीएम ने विस्थापन को लेकर कहा कि जिनकी जमीन उत्खनन में गयी है उन्हें सारी सुविधा देकर पुर्नवास कराया जाएगा। उधर विस्थापितों ने मांग रखी कि विस्थापितों की कमिटी को भी प्रबंधन के साथ होने वाली बैठकों में प्रतिनिधित्व दिया जाए जिसपर महाप्रबंधक ने अपने सहमति दी। विस्थापित नेता फागु बेसरा ने प्रबंधन से विस्थापितों के वाजिव मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही। साथ ही उन्होंने खलारी सीओ शिशुपाल आर्य से विस्थापितों की भूमि सम्बंधित समस्याओं को जल्द हल करने का निर्देश


## जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/10/2023-24

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तोरपा | तोरपा प्रखण्ड के डोड़मा में मार्केट कॉम्पलेक्स का निर्माण | **19,99,300.00** | 40,000.00 | 5,000.00 | 4 माह |

नोट :–
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 05.06.2023 के अपराह्ण 05:00 बजे।
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि 13.06.2023 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 14.06.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक। जो समय पर अभिलेख जमा नही करेंगे उनकी निविदा को खोला नही जायेगा।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 15.06.2023 अपराह्ण 04:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी के पक्ष, जो आई०डी०बी०आई०,बैंक, खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।
8. जिला परिषद, खूँटी/RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता
जिला परिषद, खूँटी

PR 298917 District (23-24)_D

## JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LTD

(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001
E-Mail - pdt.juidco@gmail.com, juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

**Name of Work:** Request for Proposal for Selection of Consultant for Preparation of Detailed Project Report (DPR) and Project Management Consultancy (PMC) Services for Beautification of Topchanchi Lake and nearby areas
**Ref PR No.:** 296597
**Tender ID:** 2023_UDD_70564_1
**NIT No.:** JUIDCO/NIT/RFP/TL/23-24/540

All the bidders are hereby intimated that the tender for "Request for Proposal for Selection of Consultant for Preparation of Detailed Project Report (DPR) and Project Management Consultancy (PMC) Services for Beautification of Topchanchi Lake and nearby areas" bearing Tender ID: 2023_UDD_70564_1 is hereby cancelled as the minimum no. of bids were not received at our office.
All the bidders are hereby requested to kindly wait for future correspondence.

Sd/-
(Gopal Jee)
Project Director (Technical)

PR 298976 Urban Development(23-24).D



## समाहरणालय, लातेहार
(जिला स्थापना शाखा)

-::- प्रेस विज्ञप्ति -::-

सरकार के सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 1730 (3)/रा0, दिनांक–19.05.2023 के द्वारा झारखण्ड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं 02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) द्वारा इण्टरमीडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगित परीक्षा–2017 (नियमित एवं बैकलॉग) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिक (जिला समाहरणालय) के पद पर नियुक्ति हेतु कुल–30(तीस) अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध कराते हुए सभी प्रमाण–पत्रों की जांच कर संतुष्ट होने के उपरांत नियुक्ति की कार्रवाई करने का निदेश प्राप्त है।

उक्त के आलोक में कुल–30(तीस) अनुशंसित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की जांच दिनांक–07.06.2023 से दिनांक–08.06.2023 के पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक समाहरणालय, लातेहार के स्थापना शाखा में निर्धारित की गई है।

अतः सभी अनुशंसित अभ्यर्थियों को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे आवेदन के साथ संलग्न किये गये अपने सभी प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति (दो स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति सहित नवीनतम पासपोर्ट आकार का दो फोटो, आधार कार्ड, मतदाता फोटो पहचान पत्र) के साथ निर्धारित तिथि को ससमय उपस्थित होकर अपने–अपने प्रमाण–पत्रों की जांच कराना सुनिश्चित करेंगे।

PR 298972 District (23-24)_D — उपायुक्त, लातेहार

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला

**सर्वसाधारण के लिए जन्म एवं मृत्यु निबंधन के संदर्भ में आवश्यक सूचना**

जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 एवं झारखण्ड जन्म एवं मृत्यु निबंधन नियमावली, 2009 के तहत जन्म एवं मृत्यु का निबंधन कराना अनिवार्य है।

जन्म एवं मृत्यु का निबंधन कैसे कराएँ ?
1. जन्म तथा मृत्यु की घटना घटित होने के 21 दिन में निःशुल्क निबंधन करवाएँ।
2. निबंधन का कार्य शहरी क्षेत्र में नगर परिशद् एवं सदर अस्पताल, गुमला तथा ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा होता है।
3. जन्म तथा मृत्यु पंजीकरण करवा कर प्रमाण पत्र लेना न भुलें।
4. इससे बच्चे को मिलती है कानूनी पहचान और सरकारी सुविधाएँ।
5. आप इसके लिए ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं। इसके लिए केवल भारत सरकार द्वारा अधिकृत **Uniform CRS Web Portal – www.crsorgi.gov.in** पर ही आवेदन करें।
6. ग्रामीण क्षेत्रों में आँगनबाड़ी सेविका/ANM/ सहिया से सम्पर्क करें तथा अपने पंचायत क्षेत्र के पंचायत सचिव / प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
7. जन्म तथा मृत्यु का प्रमाण पत्र प्राप्त करने में यदि किसी प्रकार की कोई कठिनाई हो तो आवेदक संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह– अपर जिला निबंधक (ग्रामीण क्षेत्र)/जिला स्तर पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी –सह– अपर जिला निबंधक (शहरी क्षेत्र)/ उपायुक्त –सह– जिला निबंधक (जन्म एवं मृत्यु), से सम्पर्क किया जा सकता है।
8. सुरक्षित रूप से संस्थागत प्रसव करावें तथा सरकारी लाभ प्राप्त करें।
9. श्रम विभाग के अंतर्गत निःशुल्क निबंधन करायें तथा मृत्यु दुर्घटना सहायता योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना एवं मातृत्व प्रसुविधा योजना के तहत सहायता राशि प्राप्त करें। अधिक जानकारी हेतु श्रम अधीक्षक, गुमला से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला सांख्यिकी पदाधिकारी,
गुमला

PR.NO.298971 District(23-24):D

## झारखंड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,गुमला

**ई– अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–पुनर्निविदा संख्या:- 01/R2/2022-23/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक : 31-05-2023**

**1. कार्य का नाम**

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | निविदा आमंत्रण सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/W/EE/GUMLA/02/2022-23 | Construction of Road from PMGSY Road to Sarnatoli Bimarla via Bimarla High School Part-B | 9883900.00 | अन्ठानब्बे लाख तिरासी हजार नौ सौ रू0 मात्र | 3 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 02.06.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 09.06.2023 अपराह्न 5.00 बजे।
4. जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि 10.06.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.06.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य, विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पिन– 835207
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9472706638.
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राश्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **गुमला** के पक्ष में एवं गुमला में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration की Photocopy Upload करना अनिवार्य है।
10. Form of Bid एवं Bill of Quantity में दर भिन्न रहने पर निविदा अमान्य समझा जाएगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 298930 Rural Work Department(23-24).D



## JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878 e-mail Id-juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

Project Name:- **Augmentation and Strengthening of Water Supply Scheme for Ramgarh Nagar Parishad including Cantonment Board Ramgarh.**
NIT No.: **JUIDCO/NIT/Ramgarh UWSS/536**
PR. No.: **295475** Tender ID: **2023_UDD_69901_1**
This is for information of all the bidders that following Corrigendum is being made in tender documents for **"Augmentation and Strengthening of Water Supply Scheme for Ramgarh Nagar Parishad including Cantonment Board Ramgarh".**
The bidders are advised to take into account the following Corrigendum before submission of their bids against this tender.

**Corrigendum – 3**

| S. No. | Bid Document Clause No. | Description As per Corrigendum 1/2 | Description As per Corrigendum – 3 |
|---|---|---|---|
| 1. | NIT | Last Date/Time for submission of online bids - **01.06.2023 upto 17:00 Hrs.** | Last Date/Time for submission of online bids - **08.06.2023 upto17:00 Hrs.** |
| 2. | | Last Date/Time for submission of Tender fee and EMD (Hard Copy) - **02.06.2023 upto 17:00 Hrs.** | Last Date/Time for submission of Tender fee and EMD (Hard Copy) - **09.06.2023 upto 17:00 Hrs.** |
| 3. | | Date & Time of Online Bid Opening - **02.06.2023 upto 17:30 Hrs.** | Date & Time of Online Bid Opening - **09.06.2023 upto 17:30 Hrs.** |

Sd/-
Project Director (Technical) JUIDCO Ltd.

PR.NO.298940 Urban Development and Housing(23-24):D

## जिला अभियंता का कार्यालय
जिला परिषद, रामगढ़
ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदासं० :–*RE-02/ZP/RAMGARH/02/2023-24 (3rd Call)*

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत

| क्र. सं. | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य (रु०) | कार्य पुर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gola | Construction of Health Sub Centre at Saram , Gola. | 55,50,000.00 | 1,15,000.00 | 10,000.00 | 09 माह |
| 2 | Dulmi | Construction of Health Sub Centre at Soso, Dulmi. | 55,50,000.00 | 1,15,000.00 | 10,000.00 | 09 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि–दिनांक 06.06.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –दिनांक 12.06.2023 अपराहन 5:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं Bank Certificate for Credit Facility दिनांक 13.06.2023 अपराहन 5 : 00 बजे तक जिला परिशद, रामगढ़ के सभागार कक्ष में लिया जायेगा।
4. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय–जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, रामगढ़, दिनांक– 14.06.2023 को अपराहन 2:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता–जिला अभियंता, जिला परिशद, रामगढ़।
6. ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं०– 8986791292, 06553–231504
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंकड्राफ्ट District Engineer, District Board, Ramgarh के पदनाम से Payable at Ramgarh देय होगा।
8. व्यक्तिगत नाम से पंजीकृत संवेदक अग्रधन की राशि राष्ट्रीय बचत पत्र (NSC)05 वर्षीय/03 वर्षीय डाकघर सावधि जमा पत्र, 03 वर्शीय/05 वर्शीय बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) तथा कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राश्ट्रीयकृत बैंक का 05 वर्शीय/03 वर्शीय B.G जो की जिला अभियंता, जिला परिशद ,रामगढ़ के नाम से प्रतिज्ञिप्त होगा, मान्य होगा।
9. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तद्नुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

11. निविदा दो लिफाफा पद्धति में लागु होगा।
12. इस निविदा में जिला परिशद, रामगढ एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के अंतर्गत पंजीकृत समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ले सकेंगे।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, रामगढ़।

PR 298919 District(23-24)D

## खरसावां पथ निरीक्षण भवन के रक्तदान शिविर में 63 लोगों ने किया रक्तदान



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ अमित महतो के दूसरी पुण्य तिथि के अवसर पर कुड़मी उत्सव समिति की ओर से शुक्रवार को पथ निरीक्षण भवन खरसावां में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में लगभग 63 लोगों ने रक्तदान किया। इससे पूर्व रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य रूप से खूंटपानी बीडीओ जागो महतो समाज सेवा विनोद बिहारी कुजुर,कुड़माली भाषा के साहित्यकार धर्मेंद्र महतो एवं टोटेमिक कुड़मी समाज के सचिव करन महतो ने डॉ अमित महतो के तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जागो महतो ने कहा कि रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार,दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। मौके पर खूंटपानी प्रखंड प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा, समाजसेवी बिनोद बिहारी कुजूर, महेश महतो, दिलीप चांद महतो, बबलू महतो, आशीष महतो,शंकर महतो, दीपक महतो, तिलक महतो, पंकज महतो, रमेश महतो,तिलक महतो,रूद्र प्रताप महतो,सुमित महतो, राजू महतो आदि उपस्थित थे।

## डिजिटल मंच जमशेदपुर के व्यवसाय में नए अवसरों के साथ उनके विकास में दे रहा है योगदान

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर के छोटे और मध्यम उद्योग जस्टडायल प्लेटफॉर्म से लाभ उठा रहे हैं। शहर के कई कारोबारियों ने जस्टडायल के साथ जुड़ने के बाद अपनी सफलता की कहानियां पर रोशनी डाली है। इसी क्रम में डॉगी ओए के मालिक चरणदीप सिंह ने बताया कि मात्र एक दुकान से शुरूआत करने के बाद तेज़ी से विकास किया है। अपने इस विकास का श्रेय वे ऑनलाईन मौजूदगी जस्टडायल को देते हैं। श्री सिंह 2013 में मात्र रु 5000 का मामूली शुल्क देकर जस्टडायल के साथ जुड़ गए और तब से उनका व्यवसाय लगातार बढ़ा है। जस्टडायल से मिलने वाली लीड्स की वजह से उनके ग्राहकों की संख्या तेज़ी से बढ़ी। अच्छी ऑनलाईन मौजूदगी एवं बेहतरीन कस्टमर सर्विस के साथ यह प्लेटफॉर्म डॉगी ओए की सफलता की कहानी में भरोसेमंद पार्टनर बन गया है। इंडस्ट्रियल सिटी जमशेदपुर में डॉगी ऑए जैसे कई छोटे और मध्यम उद्योग है। शहर में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ-साथ जस्टडायल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाकर ये व्यवसाय तेज़ी से विकसित हो रहे हैं। यह ऑनलाईन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म कारोबारियों के लिए अनुकूल माध्यम बन गया है, उन्हें ग्राहकों के साथ जोड़कर सफलता हासिल करने में मदद करता है। जमशेदपुर के जाने-माने कॉस्मेटोलोजी प्रोफेशनल डॉ अंकित प्रसाद (बीआरएल क्लिनिक) का व्यवसाय पिछले छह सालों में तेज़ी से बढ़ा है।




## नव चयनित प्रखंड सह सचिव का विधायक प्रतिनिधि मिथुन चक्रवर्ती ने किया स्वागत



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सह जिला सह सचिव मिथुन चक्रवर्ती के नेतृत्व में शुक्रवार कार्यकर्ताओं ने साकची स्थित विधायक मंगल कालिंदी के कार्यालय परिसर में झामुमो जमशेदपुर प्रखंड कमेटी के नवचयनित प्रखंड सह सचिव कार्तिक गोप को माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि मिथुन चक्रवर्ती ने बताया कि कार्तिक झामुमो के समर्पित नेता है और इसके पहले जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत पूड़ीहांसा पंचायत का अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि कार्तिक को प्रखंड कमेटी में जगह मिलने से निश्चित रूप से संगठन और भी मजबूत होगा। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से नितिन हांसदा, जॉन दास, काली दास, अजित महतो, रजत सिन्हा आदि शामिल थे।

## न्याय की आस में महिला लगा रही है गम्हरिया थाना का चक्कर

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया थाना अंतर्गत बलरामपुर गांव निवासी महिला ललिता देवी विगत कई माह से न्याय के लिए थाना का चक्कर लगा रही है, किन्तु अबतक उसे न्याय नही मिल पाया है। इस बाबत भुक्तभोगी महिला ने बताया कि पड़ोसी पूजा कुमारी व उसके परिवार के साथ काफी दिनों से उसका विवाद चल रहा है। इस दौरान पड़ोसी द्वारा विगत दिनों उसके साथ मारपीट भी की गई थी जिससे उसके शरीर में कई जगहों पर चोटें भी लगी थी। इस मामले को लेकर गम्हरिया थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है जबकि उसके विपरीत थाना से ही मामले में समझौता कर लेने का दबाव बनाया जा रहा है। महिला ने बताया कि मामले में कार्रवाई नहीं होने से उनका परिवार असुरक्षित महसूस कर रहा है।

## जिले के 52 लैंपसों के कंप्यूटरीकरण के लिए कार्यशाला आयोजित



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीएनबी आर सेटी सरायकेला के तत्वावधान में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा जिले के 52 लैंपसों के कंप्यूटरीकरण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक जस्मिका बास्के ने बताया कि भारत सरकार द्वारा देश के साठ हजार पैक्सो और लैंपसों के कंप्यूटरीकरण के लिए चलायी जा रही योजना के आलोक में सरायकेला-खरसावां जिले के 52 लैंपसों का चयन किया गया है। चयनित लैंपसों के प्रतिनिधियों को एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से लैंपसों और पैक्सो के कंप्यूटीकरण का मुख्य उद्देश्य खाता बही का शुद्धीकरण, पारदर्शिता, कामकाज में तीव्रता, सरकार की विभिन्न योजना से लैंपसों को जोड़ने हेतु ठोस आधार प्रदान करने तथा लैंपसो और पैक्सो का आधुनिकीकरण करते हुए एक मल्टी सर्विस सेंटर के रूप में विकसित व्यावसायिक इकाई बनाने की जानकारी दी। कार्यशाला में सहायक प्रबंधक सह तकनीकी विशेषज्ञ आयुष रस्तोगी, जिला सहकारी पदाधिकारी अशोक तिवारी, आरसेटी डायरेक्टर पूनम खलको, एलडीएम वीरेंद्र कुमार शिट सहित विभिन्न लैंपसों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कार्य से हटाए गए कर्मचारी को बहाल करने की मांग को ले झामयू ने किया प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कार्य से निकाले गए ठेका कर्मचारी मोहन भगत को पुनः कार्य पर बहाल करने की मांग को लेकर झारखण्ड मजदुर यूनियन के सदस्यों द्वारा उक्त कर्मचारी के परिजनों के साथ औद्योगिक क्षेत्र स्थित आरएसबी कंपनी के प्लांट दो गेट के समक्ष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी सदस्यों का नेतृत्व कर रहे यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील गोराई ने बताया कि मोहन भगत कंपनी में क्वालिटी फैब्रिकेशन ठेका एजेंसी के अंतर्गत विगत 13 वर्षों से कार्य कर रहे थे। उसके द्वारा मजदूरी दर बढ़ाने की मांग किए जाने पर उसे कार्य से हटा दिया गया था। मजदूर द्वारा इस बाबत यूनियन के सदस्यों के समक्ष न्याय दिलाने की गुहार लगाए जाने के बाद यूनियन ने इसकी शिकायत श्रमायुक्त, जमेशदपुर से की गई थी। इस पर संज्ञान लेते हुए श्रमायुक्त ने विगत दिनों एजेंसी के संचालक को उक्त कर्मचारी को पुनः काम पर रखने का निर्देश दिया था। किंतु, एजेंसी द्वारा उसे काम पर नहीं लिए जाने के बाद यूनियन के सदस्यों ने रणनीति तय कर आन्दोलन का रूख किया। यूनियन द्वारा प्रदर्शन किए जाने के बाद कंपनी प्रबंधन की ओर से पहल करते हुए वार्ता कर समाधान निकाला गया। उक्त वार्ता में यथाशीघ्र मोहन भगत को कार्य पर वापस लेने पर सहमति बनी। इस दौरान यूनियन के अध्यक्ष सुनील गोराई के अलावा राजेश सामंत, सनत सिंह सरदार, समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

# श्री जगन्नाथ मंदिर में देव स्नान पूर्णिमा पर आयोजित होंगे विशेष कार्यक्रम, तैयारियां जारी

**श्री जगन्नाथ मंदिर सरायकेला में 4 जून (रविवार) को देव स्नान पूर्णिमा के अवसर पर भगवान का विशेष पुजा अर्चना,भजन संध्या और महाप्रसाद का आयोजन किया गया है।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** श्री जगन्नाथ मंदिर सरायकेला में 4 जून (रविवार) को देव स्नान पूर्णिमा के अवसर पर भगवान का विशेष पुजा अर्चना,भजन संध्या और महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। मंदिर के पुजारी पंडित ब्रम्हानंद महापात्र के देखरेख में सुबह 8 बजे से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पुजा पाठ एवं स्नान इत्यादि कार्य प्रारंभ किया जायेगा। मंदिर प्रांगण में भजन संध्या एवं महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम रखा गया है। इस वर्ष देव स्नान पूर्णिमा के लिए विशेष रूप से महाप्रसाद भोग के लिए पुरी जगन्नाथ मंदिर के तर्ज पर ओडिशा से आए रसोईयों द्वारा महाप्रसाद अन्न भोग तैयार किया जा रहा है। समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य तैयारी में लगे हैं। इसकी जानकारी श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष राजा सिंह देव ने दी।

# कोल्हान में संगठन को मजबूती देने आज आएंगे मंत्री व प्रदेश अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह जनता दल यू (जदयू) के झारखंड प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी और राज्यसभा सांसद सह जदयू झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो कोल्हान प्रमंडल में संगठन को और धारदार बनाने के लिये दो दिवसीय दौरे पर कल, 3 जून को शहर आएंगे. इस संबंध में जानकारी देते हुए जदयू के वरिष्ठ नेता सह दौरा कार्यक्रम के को-ऑर्डिनेटर शैलेन्द्र महतो ने बताया कि कल, 3 जून को नेताद्वय चाईबासा स्थित फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे. बाद में कार्यकर्ताओं से मिलकर संगठन को तेज करने की रणनीति तैयार करेंगे. इसके बाद सडक़ मार्ग से सरायकेला होते हुए देर शाम जमशेदपुर पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम भी यहीं करेंगे. इसके बाद 4 जून को पूर्वाह्न 11 बजे जमशेदपुर स्थित बाग-ए-जमशेद सभागार में जदयू पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री व सांसद का अभिनंदन समारोह किया जाएगा. उक्त कार्यक्रम के बाद आदित्यपुर स्थित एशिया भवन में अपराह्न 3 बजे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर पार्टी को मजबूत करने का दिशा निर्देश देंगे. शैलेन्द्र महतो ने उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये अधिक से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं को पहुंचने की अपील की है.

# बंद पड़े अधूरे आंगनबाड़ी भवन का एसडीओ ने किया निरीक्षण, जल्द काम शुरू करने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** धालभूम एसडीओ पीयूष कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को पटमदा प्रखंड अंतर्गत गोबरघुसी पंचायत के सारी गांव में बहुत दिनों से मैटेरियल के अभाव में बंद पड़े आंगनवाड़ी भवन का निरीक्षण करते हुए जल्द से जल्द कार्य शुरू करवाने का निर्देश बीडीओ अरविंद बेदिया को दिए। इस दौरान उन्होंने लच्छीपुर पंचायत के बांसगढ़ गांव से सबर टोला तक ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान कर बनाये गए करीब 1400 फीट सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के पश्चात ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से इस सड़क को जिला में पारित करवाकर पक्कीकरण करने की दिशा में पहल किया जाएगा। इसके पूर्व एसडीओ ने पटमदा प्रखंड कार्यालय में बैठकर प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी संतोष कुमार महतो, बीडीओ अरविंद बेदिया, एई संतोष सिंह, जेई राजेश टुडू, पंचायत सचिव समेत अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## कचड़ा संयंत्र के लिए भूमि निरीक्षण करने खैरबनी पहुंचे कर्मचारियों का ग्रामीणों ने किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को जमशेदपुर अचंल कार्यालय के राजस्व एवं बन्दोबस्त विभाग के आमीन सहित 8 कर्मचारियों द्वारा खैरबनी कचड़ा संयंत्र के लिए भूमि का निरीक्षण करने खैरबनी सामूटोला पहुंचने पर ग्राम प्रधान दिकू मेलगांडी के नेतृत्व मे ग्रामीणों द्वारा कर्मचारियों का विरोध किया गया। ग्राम प्रधान दिकू मेलगांडी ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम पाँचवीं अनूसूची के अन्तर्गत आता हैं। पेसा अधिनियम 1996 के तहत भूमि अधिग्रहण करने से पहले ग्राम सभा की सहमति जरूरी है। परंतु जिला प्रशासन द्वारा संवैधानिक प्रक्रिया नहीं अपनाई गई, जिससे ग्रामीणो में काफी आक्रोश है। हम सभी ग्रामवासी इस परियोजना का विरोध विगत 14 वर्षो से करते आ रहे है। ग्रामीणो ने कहा बिना ग्राम सभा के किसी भी निर्माण को नहीं करने देंगे और इसका जोरदार विरोध करेंगे।

# टीसीएस आयोन अपने कमिटमेंट की बदौलत डिजिटल एग्जाम लेने में रहा अव्वल

**एक्सएलआरआइ में सीएक्सओ सेशन में शामिल हुए टीसीएस के मार्केट फंक्शन एंड प्रोडक्ट हेड गोपाल कृष्णा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ में पीजीडीएम (जीएम) की ओर से सीएक्सओ सेशन का आयोजन किया गया. जिसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज आयोन के मार्केट फंक्शन एंड प्रोडक्ट हेड गोपाल कृष्णा उपस्थित थे. उन्होंने एक्सएलआरआइ के पीजीडीएम (जीएम ) के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए किसी भी कंपनी के कर्मचारियों में लीडरशिप की क्वालिटी व अन्य जरूरी गुणों के बारे में जानकारी दी. कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है. इस बदलती दुनिया में किसी भी कंपनी के कर्मचारियों के साथ ही उसके पदाधिकारियों में यह गुण होना जरूरी है कि वे सकारात्मक बदलाव को स्वीकार करें. उन्होंने इसे लेकर अपने करियर के कई उदाहरण दिये. पर्सनल व प्रोफेशनल लाइफ को घालमेल नहीं करने की बात कही. कहा कि वैश्विक महामारी कोविड के बाद से कई सेक्टर में तेजी से बदलाव हुआ है. डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हमारी निर्भरता बढ़ी है. इस दिशा में उन्होंने टीसीएस आयोन द्वारा लगातार किये जाने वाले प्रयासों की जानकारी दी. कहा कि आज अधिकांश भर्ती परीक्षाओं के साथ ही प्रवेश परीक्षाएं ऑनलाइन मोड में होने लगी है. इस दिशा में टीसीएस आयोन ने उपभोक्ता के प्रति अपने कमिटमेंट के कारण सबसे अव्वल है. उन्होंने रणनीति बनाने के साथ ही उसे समय-समय पर बदलाव करने से संबंधित बातें भी कही. इस दौरान एक्सएलआरआइ के विद्यार्थियों ने उनसे कई सवाल किये, जिसका उन्होंने जवाब दिया.

# 10वीं व 12वीं में जिले के टॉपर्स को उपायुक्त ने सम्मानित कर किया उत्साहित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अरवा राजकमल द्वारा जिले में 10वीं एवं 12वीं कक्षा के विषयवार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय टॉपर छात्र छात्राओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा अधीक्षक चार्ल्स हेमब्रम, जिला नियोजन पदाधिकारी एवं छात्र छात्राओं के अभिवावक उपस्थित रहे। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा जिले में 10वी कक्षा का रिजल्ट बेहतर (97 प्रतिशत) पर उपायुक्त एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के नाम प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए है।

**कक्षा एवं विषयवार जिला स्तर पर प्रथम से तृतीय स्थान पर उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं हैं :** 10वीं कक्षा- प्रथम रश्मिता पति (सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल सरायकेला) द्वितीय धर्मवीर प्रधान ( प्रस्तावित हाई स्कूल सिदाहीह) एवं तृतीय वर्षा सिंह (सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल सरायकेला) बारहवी कक्षा- साइंस : प्रथम रोशन महतो ( एनआर गवर्नमेंट प्लस टू हाई स्कूल, सरायकेला) द्वितीय सुजीत कु. महतो ( सिंहभूम कॉलेज चांडिल) तृतीय प्रकाश महतो (सिंहभूम कॉलेज चांडिल) आर्ट्स : प्रथम तुषार अग्रवाल (स्‍ श्व रेलवे इंटर कॉलेज सिनी) द्वितीय सुहेब अंसारी (इंटर कॉलेज तिरूल्डीह) तृतीय रोहित टूडू (एस एस प्लस हाई स्कूल गम्हरिया) कॉमर्स : प्रथम अंकिता सिंह (श्रीराम इंटर कॉलेज आदित्यपुर) द्वितीय चित्र चटर्जी (श्रीराम इंटर कॉलेज आदित्यपुर) तृतीय सुफल टुडू (छोटा नागपुर कॉलेज हेंसल)

# बैंक ऑफ इंडिया पटमदा शाखा के प्रबंधक को स्थानांतरण पर दी गई विदाई, किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बैंक ऑफ इंडिया पटमदा शाखा के प्रबंधक अमित रंजन का पटमदा से हजारीबाग स्थानांतरण होने पर शुक्रवार को एक समारोह आयोजित कर बामनी में ससम्मान विदाई दी गई। बैंक ऑफ इंडिया के स्थानीय ग्राहकों की ओर से आयोजित समारोह में उपस्थित लोगों ने शाखा प्रबंधक के कार्यकाल की प्रशंसा की गई। बुद्धिजीवी मंच पटमदा के अध्यक्ष गोपाल कुमार ने कहा कि पिछले करीब दो सालों के दौरान अमित बाबू ने क्षेत्र की जनता के बीच अमिट छाप छोड़ी है। उनका कुशल व्यवहार के हर कोई मुरीद हैं और उनकी नजर में हर खाताधारी या ग्राहक बराबर रहे हैं। बेलटांड़ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप ने कहा कि अब तक के इतिहास में पहली बार कोई शाखा प्रबंधक बीओआई में आये जो किसानों के लिए केसीसी की बात हो या दुकानदारों के लिए मुद्रा लोन की बात हो सीधे स्थल जांच करते हुए कामों का तेजी से निपटारा किया और बिचौलियों को दूर रखा। शाखा प्रबंधक अमित रंजन ने कहा कि उन्हें यहां के लोगों से जो प्यार मिला उसे वे कभी भी भूला नहीं सकते, जहां भी रहेंगे यहां के लोग याद आते रहेंगे। मौके पर अमित रंजन एवं एक अन्य अधिकारी स्वाती नेहा मिंज को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अनिल कुमार तुलस्यान, विजय कुमार पंडित, भीम चंद्र मंडल, बृंदावन दास, नीरज कुमार, शीलगत शर्मा, मधुमिता गिरि, अशोक कुमार, आदि का योगदान रहा ।

# टाटा स्टील फाउंडेशन ने किया विशेष एथलीटों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**दल 17 से 25 जून के बीच बर्लिन में होने वाले वर्ल्ड समर गेम्स में भाग लेगा**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड के विशेष एथलीटों की एक टीम के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया, जो 17-25 जून, 2023 के बीच बर्लिन (जर्मनी) में होने वाले स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स में भाग लेंगे। जमशेदपुर के सबल सेंटर से टाटा स्टील फाउंडेशन के निदेशक चाणक्य चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। झारखंड से कुल पांच एथलीट और दो कोच स्पेशल ओलंपिक भारत टीम का हिस्सा होंगे। इसके अलावा, सतबीर सिंह सहोटा को भारतीय दल के प्रतिनिधिमंडल के अस्सिटेंट हेड के रूप में नामित किया गया है। झारखंड का दल साइकिलिंग, बैडमिंटन और पॉवरलिफ्टिंग स्पर्धाओं में भाग लेगा। स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड समर गेम्स के दौरान 190 देशों के 7000 से अधिक विशेष ओलंपिक एथलीट और संयुक्त भागीदार बर्लिन जर्मनी में एकत्रित होंगे। एसओ भारत से लगभग 200 एथलीट और संयुक्त भागीदार और 60 कोच भाग लेंगे।

**दल के सदस्य-** 1. वी इंदु प्रकाश (साइकिलिंग) 2. केदार नारायण (साइकिलिंग) 3. रितेश कुमार सिंह (बैडमिंटन) 4. पूनम कुमारी (बैडमिंटन) 5. सामिया परवीन (पावरलिफ्टिंग) 6. नरेंद्रन हंसदा (कोच) 7. पीजीएस मूर्ति (कोच) 8. सतबीर सिंह सहोटा (सहायक एचओडी).

**सम्मानित अतिथि-** 1. अरुण पी दत्ता 2. सतनाम सिंह 3. पिंकी सिंह 4. जगजीत सिंह.

# आजमीन ए हज की दूसरी टोली टाटानगर स्टेशन से कोलकाता के लिए हुई रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को जमशेदपुर के सभी आजमीन ए हज की दूसरी टोली टाटानगर रेलवे स्टेशन से कोलकाता के लिए रवाना हुए, जो चार जून के शाम पांच बजे उड़ान भरेंगे। इस अवसर पर जीआरपी थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान, आरक्षी सिपाही जितेंद्र ने हज पर जाने वाले हाजियों को विदाई दिया। हज पर जाने वालों में बावंगोरा उर्दू प्रार्थमिक विद्यालय के रिटायर्ड हेड मास्टर निजामुद्दीन जेआरडी स्पोर्ट्स के फिरोज खान, धातकीडीह बड़ी मस्जिद के इमाम अमीरूल हसन, आम बगान मस्जिद के इमाम जैनुल आबेदीन, कबीर मेमोरियल उर्दू हाई स्कूल के शिक्षक मोहम्ममद गुलरेज और भी बहुत सारे हाजियों को विदाई दी गई। इस अवसर पर विदाई देने वाले मुख्य रूप से जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स के हसन इमाम मल्लिक, मोहम्मद शमशेर आलम, आदि थे।

## संपादकीय

# भारत का संदेश

**उचित** मंच से भारतहित की बात कहने में अब भारत चूकता नहीं है अपितु आगे बढ़कर दुनिया को स्पष्ट संदेश देता है। इस वर्ष भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। इसी तारतम्य में देशभर में जी-20 की बैठकें आयोजित हो रही हैं। पिछले दिनों जी-20 की एक बैठक जम्मू-कश्मीर में सम्पन्न हुई, जिसे लेकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खूब चर्चा हुई। इस चर्चा के बीच भारत ने साफ संदेश दे दिया है कि जम्मू-कश्मीर का प्रत्येक भौगोलिक हिस्सा भारत का है और यह भारत की संप्रभुता से जुड़ा हुआ मुद्दा है। इससे पहले लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में भी जी-20 की बैठकें आयोजित करके भारत ने यही संदेश चीन सहित अन्य देशों को दिया। भारत चाहता तो लद्दाख, जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश की जगह अन्य प्रदेशों में ही जी-20 की सभी बैठकें सम्पन्न कर सकता था लेकिन अपनी सीमाओं को लेकर जो कूटनीतिक संदेश भारत दुनिया को देना चाहता था, उसके लिए यह आवश्यक कदम था। हालांकि जम्मू-कश्मीर में सम्पन्न हुई जी-20 समूह के पर्यटन के कार्यकारी समूह की बैठक में चार देशों (चीन, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र) के प्रतिनिधियों के आधिकारिक रूप से शामिल नहीं होने की बड़ी चर्चा हुई। परंतु एक तथ्य यह भी ध्यान रखना चाहिए कि श्रीनगर में आयोजित जी-20 समूह की बैठक उपस्थिति की दृष्टिकोण से भी सबसे अधिक सफल रही है। इस बैठक में सबसे अधिक विदेशी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। संभव है कि पर्यटन पर केंद्रित इस बैठक में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि इसलिए भी बड़ी संख्या में पहुँचे क्योंकि जम्मू-कश्मीर भारत का प्रमुख पर्यटन केंद्र है। जम्मू-कश्मीर को लेकर दुनिया भर के पर्यटकों में विशेष आकर्षण रहता है। इधर, मोदी सरकार ने भी विभाजनकारी अनुच्छेद 370 और 35ए को निष्प्रभावी करने के बाद से जम्मू-कश्मीर में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के साथ ही पर्यटन गतिविधियों को भी बल दिया है। मोदी सरकार के प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में विकास की लहर चल रही है। कश्मीर का वातावरण बदलता हुआ दिखायी दे रहा है। श्रीनगर के जिस लालचौक पर राष्ट्रध्वज फहराना चुनौतीपूर्ण होता था, आज वहाँ जी-20 के प्रतिनिधि भी सहज रूप से होकर आए। अपनी कथित भारत जोड़ा यात्रा में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भी उत्साहपूर्वक लालचौक पर तिरंगा फहरा सके और कश्मीर की वादियों में बर्फबारी का आनंद ले सके। जम्मू-कश्मीर की इस बदली हुई तस्वीर के लिए मोदी सरकार को श्रेय देने में संकोच नहीं करना चाहिए। अब बात करते हैं चीन, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र देश के प्रतिनिधि के इस आयोजन में भाग नहीं लेने की, तो इसे देखने के भी दृष्टिकोण हैं। भले ही इन देशों के आधिकारिक प्रतिनिधि ने भागीदारी न की हो, लेकिन इन देशों के निजी पर्यटन गतिविधियों के संचालक बैठक में शामिल रहे। हम जानते हैं कि कुछ मुद्दों को लेकर चीन, तुर्की और सऊदी अरब का झुकाव पाकिस्तान की ओर रहता है। अपने निहित स्वार्थों की वजह से भले ही इन देशों ने यह कदम उठाया हो लेकिन यह देश भी पाकिस्तान की स्थिति से परिचित ही है। ये देश यह भी जानते हैं कि जम्मू-कश्मीर का जो हिस्सा पाकिस्तान ने अवैध ढंग से अपने कब्जे में ले रखा है, वह हिस्सा किस हद तक बदहाल है। वहाँ के नागरिक पाकिस्तान के विरोध में खड़े हो रहे हैं। अच्छा ही हुआ इन देशों के इस कदम के कारण यह सच भी दुनिया के सामने आ गया। बहरहाल, हमें यह भी समझना चाहिए कि प्रत्येक बैठक में सब देशों के प्रतिनिधि आ पाएं यह संभव भी नहीं है। पूर्व में भी अनेक देशों के प्रतिनिधि अन्य बैठकों में शामिल नहीं हो सके हैं। यह भारत की कूटनीतिक जीत है कि वह जो कहना चाहता है, निःसंकोच कह देता है, फिर भले ही कुछ देश अपने निहित स्वार्थों के साथ चिपके रहें। जी-20 समूह की बैठकें कहाँ होनी चाहिए और कहाँ नहीं, यह भारत तय करेगा। भारत अपनी संप्रभुता वाले किसी भी क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन करने के लिए स्वतंत्र और समर्थ है।

> भारत चाहता तो लद्दाख, जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश की जगह अन्य प्रदेशों में ही जी-20 की सभी बैठकें सम्पन्न कर सकता था लेकिन अपनी सीमाओं को लेकर जो कूटनीतिक संदेश भारत दुनिया को देना चाहता था, उसके लिए यह आवश्यक कदम था। हालांकि जम्मू-कश्मीर में सम्पन्न हुई जी-20 समूह के पर्यटन के कार्यकारी समूह की बैठक में चार देशों (चीन, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र) के प्रतिनिधियों के आधिकारिक रूप से शामिल नहीं होने की बड़ी चर्चा हुई। परंतु एक तथ्य यह भी ध्यान रखना चाहिए कि श्रीनगर में आयोजित जी-20 समूह की बैठक उपस्थिति की दृष्टिकोण से भी सबसे अधिक सफल रही है। इस बैठक में सबसे अधिक विदेशी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। संभव है कि पर्यटन पर केंद्रित इस बैठक में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि इसलिए भी बड़ी संख्या में पहुँचे क्योंकि जम्मू-कश्मीर भारत का प्रमुख पर्यटन केंद्र है। जम्मू-कश्मीर को लेकर दुनिया भर के पर्यटकों में विशेष आकर्षण रहता है। इधर, मोदी सरकार ने भी विभाजनकारी अनुच्छेद 370 और 35ए को निष्प्रभावी करने के बाद से जम्मू-कश्मीर में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के साथ ही पर्यटन गतिविधियों को भी बल दिया है। मोदी सरकार के प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में विकास की लहर चल रही है। कश्मीर का वातावरण बदलता हुआ दिखाई दे रहा है।

## नया संसद भवन का लोकार्पण समय की शिला पर लिखा गया एक अमिट आलेख है

# नये संसद भवन के उद्घाटन समारोह से दूर रहकर विपक्ष ने एक बड़ा अवसर खो दिया

ललित गर्ग

> लोकतंत्र में असहमति एवं आलोचना एक स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी है और इसे उसी रूप में लेने की जरूरत है, लेकिन हठधर्मिता एवं विध्वंसात्मक नीति से लोकतंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य का सुनहरा स्वप्न ऐसे अलोकतांत्रिक विपक्ष की नींव पर कैसे साकार होगा? यहां तो सभी दल अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। हालांकि विपक्षी दलों के तमाम अलोकतांत्रिक विरोध एवं उच्छृंखल रवैये के सकारात्मक पहलू यह है कि इस संसद भवन के उद्घाटन समारोह की जो तस्वीर दुनिया के सामने गई वह भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देने वाली एवं भाजपा सरकार की स्थिति को सुदृढ़ करने वाली है।

**आजादी** के अमृतकाल की एक महत्वपूर्ण, ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय घटना है नये संसद भवन का देश को भारतीय संस्कृति के अनुरूप अनुष्ठानपूर्वक मिलना। निश्चित रूप से देश के लोकतांत्रिक इतिहास का यह एक यादगार पल है, जिससे लोकतंत्र समृद्ध होते हुए देश को शुद्ध लोकतांत्रिक सांसें देगा। सदियों तक लोकतंत्र के माध्यम से सुशासन दिया जायेगा। इस अनूठी घटना के साथ चिन्तनीय पल भी जुड़े जब सभी प्रमुख विपक्षी दलों को इस अद्भुत अवसर का साक्षी बनना चाहिए था तब अनेक विपक्षी दलों ने नकारात्मकता, संकीर्ण राजनीतिक सोच का परिचय देते हुए संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करना उचित समझा। ऐसा करके उन्होंने एक महान अवसर को न केवल गंवाने एवं धुंधलाने का काम किया बल्कि लोकतंत्र की बुनियाद से अपनी दूरी बनायी है। जितना भव्य एवं ऐतिहासिक यह समारोह आयोजित हुआ, उतना ही घृणित, निन्दनीय एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का उदाहरण बना विपक्ष का विरोध-बहिष्कार। देश की अपनी स्वतंत्र छाप और लोकतंत्र की नई कहानी कहने के लिए नया संसद भवन अगली शताब्दियों के लिए एक नया मजबूत लोकतांत्रिक रूप गढ़ने को तैयार है। जनता के लिए नए फैसले, नये भारत की बुनियाद को मजबूती देने की योजनाएं एवं नीतियां अब इसी भवन से निकलकर आएंगी। लोकतंत्र का प्रतीक नया संसद भवन केवल सत्ताधारी दल या विपक्षी दलों का नहीं है, यह देश की धरोहर है और यह हर भारतीय का है। यह बात विपक्षी दलों की समझ में क्यों नहीं आयी? निश्चित ही खटकने वाली बात रही कि ऐसे महत्वपूर्ण मौके पर विपक्ष ने समझदारी का परिचय न देते हुए अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराने की बजाय उन्होंने विरोध की राजनीति को आकार देने के लिये इस राष्ट्रीय-अनुष्ठान को विरोध के लिये चुना। प्रतीत होता है देश विभाजन का जो आधार रहा, वह विभाजन के साथ समाप्त नहीं हुआ, अपितु अदृश्य रूप में विभाजन का बड़ा रूप लेकर तथाकथित विपक्षी दल रूपी अलोकतांत्रिक दिमागों में घुस गया है। नया संसद भवन किसी एक दल का नहीं, समूचे राजनीतिक दलों का मंच है, फिर क्या सोच कर विपक्ष ने इससे दूरी बनायी। यह दुराव एवं बिखराव की सोच सदियों तक दर्ज रहेगी, जब भी इन्हीं विपक्षी दलों में समझदार लोगों का वर्चस्व स्थापित होगा, उस वक्त आज के नेताओं की यह गलत सोच उन्हें परेशान करेगी। क्योंकि संसद



भवन जैसी ऐतिहासिक इमारत सदियों में बनती है। नयी संसद भवन का बनना और उसका उद्घाटन होगा, भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती एवं महत्ता को नये शिखर देने का अवसर था। इस बहिष्कार के कारणों से सहमति-असहमति हो सकती है, लेकिन बड़ी बात यह है कि वे कारण दूर होने चाहिए थे। भारतीय लोकतंत्र की यह खूबी रही है कि तमाम मतभेदों और असहमतियों के होते हुए भी हमारा राजनीतिक नेतृत्व जरूरत पड़ने पर उनसे ऊपर उठने के उदाहरण प्रस्तुत करता रहा है। ऐसे हर मौके पर उसने यह बात साबित की है, जहां भारत की एकता एवं अखण्डता का प्रश्न आया, सभी एक छतरी के नीचे आकर देश को मजबूती देते रहे हैं। यह संभवतः पहला ऐसा बड़ा मौका है जिसने दुनिया के सामने हमारी एकता को तार-तार किया है, लोकतंत्र के मन्दिर को विपक्षहीन चेहरा देकर बड़ी भूल की है। ऐसा करके उन्होंने न केवल एक महान अवसर को गंवाने का काम किया, बल्कि यह भी प्रकट किया कि वह देश को गौरवान्वित करने वाले अवसरों पर भी अपनी क्षुद्रता एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठने के लिए तैयार नहीं हो पाते। लोकतंत्र में असहमति एवं आलोचना एक स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी है और इसे उसी रूप में लेने की जरूरत है, लेकिन हठधर्मिता एवं विध्वंसात्मक नीति से लोकतंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य का सुनहरा स्वप्न ऐसे अलोकतांत्रिक विपक्ष की नींव पर कैसे साकार होगा? यहां तो सभी दल अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। हालांकि विपक्षी दलों के तमाम अलोकतांत्रिक विरोध एवं उच्छृंखल रवैये के सकारात्मक पहलू यह है कि इस संसद भवन के उद्घाटन समारोह की जो तस्वीर दुनिया के सामने गई वह भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देने वाली एवं भाजपा सरकार की स्थिति को सुदृढ़ करने वाली है। बेहतर होता यदि इसके उद्घाटन को लेकर सियासत नहीं होती। तब पूरे विश्व में एकजुटता का संदेश जाता। भारत के लोगों के लिए देश को नई संसद का मिलना एक भावनात्मक राष्ट्रीय मुद्दा है, इससे उनका स्वाभिमान बढ़ा है और भारतीय अपने स्वाभिमान के लिए जाने जाते हैं। उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। अन्य सभी मुद्दे उनके लिए इस अवसर पर गौण हैं। लगभग एक सदी पुरानी इस संसद भवन की इमारत को मरम्मत और विस्तार से अब तक काम चल गया, लेकिन धीरे-धीरे यह भी स्पष्ट हो गया कि अब सर्वथा नई इमारत अपेक्षाकृत ज्यादा बड़ी, आधुनिक सुविधायुक्त इमारत की जरूरत है। उस लिहाज से कोविड जैसी प्रतिकूलताओं के बीच जितनी कम अवधि में यह पूरी इमारत तैयार कर ली गई, वह निश्चित रूप से काबिले तारीफ है। हालांकि यह सच है कि इसके निर्माण के समय और तरीके को लेकर शुरू से ही असहमतियां भी रहीं, लेकिन एक जीवित लोकतंत्र में यह कोई अनोखी बात नहीं है। सर्वविदित है कि संसद के नए भवन का निर्माण आवश्यक था, इस तथ्य से परिचित होने के बावजूद भी विपक्ष के किसी नेता ने कहा कि उसकी आवश्यकता ही क्या थी तो किसी अन्य ने उसकी तुलना ताबूत से करने की धृष्टता करने में भी शर्म नहीं की। टिप्पणियां तो इससे भी ज्यादा लज्जाजनक एवं शर्मनाक आईं और विपक्षी नेताओं को अपने इस तरह के घोर नकारात्मक रवैये पर शर्मिंदा होना चाहिए था, तब वे अपने कुतर्कों की तलाश में लगे रहे। इस भारतीय लोकतंत्र के बड़े सपने के आकार देने के महान अवसर से दूरी बनाने के लिए किसी सस्ते बहाने की तलाश करते हुए उन्होंने इसमें खोज निकाला कि उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों क्यों नहीं कराया जा रहा है? यह एक बहाना था और इसका उद्देश्य केवल येन-केन प्रकारेण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कठघरे में खड़ा करना और एक पावन अवसर पर खलल डालना था एवं उसकी गरिमा को धुंधलाना था। क्या इससे विचित्र और कुछ हो सकता है कि जो विपक्षी दल अंग्रेजों के बनाए संसद भवन में बैठने को तैयार थे, वे स्वतंत्र भारत में निर्मित संसद के उद्घाटन में शामिल होने को तैयार नहीं हुए? ऐसे लोगों की राष्ट्रीयता सहज ही शंका एवं संदेह में है। नया संसद भवन का लोकार्पण समय की शिला पर लिखा गया एक अमिट आलेख है। यह एक सपने को सच में बदलने का अवसर कुछ के लिये गर्व करने का माध्यम बनेगा, वहीं कुछ के लिये अपनी ऐतिहासिक भूलों के लिये पश्चाताप का कारण बनेगा।

# दो हजार रुपए के नोट का मायाजाल

> अधिकांश 2000 मूल्य वर्ग के नोट मार्च 2017 से पहले जारी किए गए थे और 4-5 साल के अपने अनुमानित जीवनकाल के अंत में हैं। कुछ वर्ष पहले नोटबंदी के बाद 500 और 1000 के लगभग 15 .41 लाख करोड़ वैल्यू के नोट बैंकों में वापस आ गए जो चलन में मौजूद नोटों का 99 .50 फीसदी था। यह कुल नकदी का 89 फीसदी था। इसलिए मार्केट में कैश की मात्रा बनाए रखने के लिए बड़े वैल्यू के 2 हजार के नोट छापने का सरकार ने फैसला लिया। दो हजार वाले लगभग 370 करोड़ नोटों को छापा गया जो कुल 7.40 लाख करोड़ रुपये मूल्य के थे। दो हजार के 89 फीसदी नोट मार्च 2017 से पहले जारी किए हुए थे। आरबीआई के मुताबिक 31 मार्च 2018 तक बाजार में 2 हजार वाले नोटों की वैल्यू लगभग 6.73 लाख करोड़ थी, जो कुल नोटों का 37 .3 फीसदी था। इस साल 31 मार्च 2023 तक बाजार में कुल कैश में 2 हजार के नोटों की वैल्यू 3 .68 लाख करोड़ है जो कुल नकदी का 10 .8 फीसदी ही है।

**भारतीय** रिजर्व बैंक ने 2000 रुपए के नोट को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। 2000 रुपये के नोट को सर्कुलेशन से बाहर किया जा रहा है। वर्तमान में बाजार में चल रहे 2000 रुपये के नोटों का मूल्य 3.62 लाख करोड़ रुपये है। यह प्रचलन में मुद्रा का लगभग 10.8 फीसदी है। केंद्रीय बैंक ने लोगों से 2000 रुपये के नोट को बैंकों में जमा कर लेने या रिप्लेस करा लेने को कहा है। इसके लिए बैंक ने लोगों को 30 सितंबर 2023 तक का समय दिया है। हालांकि केन्द्रीय बैंक ने साफ किया है कि ट्रांजैक्शन के लिए इन नोटों का इस्तेमाल जारी रहेगा। अधिकांश 2000 मूल्य वर्ग के नोट मार्च 2017 से पहले जारी किए गए थे और 4-5 साल के अपने अनुमानित जीवनकाल के अंत में हैं। कुछ वर्ष पहले नोटबंदी के बाद 500 और 1000 के लगभग 15.41 लाख करोड़ वैल्यू के नोट बैंकों में वापस आ गए जो चलन में मौजूद नोटों का 99.50 फीसदी था। यह कुल नकदी का 89 फीसदी था। इसलिए मार्केट में कैश की मात्रा बनाए रखने के लिए बड़े वैल्यू के 2 हजार के नोट छापने का सरकार ने फैसला लिया। दो हजार वाले लगभग 370 करोड़ नोटों को छापा गया जो लगभग 7.40 लाख करोड़ रुपये मूल्य के थे। दो हजार के 89 फीसदी नोट मार्च 2017 से पहले जारी किए हुए थे। आरबीआई के मुताबिक 31 मार्च 2018 तक बाजार में 2 हजार वाले नोटों की वैल्यू लगभग



6.73 लाख करोड़ थी, जो कुल नोटों का 37.3 फीसदी था। इस साल 31 मार्च 2023 तक बाजार में कुल कैश में 2 हजार के नोटों की वैल्यू 3.68 लाख करोड़ है जो कुल नकदी का 10.8 फीसदी ही है। एक सर्वे के अनुसार 64 प्रतिशत लोगों ने रिजर्व बैंक के फैसले का स्वागत किया है जबकि 22 फीसदी लोगों ने इसका विरोध किया है। सर्वे में देश के 341 जिलों से 57000 लोगों की राय ली गई है। इनमें 64 प्रतिशत पुरुष और 36 प्रतिशत महिलाएं हैं। लोगों ने साथ ही कहा कि अधिकांश रिटेल व्यापारी/दुकानें, दवा विक्रेता, अस्पताल, सर्विस प्रोवाइडर और पेट्रोल पंप 2000 रुपये के नोट को लेने को तैयार नहीं हैं। हालांकि आरबीआई का साफ कहना है कि 2000 रुपये का नोट लीगल टेंडर बना रहेगा और कोई इसे लेने से इन्कार नहीं कर सकता है। सर्वे से पता लगा कि 2000 रुपये के नोट 64 फीसदी नागरिकों के पास नहीं हैं। छह फीसदी लोगों के पास 2000 के करंसी नोटों में 100,000 रुपये या उससे अधिक हैं। 34 फीसदी नागरिकों ने सरकार की घोषणा के बाद 2000 रुपये के नोट का इस्तेमाल करने की कोशिश की है। दि हिंदू अखबार ने एक रिसर्च रिपोर्ट के आधार पर कहा है कि अगर बाजार में मौजूद कुल 2000 रुपये के नोटों का एक-तिहाई भी बैंकों में वापस जाता है तो इससे उसकी जमा राशि और बाजार में नकदी बढ़कर 40 हजार करोड़ रुपये से लेकर 1.1 लाख करोड़ रुपये के बीच पहुंच सकती है। इस रिपोर्ट में इस तरफ भी इशारा किया गया है कि अघोषित आय पर टैक्स से बचने के लिए जितने लोगों ने दो हजार रुपये के नोटों की जमाखोरी की, उन्हें अब गहने खरीदने और रियल एस्टेट सेक्टर में लगा दिया जाएगा। दो हजार रुपये के नोट रिपोर्ट छापने वाली 'क्वॉन्टइको रिसर्च' ने एक नोट में कहा है कि इस डेडलाइन के बाद इन नोटों का क्या होगा, इस पर कोई स्पष्ट स्थिति नहीं है। हालांकि अगले चार महीनों में जिस तेजी से ये नोट बैंकों में जमा होंगे, वो एक बार फिर से 2016 में हुई नोटबंदी की यादों को ताजा कर सकते हैं। ये सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी का 1.3 फीसदी और मार्च महीने के आखिर तक सर्कुलेशन यानी चलन में रही नकदी का 10.8 फीसदी है। रिसर्च कंपनी ने नोट में कहा है कि अगर ये सारी राशि तय समय में बैंकों तक वापस लौटती है तो इससे बैंकों के जमा आधार में बड़ी बढ़ोतरी होगी। क्वॉन्टइको की अर्थशास्त्रियों की टीम ने इस ओर भी इशारा किया कि चूंकि 2000 रुपये के नोट अमूमन लेन-देन में इस्तेमाल नहीं होते थे। हालांकि, लोगों ने एहतियातन या फिर टैक्स से बचने के लिए इसकी जमाखोरी की। दोनों ही मामलों में इसके चलन से बाहर होने की वजह से बैंकों की जमा राशि बढना, अस्थायी साबित होगा क्योंकि लोग आखिरकार छोटे नोटों का रुख करने लगेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अघोषित आय की वजह से रियल एस्टेट और सोने जैसी महंगी चीजों की मांग बढने लगेगी, जैसा 2016 में हुई नोटबंदी के बाद भी देखा गया था। आखिर में ये रिपोर्ट कहती है कि अगर ये माना जाए कि जमाखोरी वाली राशि का 10 से 30 फीसदी हिस्सा वापस चलन में आ जाए तो इससे बैंकों के जमा आधार पर स्थायी असर होगा और बाजार में नकदी भी 400 से 1100 अरब के बीच रहेगी। यह भी देखा गया है कि इस मूल्यवर्ग का आमतौर पर लेनदेन के लिए उपयोग नहीं किया जाता है। इसके अलावा जनता की मुद्रा आवश्यकता को पूरा करने के लिए अन्य मूल्यवर्ग के बैंक नोटों का स्टॉक पर्याप्त बना हुआ है। उपरोक्त को ध्यान मेंर रखते हुए, और भारतीय रिजर्व बैंक की 'स्वच्छ नोट नीति' के अनुसरण में, यह निर्णय लिया गया है कि 2000 मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को संचलन से वापस ले लिया जाए। यह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जनता के सदस्यों को अच्छी गुणवत्ता वाले बैंक नोटों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अपनाई गई नीति है। एक मत के अनुसार 2 हजार का नोट बंद करने से काले धन पर रोक लगाने में बड़ी मदद मिलेगी। ऐसा माना जा रहा था कि इन 2000 रुपये के नोटों को लोग जमा कर रहे थे। इस लक्ष्य में रिजर्व बैंक कितना सफल हो पाएगा, यह कहना बहुत मुश्किल है क्योंकि पहले की गई नोटबंदी के परिणामों को लेकर भी देश में दो वर्ग बने हुए हैं। एक वर्ग का मानना है कि नोटबंदी सफल रही, जबकि दूसरे वर्ग का मानना है कि नोटबंदी पूरी तरह विफल रही है। काले धन पर रोक नहीं लगी तथा आतंकवाद भी जारी रहा है। ऐसी स्थिति में रिजर्व बैंक अपने लक्ष्य को पूरा कैसे करेगा, यह उसी पर निर्भर करता है।

## देश दुनीया से

# सुरक्षित हो फोरलेन का सुहाना सफर

> कीरतपुर-मनाली राष्ट्रीय र्माग की लगभग 190 किलोमीटर सडक़ का लगभग 180 किलोमीटर भाग प्रदेश के तीन ज़िलों बिलासपुर, मण्डी तथा कुल्लू से होकर गुजरेगा। इस राजर्माग पर कैंची मोड़ से लेकर मण्डी की सीमा भवाणा तक बाईस छोटे-बड़े पुल तथा पांच टनल बन कर तैयार हो चुके हैं। पांच टनलों में कैंची मोड़ से मैहलां टनल 1800 मीटर, थापना टनल 550 मीटर, मल्यावर टनल 1265 मीटर तथा मण्डी जिला में डैहर के पास टनल की लम्बाई 740 मीटर है। पर्यटकों की सुधिवा के लिए पण्डोह से आगे निर्मित सभी टनल खोल दिए गए हैं।

**हिमाचल** प्रदेश में कीरतपुर-मनाली फोरलेन हाईवे लगभग बन कर तैयार है। कुछ ही समय बाद औपचारिक एवं आधिकारिक रूप से इसका लोकार्पण कर प्रदेश के लोगों को समर्पित किया जाएगा। जहां यह नेशनल हाईवे प्रदेश के विभिन्न स्थानों की दूरी को कम करेगा, वहीं यह मार्ग प्रदेश के पर्यटन को भी बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा। हर वर्ष अगस्त तथा सितम्बर माह में बिलासपुर की गोविंद सागर झील का सुंदर नजारा सभी सैलानियों को आकर्षित करेगा। यह फोरलेन भारत-चीन सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगा। एनएचएआई यानी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी के तत्वावधान में निर्मित इस मार्ग पर यात्रा करने वाले लोगों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ सुरक्षित यात्रा के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। कीरतपुर-मनाली राष्ट्रीय मार्ग की लगभग 190 किलोमीटर सडक़ का लगभग 180 किलोमीटर भाग प्रदेश के तीन ज़िलों बिलासपुर, मण्डी तथा कुल्लू से होकर गुजरेगा। इस राजमार्ग पर कैंची मोड़ से लेकर मण्डी की सीमा भवाणा तक बाईस छोटे-बड़े पुल तथा पांच टनल बन कर तैयार हो चुके हैं। पांच टनलों में कैंची मोड़ से मैहलां टनल 1800 मीटर, थापना टनल 550 मीटर, मल्यावर टनल 1265 मीटर तथा मण्डी जिला में डैहर के पास टनल की लम्बाई 740 मीटर है। पर्यटकों की सुविधा के लिए पण्डोह से आगे निर्मित सभी टनल खोल दिए गए हैं। ये सभी पुल तथा टनल अत्याधुनिक तकनीक से तैयार किए गए हैं। टनलों के मुहाने पर भगवान शिव, महावीर हनुमान की बडी-बड़ी पेंटिंग के साथ हिमाचल प्रदेश की कला एवं संस्कृति के चित्र सबका मन मोह रहे हैं। इस फोरलेन पर सीसीटीवी कैमरे, वीडियो इंसीडेंट डिटैक्शन सिस्टम, वैरिएवल मैसेज साइन, स्वचलित यातायात पटल, सडक़ किनारे एवं ओवरहेड वाहनगति दर्शाते डिस्प्ले बोर्ड, ऑप्टिक फाइबर कनैक्टिविटी, इमरजेंसी कॉल बाक्स स्थापित किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार इस हाईवे से गुजरने वाले लोगों की सुविधा, सूचना तथा सुरक्षा के लिए बिलासपुर, मण्डी तथा कुल्लू में टूरिस्ट कम पुलिस स्टेशन स्थापित करने जा रही है। इसके अतिरिक्त इस समय प्रदेश में पठानकोट-मण्डी, कालका-शिमला तथा मटौर-शिमला राष्ट्रीय राजमार्गों का कार्य भी प्रगति पर है। ये सभी फोरलेन पहाड़ के वर्षों से उपेक्षित, पिछड़े एवं दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों की परेशानियां एवं दुःख-दर्द कम करेंगे। इनके निर्माण से लोगों की परेशानियां कम होंगी तथा उनका जीवन सरल एवं सहज होगा। इन सभी राजमार्गों को नैशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मानकों के अनुसार बनाया जा रहा है। प्रदेश की पहाडियों, घाटियों, पुलों, टनलों तथा घुमावदार सडक़ों से गुजरने वाले इन क्षेत्रों से यह यात्रा काफी सुगम तथा रोमांचित करने वाली होगी। फोरलेन सडक़ संस्कृति अभी हिमाचल प्रदेश में नई-नई है। जहां बहुत सी चीजें पहाड़ी लोगों को आकर्षित एवं रोमांचित करेंगी, वहीं पर अभी तक उपेक्षित एवं वंचित रहे इन लोगों के जीवन में बहुत सा बाहरी दखल भी उनको परेशान करने वाला है। अभी उन्हें इस फोरलेन सडक़ तथा परिवहन संस्कृति में अभ्यस्त होने में समय लगेगा। नैशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ-साथ प्रदेश सरकार को भी चाहिए कि अपने स्तर पर भी स्थानीय तथा पुलिस प्रशासन को सचेत, सावधान तथा सतर्क रखे। पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंन्दर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में इस फोरलेन निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया तथा इसके मानकों एवं सुरक्षा सम्बन्धी सभी बिंदुओं पर अन्तिम रूप से विचार-विमर्श किया गया ताकि यह फोरलेन सभी के लिए सुगम तथा सुरक्षित हो। इस बैठक में प्रदेश पुलिस महानिदेशक के साथ अन्य राजस्व, पुलिस, प्रशासनिक तथा एनएचएआई के आला अधिकारी शामिल थे। फोरलेन में सुरक्षित यातायात तथा सुचारू संचालन के लिए एक रोडमैप तैयार कर लिया गया है। फोरलेन पर लॉ एंड ऑर्डर, सुरक्षा तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं।

## कुछ अलग

# दिल्ली का 'दरिंदा'

**यह** बर्बर और घिनौना सच राजधानी दिल्ली का ही नहीं, मुंबई, हैदराबाद, रायपुर, सहारनपुर और केरल के किसी भी शहर का हो सकता है। युवा पीढ़ी भटक चुकी है। उसकी कई स्टोरी हैं। अब उसकी प्राथमिकता 'रिलेशनशिप' की है। खाने को दाने न हों, पढ़ाई अभी अधूरी हो, करियर की शुरुआत भी न हुई हो, लेकिन किशोर बच्चे भी 'संबंध' में रहना चाहते हैं। ऐसे संबंधों की नियति सिर्फ 'हत्या' होती है। हम कई मामले ऐसे देख-पढ़ चुके हैं। सबसे ज्यादा झकझोरने वाला प्रसंग श्रद्धा-आफताब का रहा है। हत्यारे ने अपनी लिव-इन पार्टनर की ही हत्या कर दी और फिर लाश के 35 टुकड़े कर इधर-उधर बिखेर दिए। हत्यारा आज भी जिंदा है और जेल में है। अदालत में अभी केस चलना है। न जाने सजा कब तक होगी? यदि हमारी न्याय-प्रणाली के तहत आफताब को फांसी पर लटका दिया गया होता, तो शायद राजधानी दिल्ली का हत्याकांड न होता! कातिल मुहम्मद साहिल खान अपनी ही 'दोस्त' की दरिंदगी से, राक्षसी व्यवहार से, हत्या करने से पहले चार बार सोचता! राजधानी में बीते रविवार को मात्र 20 साल के एक सिरफिरे युवा ने, दिन-दहाड़े, गुजरते लोगों के बीच, अपनी ही 16 वर्षीया नाबालिग 'दोस्त' की बर्बर हत्या कर दी। खंजरनुमा चाकू से 21 वार किए। लडक़ी को बार-बार गोदने के बाद, उस पर पत्थर से प्रहार कर, उसकी हत्या कर दी। इनसान है या दानव की कोई नस्ल है! राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो दिल्ली को 'अपराध की राजधानी' करार देता रहे अथवा पुलिस की निष्क्रियता, नालायकी के मद्देनजर उसे जमकर कोसा जाए, लेकिन जघन्य अपराध के साथ-साथ यह सामाजिक नैतिकता, मानवीय संस्कार और उदासीनता का भी मामला है। साहिल लडक़ी पर कातिलाना वार कर रहा था। लडक़ी मदद के लिए चीख रही थी। गली भरी-पूरी थी और 17 लोग उस दौरान वहां से गुजरे थे। यह सीसीटीवी का प्रमाण है और पुलिस का भी खुलासा है। लोग 'जिंदा मुर्दों' की तरह वहां से निकल गए। यदि उन्होंने सामूहिक तौर पर हस्तक्षेप करने की हिम्मत दिखाई होती, तो शायद नाबालिग बेटी आज जिंदा होती! देश की राजधानी दिल्ली इतनी संवेदनहीन और पत्थर-दिल भी हो सकती है! यहां की गली-गली, मुहल्ला-दर-मुहल्ला 'अपराध' आम बात है। दिल्ली बेटियों-बच्चियों के लिए ही नहीं, महिलाओं के लिए भी 'घोर असुरक्षित' है। क्या नए भारत का यह एक कुरूप चेहरा भी है, जिसमें 20 साल के नवयुवक के भीतर इतना गुस्सा, असहिष्णुता और हत्या की हद तक आक्रामकता है! बेशक आम आदमी पार्टी और मुख्यमंत्री केजरीवाल दिल्ली के उपराज्यपाल को कोसते रहें, क्योंकि पुलिस उनके ही अधीन है, बेशक भाजपा इसे 'लव जेहाद' या 'लव ट्रैरप' करार देती रहे, लेकिन यह अपराध का इकलौता मामला नहीं है। आश्चर्यजनक यह है कि पुलिस ने हत्यारे साहिल की गिरफ्तारी के बाद खुलासा किया कि लडक़ा-लडक़ी बीते 3-4 साल से 'रिलेशनशिप' में थे। तब दोनों ही किशोर थे। लडक़ी तो अब भी नाबालिग थी और 10वीं की परीक्षा पास की थी। यह कौन-सी मनोवृत्ति और मनोविकार है कि आज की पीढ़ी किशोर उम्र में ही 'रिलेशनशिप' में जाना चाहती है? सिर्फ यही नहीं, लडक़ी के घरवालों ने ही खुलासा किया है कि बीते कुछ समय से वह घर में नहीं, बल्कि अपनी कथित सहेली के साथ रहती थी। सहेली का पति किसी अपराध में जेल में है।

## नागरिक बोध

# यम-इज्जतदार बकवास

**यमदूत** की पीठ पर अहंकारी को आते देख प्रोटोकॉल का पालन करते यम अपने सिंहासन से मुस्कुराते उसका स्वागत करने को उठे, 'आपका अतुलनीय यमलोक ऑफ इंडिया में स्वागत है जनाब।' यमराज के स्वागत के बाद भी एक वे अहंकारी थे कि यमदूत की पीठ से उतरने का नाम नहीं ले रहे थे, उनके स्वागत की तरफ देखना तो दूर। यह देख यमराज तत्काल समझ गए कि जनाब लोकतंत्री व्यवस्था के जरूर कोई अफसर तो हैं, पर किसी पहुंचे हुए महकमे के हैं, जहां का पीउन भी बीसियों फ्लैटों का वैध मालिक होता है। अगर जो इनमें मरने के बाद भी जरा सी भी शर्म होती तो कम से कम इस वक्त तो अपनी टांगों पर चल शरीफी दिखाते। जैसे तैसे यमदूत ने उन्हें अपनी पीठ से सादर उनको हाथ जोडऩे के बाद उनसे अपनी पीठ से उतरने का निवेदन किया तो वे यमदूत की पीठ से ऐसे उतरे जैसे वे विवाह की घोड़ी की पीठ से उतर रहे हों। यमराज ने पुनः मुस्कुराते पूछा, 'कैसे आना हुआ सर जी? क्या सरकारी टूअर पर आए हो?' 'नहीं महाराज! जनाब आत्महत्या करके आए हैं।' उनको अपने कंधे पर उठा थके यमदूत ने अपने माथे पर आया पसीना पोंछते कहा। 'पर इतने भारी लगते तो नहीं जनाब?' 'जनाब लगते तो नहीं, पर हैं। महाराज! जंबूद्वीप का जीव पद के भार से नहीं, अपने पद पर मिलने वाली रिश्वत के वेट से वजनी होता है।' यमदूत ने स्पष्टीकरण दिया तो यमराज तो हंसे ही, पर वे अफसर मरे होने के बाद भी हंसे तो यमराज को अचरज हुआ। तुम धन्य हो, हे जंबू द्वीप के अफसर! मर गए, पर बद्दू न गई। 'तो कैसे आना हुआ इनका?' 'सर! रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए और शर्म के मारे आत्महत्या कर गए।' 'ये तो बुरी बात है जनाब! क्या रिश्वत लेने वाले जीवों में भी शर्म नाम का वायरस होता है? और जो न पकड़े जाते तो?' 'तो क्या, सब मजे से चलता रहता महाराज!' अबके अफसर जी के जीव ने मुंह खोला। 'इतने बड़े अफसर होकर भी तुम्हें रिश्वत लेते शर्म नहीं आई जनाब? वेतन से जो पेट नहीं भरा उसे गधे की लीद से क्यों भरते हो?' 'काहे की शर्म यमराज! वेतन में वह मजा कहां जो रिश्वत में है। जंबूद्वीप का कर्मचारी लाख वेतन मिलने पर उतनी मेहनत नहीं करता जितनी वह दस हजार रिश्वत के लिए करता है। वैसे तो हम बिन रिश्वत लिए कोई काम करते ही नहीं, पर शर्म तो तब आती है जब हम कभी कभार रिश्वत के बिना कोई काम करते हैं। गए वे दिन जब जन सेवकों की पहचान उनके पद से, उनके पद के ईमान से होती थी। अब उनकी पहचान उनके पद से नहीं, उनके पद पर मिलने वाली रिश्वत की मात्रा से होती है।' 'फिर तुमने रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने के बाद आत्महत्या क्यों कर ली?' 'वह तो मैं क्षणिक भावना में बहकर पता नहीं क्यों इमोशनल होकर आत्महत्या कर गया जनाब! पता नहीं उस वक्त मुझे ऐसा क्यों लगा कि ज्यों मेरी इज्जत मिट्टी में मिल गई। जबकि असल में ऐसा कुछ था नहीं।'

# उपायुक्त की अध्यक्षता में कृषि, गव्य विकास, पशुपालन, भूमि-संरक्षण, मत्स्य विभाग, सहकारिता, सांख्यिकी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में कृषि, गव्य विकास, पशुपालन, भूमि-संरक्षण, मत्स्य विभाग, सहकारिता, सांख्यिकी विभाग समेत अन्य विभागों की समीक्षा बैठक की गई। जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा द्वारा बताया गया कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत जिले में कुल 112101 आवेदन बैंकों के द्वारा स्वीकृत किये गये हैं, जो राज्य में चतरा जिला का दूसरा स्थान है। झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना के तहत् बताया गया कि कुल 21496 ई-चङ्कष्ट की स्वीकृति दी गई है जिसपर उपायुक्त ने विगत बैठक में उक्त योजना अंतर्गत लाभुकों के सत्यापन के निर्देश की अघतन स्तिथि की जानकारी ली गई। इसी क्रम में ष्ठस्नष्ठ के अंतर्गत किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रम यथा बीज वितरण, मिनी किट वितरण एवं मिशन लाइफ और गोबर धन योजना अंतर्गत किये गए गोष्ठी, जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं अन्य किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने जरूरी दिशा निर्देश दिया। भूमि संरक्षण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वित्तिय वर्ष 2022-23 में बंजर भूमि/राइस फैलो विकास योजनान्तर्गत सरकारी व निजी तालाब जीर्णोद्धार योजना के तहत किये गए कार्यों के बारे में बताया गया कि कुल 13 तालाबों में मिट्टी कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 50 तालाबों में कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि जलनिधि योजना अंतर्गत परकोलेशन टैंक का निर्माण और डीप बोरिंग निर्माण का कार्य किया जा रहा है।जिला ससहकारिता पदाधिकारी ने पैक्स व विशेष प्रकार की समितियों की जानकारी देते हुए उनके निर्वाचन सम्बंधित, अंकेक्षण संबंधित, जमा वृद्धि योजना संबंधित व अन्य के अंतर्गत किये गए कार्यों के बारे में बताया गया। कोल्ड रूम निर्माण की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि हंटरगंज और म्यूरहण्ड में कार्य प्रगति पर है एवं बाकी प्रखण्डों में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत प्राप्त 61254 आवेदनों के आलोक में कुल 45172 किसानों का ई-चङ्कष्ट सम्पन्न किया गया है और कुल 60043 किसानों के आवेदन क्कस्नष्ट द्वारा सत्यापित किये गए हैं। धान अधिप्राप्ति के अंतर्गत किये गए कार्यों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने आगे का कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा वर्षामापक यंत्रों का अधिष्ठापन, जन्म-मृत्यु निबंधन कार्य पर एक दिवसीय प्रशिक्षण, जन्म - मृत्यु निबंधन के जाली प्रमाण पत्र को रोकने हेतु किये गए कार्यो समेत अन्य किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। वेद व्यास योजना, नया रियरिंग तालाब योजना, तालाब एवं जलाशय मत्स्य का विकास, मत्स्य प्रसार योजना इत्यादि में प्रगति की जानकारी जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा दी गई।उपायुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना तहत परिसंपत्ति का वितरण, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भधारण कार्यक्रम, टीकाकरण समेत अन्य किये गए कार्यों को लक्ष्य के अनुरूप न पाकर रोष प्रकट करते कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता आधारित योजनाओं पर उदासीन रवैया अस्वीकार्य है तथा कार्यों में जल्द सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। उक्त बैठक में मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकारी आशोक सम्राट, जिला सहकारिता पदाधिकारी निलम कुमारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## प्रखण्ड के चौराही जांगी में दिनदहाड़े जेसीबी से किया जा रहा है डोभा निर्माण



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के चौराही जांगी नदी के ऊपर में इन दिनों विजय यादव द्वारा खुले आम जेसीवी से डोभा निर्माण किया जा रहा है। जबकि पूर्व में भी इस तरह सवेंदक विजय यादव द्वारा पुराने डोभा और गहरा उक्त जमीन पर जेसीवी चला सरकारी रूपये का गमन तो कर रहें है। वहीं गरीब मजदूरों के पेट पर बुलडोजर चला रहे है। जिसका कारण है कि यहां के मजदूर बाहर रोजी रोटी के लिए पलायन कर रहें हैं। बहुत हैरत की बात है कि जब विजय यादव खुले आम जेसीवी से डोभा निर्माणा का कार्य पूर्ण कर पंचायत सेवक हो या इंजीनियर या रोजगार सेवक उनसे निरीक्षण कराया जाता है तो आखिर इंजीनियर और पंचायत सेवक या रोजगार सेवक कैसे फाइनल कर देते हैं यह बड़ी बात है। इससे साफ जाहिर होता है कि मनरेगा योजना में सभी कर्मचारी का मिलीभगत है। जो लाभुक दिन दहाड़े जेसीबी चलाने का हिमाकत कर देता है। वहीं पंचायत के मुखिया का क्या कहना उन्हें भी इन सरकारी प्रसाद पर पूरा हक बनता है और प्रसाद भी भेंट की जाती है। वैसे में अब मनरेगा योजना में मजदूर नहीं मगरूर काम करेंगे।

## जल जीवन मिशन से ग्रामीणों को नहीं हो रहा फायदा

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केन्द्र सरकार ने गांवों में हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाने को लेकर जल जीवन मिशन की शुरुआत की है। इस योजना का उद्देश्य यही है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाकर नल के जरिए हर घर को स्वच्छ जल पहुंचाना पर छः महीने पहले जल मिनार अधिष्ठापन कार्य शुरू होने के बावजूद दर्जनों स्थानों पर सिर्फ फाउन्डेशन कार्य कर छोड़ दिया गया है, स्ट्रक्चर भी खड़ा नहीं किया जा सका है। जहां गुरुवार को प्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाया गया कि संवेदक के द्वारा काफी अनियमितता और लापरवाही बरती जा रही है, निर्माण कार्य में शिथिलता बरती जा रही है। मौके पर प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने कहा कि अबतक ग्रामीण परिवारों तक नल से जल का कनेक्शन पहुंचना तो दूर फाउन्डेशन तक नहीं हुआ है। वहीं सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने कहा कि निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं किया जा रहा है ।जल मिनार अधिष्ठापन के लिए कम वजन का स्ट्रक्चर, मोटर टंकी निम्न स्तर का लगाया जा रहा है। वहीं संवेदक की मनमानी का आलम यह है कि महीनों से जमीन पर बिखरे स्ट्रक्चर धूल फांक रहे हैं।उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल ने कहा कि ग्रामीण पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। संवेदक के लापरवाही व निर्माण कार्य में रुचि नहीं लेने से योजना अधर में है।इस संबंध में ग्रामीणों के हवाले से प्रतिनिधियों ने जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव से गुजारिश किया है कि मामले पर संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई करें।

# प्रतिबंधित वन क्षेत्र में बीड़ी पत्ते का अवैध कारोबार, वन विभाग मूकदर्शक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरवाडीह :** पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र जो प्रतिबंधित है। जहां जंगल को सुरक्षित रखने वन्य जीवों के संरक्षण के लिए प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपए का आवंटन होता है। जहां वन्य प्राणी हिरण को आवारा कुत्तों से बचाव के लिए जंगल में 88 लाख का चारदिवारी निर्माण कर दिया जाता है। जहां हर साल लाखों रुपए की लागत से नए पुराने योजनाओं का निर्माण व मरम्मती किया जाता है। जहां हर साल नेता मंत्री आते हैं और अपना अपना हिसाब कर चले जाते हैं। वहीं इमारती पेड़ों का व्यापार और हिरण का शिकार हो जाता है। वहीं बाघ व तेंदुए का पगमार्क ढुंढने में लाखों रुपए खर्च कर दिए जाते हैं। इस बीच 160 रुपए की मजदूरी के आड़ में लाखों करोड़ों के अवैध बीड़ी पत्ते का कारोबार वन विभाग के खामोशी के बीच बेरोकटोक धड़ल्ले से चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बीड़ी पत्ता मजदूरों को कोई सुविधा नहीं दी जा रही है न ही कुछ मिलने की संभावना है ।बता दें कि निगम के माध्यम से बीड़ी पत्ते खरीदे जाते थे तब मजदूरों को उचित दर के साथ पैर में जुते ,चना, गुड़ और बोनस दिया जा रहा था। यहां तो मिलीभगत से ठेकेदार द्वारा बीड़ी पत्ते की अवैध तुड़ाई की जा रही है तो मजदूरों के हिस्से क्या मिला वही दिन रात की कमाई 160 रुपए।देखना होगा गरीब असहाय मजदूरों के मजबूरी को नव पद स्थापित वन प्रमंडल पदाधिकारी व जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव को मामले पर संज्ञान लेने की जरूरत है।

# घर-घर जल नल योजना में हो रही है घोर अनियमितता

**➲ग्रामीणों ने जताया विरोध कहा सही सामान का करें उपयोग अन्यथा बंद करें काम**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत गांव में मुख्यमंत्री महत्वाकांक्षी योजना के तहत घर घर जल नल योजना में लगाए जा रहे सामान की घोर अनियमिता बरती जा रही है। जिसे देख ग्रामीणों ने जमकर विरोध कर रहे हैं। और काम करने वाले मुंशी मजदूर सुपरवाइजर को काम बंद करने की बातें भी कहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि अच्छे सामान का उपयोग घर घर जल नल में नहीं लगातें है तो काम को बंद रखें।उसके उपरांत ग्रामीणों ने कार्य को लेकर प्रमुख अनीता यादव एवं मुखिया जगदीश यादव को बताया। जहां स्थल पर प्रमुख पहुंचकर जांच उपरांत सही सामान लगाने की बात सुपरवाइजर दिवाकर कुमार को कही। साथ ही साथ ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस योजना में प्रत्येक घर में नल लगाना है जबकि दो घरों के बीच एक नल लगाया जा रहा है एवं घर के सभी परिवारों का आधार कार्ड पहले ही ले लिया है साथ ही साथ ग्रामीणों का कहना है कि पाइप को जमीन के ऊपर ही रखकर मिट्टी से ढक दिया जा रहा है जोकि आने जाने वाला गाड़ी के दबने से तुरंत टाइम खराब हो सकती है मौके पर उपस्थित दर्जनों ग्रामीण मौजूद हैं।

## सड़क दुर्घटना में घायल फातमा खातून ने रिम्स में तोड़ा दम

**हंटरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम डटमी निवासी सावर्गीय मो नसीम की पत्नी फातमा खातून उर्फ चांदो गुरुवार को सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गई थी जिसका आज शुक्रवार को रिम्स में ईलाज के दौरान मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को अपने ईलाज के लिए बाइक से अपने बीस वर्षीय पुत्र मो नईम के साथ शेरघाटी गई थी।शेरघाटी से ईलाज करा कर वापस अपने घर डटनी लौट रही थी अचानक चक्कर आया और बाईक से गिर पड़ी। घायल अवस्था में ईलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया ले जाया गया जहां चिक्सकों ने बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया ।रिम्स में किसी तरह भर्ती कराया गया परंतु आज शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। ज्ञात हो की छः माह पुर्व ही चांदो के पति मो नसीम गंभीर बीमारी किडनी और हार्ट से उसकी मौत हो गई थी। चार बच्चों का लालन पालन मां किसी तरह से कर रही थी। पुत्रों में मो नईम, मो नाजिम पुत्रियों में नौशाबा और नफीसा अब बिल्कुल अनाथ हो गए हैं। इनलोगों का लालन पालन और पढ़ाई लिखाई पुरी तरह से बाधित हो गया है।

# उपायुक्त के निर्देश पर होटलों व ढाबों में चला अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त लातेहार के निदेशानुसार जिले को बाल श्रम की कुप्रथा से मुक्त करने के उद्देश्य से आज दिन शुक्रवार को लातेहार स्टेशन के अंतर्गत होटलों, ढाबो आदि में आभियान चलाया गया एवम सभी नियोजकों को बाल एवम किशोर श्रम (प्रतिषेध एवम विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत सुचना प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान श्रम अधीक्षक लातेहार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, श्रम कार्यालय के रंजीत कुमार, विजय सिंह, चाइल्ड लाइन के टीम, वेदिक सोसायटी एवम लातेहार थाना के पुलिस टीम मौजूद थे।

## आदिम जनजाति के बीच पहुंचे अंचलाधिकारी गर्मी से बचने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत गांव के जपुआ टोला में निवास करने वाले आदिम जनजाति परिवारों के बीच 2 जून को अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक पहुंचे। एवं आदिम जनजाति के परिवारों एवं बच्चों को गर्मी से बचकर रहने की बातें कही। साथ ही साथ दोपहर में शिकार करने के लिए जंगल झाड़ नहीं जाने की बातें कहीं। एवं बच्चों को मिठाई खिलाएं। आगे इन्होंने आदिम जनजाति के परिवारों को घर में रहने का आश्वासन दीया मौके पर उपस्थित अवध किशोर दांगी एवं बिरहोर परिवार के लोग उपस्थित थे।

# चतरा जिला जल छाजन विभाग में लूट की छूट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला जल छाजन विभाग के एक अधिकारी द्वारा कई प्रखंडों में योजना आवंटन करने में मचाई जा रही है धांधली। जल छाजन विभाग के कई योजनाओं में बड़े पैमाने पर कमीशन खोरी कर हो रहा है महाघोटाला। एक अधिकारी के संरक्षण में चुनेंदे संगठित गिरोहों के गुर्गो को लाभ देकर किया जा रहा है लीपापोती। वहीं आम ग्रामीण व योग्य पात्रताधारी विभागीय लाभ पाने से हो जा रहे हैं महरुम। दर्जनों पंचायतों के मुखियाओं ने जलछाजन विभाग से क्रियान्वित योजनाओं के उच्चस्तरीय जांच उक्त अधिकारी के काली करतूत खुलने का किया है दावा। पंचायत मुखिया के बगैर जानकारी के जलछाजन योजना गुपचुप तरीके से संचालित कर किया गया रफा-दफा करने का आरोप।

## केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने चलाया महा जनसंपर्क अभियान



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र में बनी सरकार के 9 वर्ष पूरा होने पर संगठन के द्वारा महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसके तहत शुक्रवार को सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित केंद्रीय विद्यालय चतरा के सामने संगठन के सभी कार्यकर्ताओं के साथ केंद्र सरकार की 9 वर्ष के कार्यो और चतरा जिले में सरकार की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि मोदी जी के शासनकाल में चतरा जिला अपनी एक अलग पहचान बना रही है। सबसे तेजी से बदलने वाले जिले के रूप में आज चतरा है। केंद्र सरकार के प्रयास से एनटीपीसी का पावर प्लांट, सीसीएल की खदानें, चोरकारी पावर ग्रिड, केन्द्रीय विद्यालय सिमरिया, सिमरिया बायपास सडक निर्माण, चतरा बायपास सडक निर्माण, सबसे बड़ी परियोजना भारतमाला परियोजना जो कि 3 राज्य को चतरा जिले से जोडेगी। यह सडक बनारस से चलकर कोलकाता तक जाने वाली है। जिसमें चतरा जिले के कई इलाके जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्यालय खुलने से जिले में शिक्षा का स्तर काफी उपर उठा है। यहां के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल पा रहा है ।साथ में अग्रणी संस्थान के खुल जाने से शिक्षा के माहौल में भी बदलाव आया है। वहीं कोल खधानें और एनटीपीसी खुलने से हजारों युवाओं को बेरोजगारी से निजात मिला है। युवा विभिन्न माध्यमों से उनसे जुड़ कर रोजगार पा रहे हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा , जिला मंत्री मिथलेश गुप्ता, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट सिंह, उपेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष दयानिधि सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अमित कुमार साहू, मीडिया प्रभारी मारुति नंदन, भोला सिंह, धर्मेन्द्र साहु, आनंद यादव, लिलाधर महतो, सुनिल कुमार, गणेश सिंह, बिजेन्द्र कुमार, आशीष कुमार साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श शिशु विद्या मंदिर में भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला कार्यसमिति जिला अध्यक्ष छोटू राजा के अध्यक्षता मेंसंपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यसमिति में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी शामिल हुए। जिला कार्यसमिति को संबोधित करते हुए किसलय तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार के 9 साल पूरे हो गए हैं इन 9 सालों में मोदी जी के द्वारा कई जन कल्याणकारी योजना चलाए जा रहे हैं जिसका लाभ पूरे देशवासियों को मिल रहा है श्री तिवारी ने आगे कहा कि कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अपने क्षेत्र के हर एक लोगों पास जाकर बताना है। मंच संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह के द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री अश्विनी सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश पांडे आशुतोष सिंह चेरो जिला उपाध्यक्ष शह प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी सुमंत कुमार रोहित शाह देव मंत्री सर्वेश कुमार मीडिया प्रभारी आलोक कुमार पवन राजा प्रशांत सिंह सूरज कुमार निराला रोशन शुक्ला अंकित कुमार गोलू संदीप केसरी विनय वर्मा अनूप कश्यप रोहित कुमार प्रभु उरांव पारस जायसवाल हेमंत कुमार लव यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।


# बारियातू में मिशन फॉर लाइफ एन्वायरमेन्ट को लेकर बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बारियातू :** बारियातु प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में पर्यावरण के साथ जीवन शैली जीने को लेकर बैठक की गई। बैठकी अध्यक्षता प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी ने किया। इस बैठक मे उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने उपस्थित प्रखंड कर्मी व पंचायत प्रतिनिधियों को बताया कि मिशन फॉर एनवायरमेन्ट का मतलब पर्यावरण का संरक्षण हो। पर्यावरण के आधार पर जीवन शैली जीने की बात कही. वहीं बातया की आप सभी अपने-अपने क्षेत्र मे पर्यावरण को बचाने के लिए लोगों को उत्प्रेरित करें तभी हम सभी सही दिशा में आगे बढ़ पाएंगे। विजली पानी, पेंड पौधे, जीव जंतु को नष्ट नहीं करें। इनके नष्ट होने पर हमारा भी अस्तित्व खत्म हो जाएगा। पर्यावरण को बचाना हर एक इंसान को अतिआवश्यक है। पर्यावरण के साथ जीवन जीने के लिए कृषि उत्पादन मे जैविक खाद उपयोग करना, पेंड पौधे को कटाई से बचाएं, वन प्राणियों को नुकसान नहीं पहुँचाएं, यानि प्रकृतिक आधार पर जीवन जीने की अपील की. वहीं प्रमुख उर्मिला देवी ने भी सम्बोधित करते हुए प्रकृतिक संरक्षण पर प्रकाश डाला. वहीं सभी पंचायत प्रतिनिधियों से गाँव टोले मुहल्ले मे जागरूक करने की बात कही. बीपीओ रवि यादव ने कहा कि प्रकृति ही ऐसा है जो किसी भी प्राणी के साथ भेदभाव नहीं करता, बिना मांगे सभी को समान रूप से चीजो को देता है प्रकृति के दिए हुए हर चीज को उपयोग कर हम सभी जीवन जीते हैं। यदि हम सब समय रहते जागरूक नहीं हुए तो आने वाला भविष्य पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। मौके पर सभी पंचायत मुखिया, स्वयंसेवक, पंचायत सचिव, मनरेगा कर्मी, रोजगार सेवक, प्रखंड समन्वयक सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## पांच जून को प्रसिद्ध कथावाचक राजन जी महाराज आयेंगे लातेहार



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिन्दू परिषद् जिला लातेहार जिला की जिला बैठक श्री राम वाटिका में की गई ! बैठक का विषय आगामी 5 जून को श्री राम कथा वाचक श्रीमान राजन जी महाराज का कार्यक्रम के निमित्त बैठक बुलाई गई थी !इस कार्यक्रम में कथा आयोजकों के द्वारा आग्रह किया गया था कि इस कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाते हुए धार्मिक माहौल बने और राजन जी महाराज का भव्य स्वागत विश्व हिंदू परिषद लातेहार जिला करें। इस निमित्त सभी जिला अधिकारी प्रखंड अधिकारी इस बैठक बुलाई गई थी जिसमें उपस्थित रहे। अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, जिला मंत्री संजय तिवारी ,विभाग संगठन मंत्री विजय यादव, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद गुप्ता, जिला सह मंत्री विकास मित्तल, धर्माचार्य प्रमुख सुभाष, जिला सह संयोजक नितीश, दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका बहन कंचन दीदी नमिता दीदी सोनम दीदी प्रियंका दीदी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रम विभाग के द्वारा पैंट-शर्ट/साड़ी का मुखिया ने किया वितरण

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के गाल्होवार पंचायत भवन में शुक्रवार को श्रम विभाग झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत निबंधित श्रमिकों के बीच पैंट -शर्ट/साड़ी योजना के तहत निबंधित श्रमिकों के बीच पैंट -शर्ट/साड़ी मुखिया मंजू देवी के हाथों द्वारा वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड श्रमिक मित्र राजेश्वर महतो ने श्रम विभाग के द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजना श्रमिक औजार सहायता योजना सेफ्टी किट योजना साइकिल सहायता योजना मातृत्व प्रसुविधा योजना मृत्यु दुर्घटना योजना चिकित्सा सहायता योजना समेत अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दिए। साथ ही प्रत्येक वर्ष ?100 वार्षिक अंशदान करने के लिए प्रेरित किया गया.ताकि निबंधित श्रमिकों का बीमा सुरक्षित रहे। इस अवसर पर मुखिया मंजू देवी, मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा,प्रखंड श्रमिक धनेश्वर महतो समेत अन्य निबंधित श्रमिक समेत ग्रामीण मौजूद थे।

### संसाद जयन्त सिन्हा ने पटेल चौक में स्थापित ट्रामा सेन्टर का निरीक्षण किया

**रामगढ :** हजारीबाग लोकसभा के सांसद जयन्त सिन्हा द्वारा रामगढ़ पटेल चौक में स्थापित ट्रामा सेन्टर का निरीक्षण करने शुक्रवार को अपराह्न 3 बजे पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पहुंचे जहां भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल के नगर अध्यक्ष शिव कुमार महतो के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। वहां उन्होंने रामगढ़ सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से ट्रामा सेंटर के संबंध में जानकारी ली तथा अधिक से अधिक जनोपयोगी बनाने पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। इस मौके पर नायक टोला के मुहल्लावासियों के द्वारा हर घर नल से जल से नहीं जुड़ने को लेकर एक विज्ञप्ति सुरजीत सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में सौंपा। जिस पर उन्होंने तुरन्त छावनी परिषद अधिशासी अधिकारी से दुरभाष पर पानी की समस्या से निदान हेतु बात की । वहीं घाटी में लगातार हो रहे दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना को लेकर संबंधित अधिकारियों से लेकर जानकारी ली। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता लोकसभा सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, नारायण चंद भौमिक, रंणजय कुमार उर्फ कुंटु बाबु ,जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, मल्लिका दत्ता, सुजाता शर्मा, दिलीप दत्ता, योगेश कुमार दांगी,अनुप ठाकुर , दीप्ती केसरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

### लोहरदगा के एकदिवसीय प्रवास पर रहें हजारीबाग विधायक, संघ शिक्षा वर्ग में हुए शामिल

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल शुक्रवार को लोहरदगा जिले के प्रवास पर रहें। सर्वप्रथम वे यहां शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा परिसर में आयोजित राष्ट्रिय स्वयंसेवक संघ के संघ शिक्षा वर्ग में शामिल हुए और वर्ग में शामिल स्वयंसेवकों का हौसला बढ़ाया। विधायक मनीष जायसवाल ने यहां भाजपा झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री कर्मवीर, लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत हजारीबाग के पूर्व सांसद प्रो.यदुनाथ पांडेय सहित कई अन्य अभिभावक तुल्य जनों से भी मुलाकात की और संगठनात्मक मजबूती को लेकर विशेष चर्चा-परिचर्चा की । तत्पश्चात हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी निवासी प्रसिद्ध व्यवसाई अजय कुमार अग्रवाल के भतीजा अधिवक्ता अभय कुमार का विवाह आगामी 05 जून 2023 को लोहरदगा के महादेव आश्रम रोड़ निवासी कुमुद कुमार अग्रवाल की सुपुत्री अनुज्ञा कुमारी (कृति) से संपन्न होने जा रहा है। इनके शादी से पूर्व ही अपने लोहरदगा प्रवास के क्रम में कन्या पक्ष के परिवारजनों से वे मिले और कन्या को अग्रिम आशिर्वाद और शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल के साथ विशेषरूप से समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह मौजूद रहें ।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन, रामगढ़ में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने उपस्थित सभी सहियाओं को उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी वहीं उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आप सभी सहियाओं ने स्वास्थ्य के साथ-साथ समाज कल्याण के क्षेत्र में कार्य किया है वह सराहनीय है लेकिन अभी भी काफी कार्य करना बाकी है। कोरोना काल में भी आपने सराहनीय कार्य किया। मौके पर उपायुक्त ने सभी सहियाओं से आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ समन्वय बनाकर अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करने की अपील की। मिश्रा ने कहा कि विगत कुछ समय में रामगढ़ जिले में लिंग अनुपात की दिशा में आपने अच्छा कार्य किया है लेकिन अभी भी कई क्षेत्रों में लोग




बेटे एवं बेटियों में फर्क करते हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि हम सभी इस तरह की भ्रांतियों को दूर करने में अपना पूरा योगदान दें। सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं इस दिशा में चलाई जा रही हैं। इस संबंध में उपायुक्त ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने के साथ-साथ कुपोषण को दूर करने के दिशा में भी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उपायुक्त ने कहा कि अगर गर्भवती महिलाओं का ससमय ए एएनसी चेकअप किया जाए तो बहुत हद तक हम कुपोषण को दूर कर सकते हैं। साथ ही बच्चों का समय टीकाकरण कर स्वास्थ्य की दिशा में भी रामगढ़ जिला को आगे ले जा सकते हैं।

## चापाकल की मरम्मत के लिए उपलब्ध कराएं गाड़ी व मिस्त्री : प्रभात कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** समाजसेवी सह आजसू पार्टी के युवा नेता प्रभात कुमार ने कहा कि शुद्ध पेयजल को लेकर जनता प्यासी हैं। हमारे प्रखंड क्षेत्र में चापाकल जहां खराब हैं। जो कि शुद्ध पेयजल को लेकर एक जल वाहन जनता-जनार्दन मौजूद हैं। इसके कारण ग्रामीणों के बीच में काफी आक्रोश देखा जा रहा हैं। आक्रोश शुद्ध पेयजल को लेकर हैं। आम ग्रामीणों बैठक की गई। उक्त बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि पीएचडी विभाग को ज्ञांपन सौंपा जाएगा। वहीं रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड क्षेत्र में कुल 21 पंचायत हैं। इन 94 गांव हैं। सिर्फ एक ही वाहन से जहां शुद्ध पेयजल आपूर्ति होती हैं। हर पंचायतवार में आबादी को देखते हुए। वाहनों की संख्या बढ़ाई जाए। जिससे हर टोले मोहल्लें में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हो सके। इसके साथ ही झारखंड सरकार के तरफ़ से जहां पर नल जल योजना संचालित हो रही हैं। वहीं पर शुद्ध पेयजल आपूर्ति कम रही हैं। जलटंकी ख़राब पड़े हुए हैं। जनता की समस्याओं को देखते हुए। मरम्मत अतिशीघ्र कार्य किया जाए। जिले के पीएचडी विभाग के सक्षम पदाधिकारी द्वारा सिर्फ खानापूर्ति की जा रही हैं। सिर्फ सरकारी पदाधिकारियों संपर्क सूत्र सार्वजनिक तौर पर करने से समस्याओं हल नहीं होगा। वहीं पीएचडी विभाग के सक्षम पदाधिकारी कार्यालय बैठकर मज़े ले रहे हैं।

## मोदी सरकार के नव वर्ष में नवनिर्माण व सशक्त बना भारत : जेपी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने विष्णुगढ़ प्रखण्ड में केंद्र सरकार द्वारा हो रहे विकास कार्य को जन-जन तक पहुँचाने के लिए विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत बेड़ाहरियारा के ग्राम रमुआँ में पूर्व के राजा गढ़ में आई.टी.आई कॉलेज के निर्माण का जायजा लिया एवं बगल में ही एम.एस. एम.ई भारत सरकार के द्वारा विष्णुगढ़ ब्रास एंड ब्रॉन्ज कलस्टर का भी हो रहे निर्माण का निरीक्षण किया । मोदी सरकार के द्वारा किये जा रहे विकास के कार्य की उपलब्धि को बताते हुए माण्डू विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत नौ वर्ष के कम समय मे भारत सशक्त होने के साथ पंचायत स्तर से लेकर केंद्र तक विकास एवं नवनिर्माण की गाथा लिख रहा है।इसी क्रम में विष्णुगढ़ प्रखण्ड में भी केंद्र की अनेको योजनाओ का कार्य प्रगति पर है।

## पतरातू सांसद जयंत सिन्हा का महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत पतरातू मंडल के पीवीयूएनएल गेट के समीप भारतीय जनता पार्टी के द्वारा विकास तीर्थ स्वरूप नवनिर्मित 4000 मेगावाट के पीवीयूएनएल प्लांट समीप लोकसभा के सांसद जयंत सिन्हा की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगढ़ जिला के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता एवं संचालन मंडल उपाध्यक्ष सह मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा किया गया।सांसद जयंत सिंहा ने कहा की प्लांट के आने से कैसे राष्ट्र विकास के साथ-साथ राज्य और क्षेत्र का तथा स्थानीय लोगों का आर्थिक विकास भी निरंतर हो रहा है।आगे उन्होंने कहा कि झारखंड हजारीबाग लोकसभा अंतर्गत पीवीयूएनएल प्लांट पूरे राज्य में सबसे बड़ा विकास का पैमाना है।भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा अब हमारे रामगढ़ जिला से कोयला के साथ-साथ बिजली भी पूरे देश में जाएगा।

## श्रीनिवास पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में 25 विधार्थियो को पारामेडिकल की दी जाएगी नि:शुल्क शिक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेन्टल साइंसेस एंड हॉस्पिटल परिसर में स्थित श्रीनिवास इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस में स्कॉलरशिप प्रोग्राम मे अधिक अंक से उत्तीर्ण हुए 25 विधार्थियो को पारामेडिकल की निशुल्क शिक्षा का दिन शुक्रवार को परिणाम पत्र जारी हुआ। यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी द्वारा प्रायोजित हुआ था। 2023-25 पारामेडिकल कोर्स में दाखिला लेने के लिए आकांक्षी थे। कई विधार्थियो ने



स्कॉलरशिप प्रोग्राम में भाग लिया। इंस्टीट्यूट की घोषणा के अनुसार अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले पचीस विधार्थियो को अब निशुल्क शिक्षा दिया जायेगा। गरीब एवं होनहार विधार्थियो को पारामेडिकल की शिक्षा प्राप्त करने में सहुलियत मिलेगा। इन विधार्थियो को मुफ्त पारामेडिकल शिक्षा में कोर्स दो वर्षो के लिए डिप्लोमा इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीशियन डीएमएलटी, दो वर्षो के लिए डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन, दो वर्षो के लिए डिप्लोमा इन ओफ्थाल्मिक टेक्नीशियन, दो वर्षो के लिए डिप्लोमा इन ओ.टी. टेक्नीशियन एवं एक वर्ष के लिए सर्टिफिकेट इन ड्रेसर की शिक्षा दिया जाएगा।

## जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक मामले आए, उपायुक्त ने निष्पादन करने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में, भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए ।तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## पदमा में पुलिस और ग्रामीण में झड़प ग्रामीणों ने पुलिस पर किया पथराव, कई पुलिसकर्मी घायल जेसीबी मशीन को किया गया क्षतिग्रस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** पदमा ओपी थाना क्षेत्र के रोमी बंगला स्थित बीएसएफ कर्मी प्रकाश शर्मा के नाम से उपायुक्त हजारीबाग द्वारा बंदोबस्त खाता नंबर 32 प्लॉट 1141 रकवा 10 डिसमिल भू भाग को पूर्व में चिन्हित किया गया था। इस चिन्हित गैरमजरूआ खास खाते के भूभाग को कब्जा करने पहुंचे पुलिस दल के साथ अंचलाधिकारी और पदमा थाना प्रभारी को स्थानीय महिलाओं व ग्रामीणों की भारी विरोध का सामना करना पड़ा। अंचलाअधिकारी द्वारा ग्रामीणों को काफी समझाने बुझाने पर भी ग्रामीण नहीं माने और उग्र ग्रामीणों



ने स्थल पर कार्यरत जेसीबी मशीन के सामने बैठकर कार्य अवरुद्ध कर दिया। कार्यस्थल पर उपायुक्त द्वारा गठित टास्क फोर्स के पहुंचते ही ग्रामीणों द्वारा इन पर पथराव कर दिया गया। तथा जेसीबी मशीन को क्षतिग्रस्त कर चालक को जख्मी कर दिया। इस घटना में चालक इब्राहिम अंसारी,सहित एक पुलिस जवान, महिला पुलिस को भी गंभीर चोट आई है। कई अन्य जवान भी चोटिल हुए हैं। ग्रामीणों को उग्र देखकर पुलिस बल को आंसू गैस का इस्तेमाल कर भीड़ पर काबू पाया गया। तथा भीड़ को तितर-बितर किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजुर, एसडीपीओ नजीर अख्तर, सीओ मुजाहिद अंसारी, थाना प्रभारी शिव दयाल सिंह, दंडाधिकारी सोनु राम, अंचल अमीन आनंद कुमार प्रधान, सहायक रविंद्र कुमार,सहित भारी संख्या में पुलिस बल के जवान महिला-पुरुष उपस्थित देखे गए।

## सीमा सुरक्षा बल से सेवानिवृत्त जवान की अपनी पैतृक गांव वापसी पर गर्मजोशी के साथ किया गया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत बरवां गांव के भारतीय अर्द्धसैनिक सुरक्षा बल में तैनात बीएसएफ जवान भागीरथ प्रसाद की घर वापसी पर सलैया पंचायत के पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद के नेतृत्व में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के द्वारा भागीरथ प्रसाद को शॉल व फुल माला पहनाकर स्वागत किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि गरीब और किसान परिवार में पैदा हुए एकलौता पुत्र भागीरथ प्रसाद के महान माता पिता को नमन करता हूं कि अपने कष्ट झेलते हुए अपने एकलौते पुत्र को देश सेवा के लिए समर्पित किया।

## ग्रामीण योजना का लाभ लेने के लिए आगे बढ़ें और अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करें : सुधीर मंगलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत भवन परिसर में लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरी का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश लाभुकों के बीच 4 यूनिट बकरी व 2 यूनिट सुअर वितरण किया।बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सरकार बेरोजगार युवाओं, विधवा महिलाओं को अनुदान पर बत्तख, बॉयलर व गो पालन के लिए पशुधन दे रही है। ताकि उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जा सके।बकरी पालन कर आमदनी का एक अच्छा स्रोत है। इससे किसान समृद्ध बन सकते हैं। बकरी पालन योजना आय का प्रमुख स्रोत है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना शुरु किया है। ग्रामीण योजना का लाभ लेने के लिए आगे बढ़ें और अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करें। मौके पर प्रखंड पशुपालन अधिकारी डॉ संगीता कुमारी मुखिया चुडरी देवी उतम महतो रविकांत महतो मकरध्वज करमाली उपेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

## ऑस्ट्रेलिया के सिडनी से पहुंचे विदेशी मेहमान ने किया गौशाला का भ्रमण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** गर्मी की छुट्टियां में अक्सर हर कोई विदेश तथा देश के विभिन्न इलाकों में अपनी छुट्टी मनाने के लिए जाते हैं परंतु हजारीबाग शहर में 3 दिन पूर्व ऑस्ट्रेलिया के सिडनी से पहुंचे पीटर रॉय, मारीचु दो अतिथि पहुंचे है । बताया जाता है कि हजारीबाग की प्राकृतिक सुंदर वादियों को इन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से काफी बार देखा है। इनका कहना है की हजारीबाग अपनी और खींच लाई है। हजारीबाग के विभिन्न पर्यटक स्थल का इन्होंने भ्रमण किया जैसे झील, कन्हरी पहाड़, नेशनल पार्क तथा रोटरी नेत्रालय का भ्रमण किया। इसके बाद उन्होंने शुक्रवार को देर शाम कोलकाता पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर पहुंचकर गौ माता की सेवा कर गौशाला का भ्रमण किया। इनकी सेवा देख गौशाला के कर्मचारी भी मनमोहित हुए। बताया जाता है कि हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन के पीटर रॉय, मारीचु विदेशी मेहमान प्रिय मित्र हैं। चंद्र प्रकाश जैन के द्वारा इनका हजारीबाग की पावन धरती पर स्वागत किया गया।

## एचएमसीएच में प्रबंधकीय लापरवाही के कारण ऑक्सीजन सप्लाई हुआ बंद, ऑक्सीजन के लिए तड़पती रही एक हृदय रोगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पर्याप्त साधन- संसाधन रहने के बावजूद प्रबंधन की घोर लापरवाही और चिकित्सकीय मनमानी के कारण इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है जिसके कारण यहां इलाजरत जरूरतमंद मरीजों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में 2 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट अधिष्ठापित होने के बावजूद एक हृदय रोगी मरीज को ऑक्सिजन के लिए घंटों तपड़पना पड़ा। जब ऑक्सीजन की कमी के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अफरा-तफरी मची तो जरूरतमंद मरीज के परिजनों ने इसकी जानकारी रात्रि करीब 1ः00 बजे हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल को दी। तत्काल विधायक मनीष जायसवाल ने इसे गंभीरता से लेते हुए अपने मीडिया प्रतिनिधि रंजन



चौधरी को अस्पताल भेजा। विधायक प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अस्पताल पहुंचकर जब स्थिति को जानना चाहा तो ना सिर्फ वरिष्ठ नागरिक वार्ड बल्कि कई अन्य वार्डों में भी बदहाली की स्थिति दिखी। वार्डों में ना तो ऑक्सीजन सिलेंडर था ना ही ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और ना ही ऑक्सिजन की पाइप लाइन से आपूर्ति हो रही थी। बीते दिनों हजारीबाग में आई भयंकर आंधी- तूफान के कारण पूरे जिले की बिजली व्यवस्था लचर होने के बाद भी इसे महज कुछ दिनों में ही ठीक कर लिया गया।

## मन का मिलन पखवाड़ा के तहत चितरपुर प्रखंड कार्यालय में जागरूकता अभियान का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वधान में चल रहे मन का मिलन पखवाड़ा को लेकर शुक्रवार को चितरपुर प्रखंड कार्यालय में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई कोर्ट में लंबित मामले के मुकदमे मध्यस्था हेतु, व्यवहार न्यायालय स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में संपर्क करने को कहा। इस जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए पारा लीगल वॉलिंटियर दुर्गेश कुमार ने कहा विशेष अभियान 29 मई से 14 जून तक चलाया जाएगा। विशेष अभियान के तहत आम जनता को मध्यस्था के माध्यम से वादों का निष्पादन किए जाने के महत्व को बताया जाएगा जिसमें अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किया जा सके। मध्यस्था से निर्णय होने पर दोनों पक्षों की जीत होती है साथ ही समय और धन की बचत के साथ साथ संबंध भी बना रहता है। इसमें भाग लेने वालों के बातों की जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहती है।

## हजारीबाग को टूरिज्म कैपिटल बनाने का हो प्रयास, मौजूद है संभावनाएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** जनसंवाद यात्रा के तहत चंदवारा के मदन गुंडी में सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए संजय मेहता ने कहा कि हमारे पास रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं लेकिन सही नीति नहीं होने के कारण अवसर को बाहरी तत्व छीन ले रहे हैं।उन्होंने कहा कि स्वरोजगार के मसले पर भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। यदि बरही हजारीबाग के इलाके को टूरिज्म कैपिटल के तौर पर विकसित किया जाता तो यहां पर पर्यटन से काफी आमदनी होती। सरकार को भी राजस्व मिलता।उन्होंने कहा कि पूरा हजारीबाग का इलाका प्रकृति की गोद में बसा है आसपास कई बड़े डैम भी हैं।

## डिवाइन ओंकार मिशन आश्रम में दस साल से जीवन यापन कर रहा शुभम वर्मा को उसके पिता से मिलाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** डिवाइन ओंकार मिशन आश्रम में सन 2012-13 में एक छोटे से अबोध बालक को लाकर जिला प्रशासन के द्वारा डिवाइन ओंकार मिशन आश्रम में रखा गया था उस बालक को उस वक्त कुछ भी नहीं पता था कि वह कौन है कहां से आया है कहां उसका घर है कहां उसके माता-पिता है।प्रशासन के द्वारा जो पत्र जारी हुआ था उसमें दर्शाया गया इस बच्चे का नाम शुभम वर्मा है और किसी घटना चक्र में फस कर उसके पापा टिंकू वर्मा इस वक्त जेल में है । उसकी मां अब इस दुनिया में नहीं रही सन 2012-13 से ही शुभम वर्मा डिवाइन ओंकारमिशन आश्रम में रहकर अपना जीवन यापन कर रहा था। डिवाइन ओंकार मिशन के द्वारा जो लंगर सेवा चलाई जाती है उस लंगर प्रसाद सेवा में 1 दिन टिंकू वर्मा भोजन करने आए थे और उन्होंने अपने बच्चे को देखा और पहचान लिया उसके बाद सारी प्रशासनिक कागजी कार्रवाई करने के बाद आज शुभम वर्मा को उनके पिता टिंकू वर्मा के हाथों सौंपा गया । करीब 10 साल उस अबोध बालक को डिवाइन ओंकार मिशन ने उसका लालन-पालन किया पढ़ाई लिखाई कराई उसका भरण पोषण करके आज टिंकू वर्मा के हाथों उनके बेटे को मिलाया । डिवाइन ओंकार मिशन परिवार भगवान से प्रार्थना करते हैं कि शुभम वर्मा जहां भी रहे जिस लाड प्यार से संस्था ने उसे इतना बड़ा किया आगे भी उसे इसी प्यार ,दुलार और जीवन के अच्छे मार्गदर्शन मिलता रहे और वह अपने जीवन में खूब तरक्की करें ।

## जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने एक साल के विकास व अनुभव को साझा किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** पश्चिमी जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने 1 साल का कार्यकाल पूरा होने पर अपने विकास कार्यों और अनुभव को मीडिया के सामने प्रस्तुत किया। यास्मीन निशा ने कहा के पंचायती राज्य में जो स्थान जिला परिषद को दिया गया है उसके अपेक्षा में कार्य नहीं कर पा रही हूं, क्योंकि सरकारी प्रक्रिया इतना जटिल और उलझा हुआ है? सरकारी प्रक्रिया को पार करना बहुत मुश्किल है। एक टेबल से दूसरे टेबल तक चक्कर लगाने के बावजूद भी कोई कार्य का स्पष्टीकरण नहीं मिल पाता है। एक साल बीत जाने के बावजूद भी जिला परिषद सदस्यो को कोई प्रशिक्षण नहीं दिया



गया। प्रशिक्षण न मिलने के कारण किसी भी क्षेत्र में कार्य करने में काफी कठिनाई होती है। फिर भी जिला परिषद के द्वारा किए गए कार्यों में बड़कागांव पूर्वी पंचायत में गेस्ट हाउस से लेकर राजू मेहता के खेत तक पीसीसी पथ का निर्माण, बड़कागांव पूर्वी पंचायत अंतर्गत रेंज ऑफिस से ज्ञानोदय स्कूल तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण का कार्य प्रगति पर, बड़कागांव बनिया टोली तालाब का सुंदरीकरण का अनुशंशा, बड़कागांव पश्चिमी पंचायत अंतर्गत चंदन पुर में जल निर्माण के अलावे बड़कागांव में मध्य पंचायत अंतर्गत नाला निर्माण का कार्य अब तक हो सका है। अगर इसी तरह से उच्च जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों का सहयोग मिलता रहा तो बड़कागांव चट्टी स्थित तालाब को छठ तलाब के रूप में विकसित करना है। थाना के बगल में खाली पड़ा जमीन को नगर निगम के तौर पर मार्केट का निर्माण करना। बंद पड़े लाइब्रेरी को चालू करना। लोगो को रोजगार से जोड़ने के इलावा शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयास में लगी हूं।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## गति ने देश भर में प्रभावी, सुविधाजनक और निर्बाध बाईक परिवहन उपलब्ध कराने के लिए लॉन्च की बाईक एक्सप्रेस

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल कार्गो ग्रुप कंपनी और भारत के प्रमुख एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स एवं आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाताओं में से एक गति लिमिटेड ने खासतौर पर डिज़ाइन की गई सुरक्षित एवं ऑन-टाईम बाईक परिवहन सेवा को देश भर में उपलब्ध कराने के लिए बाईक एक्सप्रेस का लॉन्च किया है। यह सर्विस विभिन्न स्थानों पर जाने वाले कामकाजी पेशेवरों एवं छात्रों, पर्यटकों, बाइकरों और उन सभी लोगों के लिए पेश की गई है जो स्वतन्त्र परिवहन सेवाओं का लाभ उठाना चाहते हैं। बाईक एक्सप्रेस कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराती है जैसे देश भर में मुफ्त और आसान डोर पिक-अप डिलीवरी, ऑन-स्पॉट पैकिंग, कस्टमाइज़्ड डिलीवरी, विशेष यात्रा, प्रशिक्षित एवं अनुभवी पेशेवरों के द्वारा नियोजन एवं निष्पादन, वैदर प्रूफ कंटेनर व्हीकल के माध्यम से परिवहन, कन्साइनमेन्ट ट्रैकिंग, लास्ट माईल एवं रिमोट लोकेशन डिलीवरी, 24/7 कस्टमर सपोर्ट आदि। बाईक एक्सप्रेस 150 सीसी तक के लिए रु 4000 के ऑल-इन्क्लुज़िव फ्लैट रेट पर और 150 सीसी से उपर के लिए रु 4500 पर उपलब्ध है।




## फ्लिपकार्ट की बिग एंड ऑफ सीज़न सेल फैशन और लाइफस्टाइल कैटेगरी का सबसे बड़ा उत्सव

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपनी बहुप्रतीक्षित बिग एंड ऑफ सीज़न सेल शुरू करने की घोषणा की, जिससे करीब 2,00,000 विक्रेताओं और 10,000 से ज़्यादा ब्रैंड एक साथ आएंगे, ताकि देश भर के लाखों ग्राहकों को फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल से जुड़े उत्पादों की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराई जा सके। 1 जून, 2023 से शुरू एक सप्ताह तक चलने वाले इस आयोजन के दौरान ग्राहकों को खरीदारी का अलग तरह का खरीदारी का अनुभव मिलेगा। इसके लिए इमेज सर्च, वीडियो कैटलॉग, वर्चुअल ट्राई-ऑन, वीडियो कॉमर्स और टॉप फिल्टर्स जैसे टैक्नोलॉजी आधारित प्रयासों का इस्तेमाल किया गया।इस आयोजन के बारे में अभिषेक मालू, सीनियर डायरेक्टर, फ्लिपकार्ट फैशन ने कहा, %फ्लिपकार्ट में एंड ऑफ सीज़न सेल हमारे लिए सही मायनों में एक त्योहार की तरह है और यह अवसर हमारे ईकोसिस्टम के सभी पक्षों के लिए खुशी का मौका होता है। एक के बाद एक हर सीज़न में इस आयोजन को पूरे भारत के ग्राहकों से काफी सराहना मिली है जिससे हमारे मार्केटप्लेस पर विक्रेताओं और ब्रैंड्स को जबरदस्त वृद्धि करने का मौका मिला है। हमारी लगातार कोशिश टैक्नोलॉजी आधारित खरीदारी का आसान अनुभव उपलब्ध कराकर नए फैशन परिधानों, फुटवियर और ऐक्सेसरीज़ की व्यापक रेंज लोगों तक पहुंचाना है।




## एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल, रांची ने तीन दिन मंचित किया विशेष नुक्कड़ नाटक

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल, रांची द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में एक विचारोत्तेजक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। झारखंड फिल्म एंड एएमपी, थिएटर अकादमी के सहयोग से आयोजित इस नुक्कड़ नाटक का मकसद तम्बाकू के सेवन से होने वाले खतरनाक प्रभावों के बारे में जनमानस के बारे में जागरूकता लाना है। इस नाटक के मंचन का उद्देश्य तंबाकू के विभिन्न उत्पादों के उपयोग से व्यक्तियों, परिवारों और समाज को होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए जनमानस को इस बारे में जागरूक करना है। इस नाटक के माध्यम से तम्बाकू से दूरी बनाने के लिए बताने के साथ उनको व्यवहार में सकारात्मक बदलाव के लिए शिक्षित और प्रोत्साहित करना है। लगातार तीन दिन तक हुए इस नुक्कड़ नाटक का मंचन काफी भव्य ओर रोचक रहा जिसको बच्चों व बड़ो सहित लगभग 200 लोगों ने देखते हुए तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम के बारे में जाना और इस बारे में अपने जानने वालों को बताने का संकल्प दोहराया।

## दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार देर रात मिड-वे होटल के समीप सड़क में खड़े हाईवा में बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मारी जिससे बाइक सवार सनी उरांव की घटना स्थल पर ही मौत हो गईं । बताया जाता है कि तालाटांड निवासी शनि उरांव उम्र लगभग 22 वर्ष पिता शिवचरण उरांव रांची से अपने कॉलेज में एडमिट कार्ड में मोहर लगवा कर देर रात अपने आवास तालाटाड लौट रहे थे। और ऐसा हदसा हुआ।इधर पतरातू थाना को सूचना प्राप्त होते ही प्रशासन घटना स्थल पहुंची । तथा लोगों से पूछताछ कर शव को सीएचसी पतरातू लाया गया । जिसके बाद शनि के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर हॉस्पिटल रामगढ़ भेज दिया गया।

## इलाही बख्श कालोनी में बनाया जा रहा मदरसा व हॉस्टल

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आप तमाम लोगों को यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है के दिनांक 13-06-2023, दिन मंगलवार बाद नमाजे ईशा, इलाही बख्श कॉलोनी में एक जलसे का प्रोग्राम रखा गया है जिसमें अलग-अलग शहरों के आलिम-ए-दीन एवं पीर-ओ-मुर्शिद शामिल होंगे।जलसे के प्रोग्राम के बाद मदरसा एवं हॉस्टल का संगे बुनियाद रखा जाएगा, आप तमाम लोगों से गुजारिश है कि इस ऐतिहासिक प्रोग्राम का हिस्सा बन इसे कामयाब बनाएं।क्योंकि यह एक बड़ा प्रोजेक्ट है जो बिना आपके सहयोग के पूरा नहीं हो सकता है इसलिए आप तमाम लोगों से गुजारिश है के इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट को कामयाब करने के लिए बढ़-चढ़कर सहयोग करें ताकि हम अपनी बच्चियों को बेहतर से बेहतर तालीम देने में कामयाब हो सके।

## पंचायत को खुले में शौच मुक्त को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

**पतरात(प्रभात मंत्र संवाददता):** ग्राम पंचायत बलकुदरा के पंचायत भवन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायत को खुले में शौच मुक्त हेतु ग्रामीणों के बीच ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बलकुदरा पंचायत के गरीब परिवार जिनके घरों में शौचालय निर्माण नहीं हुआ है । वैसे गरीब परिवारों को शौचालय निर्माण किया जाना तय किया गया।तथा वैसे लोगों को प्रज्ञा केंद्र में ओनलाईन आवेदन करने के लिए कहा गया आवेदन के बाद एक माह के अंदर शौचालय बनना तय किया गया । साथ ही पंचायत को ठोस कचरा एवं तरल कचरा से कैसे निपटारा हो इस विषय पर विस्तार पुर्वक विचार विमर्श किया गया । मौके पर ग्राम सभा में जिंदल प्रबंधन सीएसआर विभाग के द्वारा ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया । जिसमें 40 से 50 ग्रामीण इसका निःशुल्क लाभ लिया । ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया विजय मुंडा एवं संचालन जल सहिया अंजु देवी के द्वारा किया गया द्य सभा में पंसस राजू मुंडा,उपमुखिया लक्ष्मी कुमारी,वार्ड सदस्य राधा देवी, पूजा देवी,पूनम देवी,रेखा देवी, संगीता देवी,बिंदिया देवी,किरण देवी इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।

## अनुशासन के साथ शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर विभावि के स्तर को ऊंचा उठाना प्राथमिकता : डा. अजीत

**हजारीबाग(प्रभातमंत्रसंवाददता):** विश्वविद्यालय में अनुशासन के साथ विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों को बढावा देकर शैक्षणिक स्तर को ऊंचा करना मेरी प्राथमिकता है। यह बातें विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में लोगों को संबोधित करते हुए कही। इससे पूर्व डा सिन्हा विभावि परिसर पहुंचने पर विनोबा भावे की प्रतिमा का माल्यार्पण व पुष्पार्चन किया। इसके बाद कुलपति कक्ष पहुंचकर प्रभारी कुलपति के तौर पर अपना पद भार ग्रहण किया। मौके पर कुलसचिव डॉ कौशलेन्द्र कुमार, वित्त सलाहकार सुनील कुमार सिंह, सूचना व जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, प्रो विमल मिश्रा समेत कई विभागाध्यक्ष, शिक्षक गण व पदाधिकारियों ने बुके देकर प्रभारी कुलपति का स्वागत किया।बता दें कि प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा वर्तमान में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति भी है। वहीं डा मुकुल नारायण देव की सेवा विगत 31 मई को समाप्त हो जाने के बाद राज्यपाल के द्वारा यह वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। कुलपति डा प्रो अजीत कुमार सिन्हा ने उपस्थित पदाधिकारियों और कर्मियों से कहा कि वैश्विक महामारी कोविड के बाद अब तक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विश्वविद्यालय में शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम की गतिविधियों को संचालित कर छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास करने का लक्ष्य सबों के सहयोग से प्राप्त करना उनका लक्ष्य है।

# फोटोग्राफर, वीडियोग्राफर, लाइट, साउंड टेंट, ईवेंट मैनेजर लगा रहे सरकार को चूना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारी लगन का वक्त चल रहा है। रोजाना मैरेज हॉल बुक दिख रहे हैं। ऐसे में फोटोग्राफर, वीडियोग्राफर, लाइट, साउंड, टेंट, ईवेंट मैनेजमेंट का धंधा जोरों पर है। भीड़ ज्यादा होने की वजह से ये लोग हाई डिमांड में हैं। एकोनॉमिक्स के नियमानुसार डिमांड हाई होने पर इनके चार्ज भी बढ़ गए हैं। कोरोना के बाद ये लोग अपने बुरे हालात से उभरते दिख रहे हैं, मगर टैक्स की जम कर चोरी हो रही है। दरअसल इन धंधों से जुड़े ज्यादातर लोग बिना जीएसटी बिलिंग के धड़ल्ले से काम कर रहे हैं। जबकि नियमानुसार जीएसटी बिल ऐसे व्यवसायों में भी अनिवार्य है। एक अच्छे पार्टी में क्रेन, लाइव टीवी, पाँच से छः कैमरों का इस्तेमाल जरूर किया जाता है। इस तरह के आयोजनों मे तकरीबन 80,000 से 1,00,000 रुपयों का बिल बनाया जाता है। परंतु वो बिल कच्चा होता है। आसान भाषा में समझे तो बिना जीएसटी का। अब बिना जीएसटी के लेन-देन होने से सरकार को चुना लग रहा है। जीएसटी के माध्यम से सरकार तक पहुँचने वाला टैक्स के रूप में पैसा नहीं पहुँच रहा। यह गैरकानूनी तरीका है। खास बात यह है कि संबंधित अधिकारी द्वारा भी अभी तक इसपर कोई संज्ञान नहीं लिया गया है।

**जीएसटी क्यों दोनों पार्टियों के लिए जरूरी?**

जीएसटी बिल के माध्यम से होने वाले लेन-देन दोनों ही पार्टियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी व्यवसाय से जुड़े एक फोटोग्राफर ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि दोनों पार्टियों को ये समझना चाहिए कि जीएसटी बिल होने पर आप दोनों एक दूसरे को करारनामे के अनुसार काम या भुगतान नहीं होने पर कतघरे में खड़े कर सकते हैं। यदि कोई फोटोग्राफर ने वो काम नहीं किया जिसका करार किया गया था तो वो बिल में उसे नहीं दिखा सकता जिससे आपके पैसे बच सकते हैं।

## पर्यावरण जागरूकता रथ को सीसीएल अरगड्डा जीएम ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र मुख्यालय के प्रांगण से शुक्रवार को अरगड्डा महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडेय व अन्य अधिकारियों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर पर्यावरण जागरूकता रथ को रवाना किया गया। जो अरगड्डा-सिरका, गिद्दी ए, गिद्दी सी, रेलीगढ़ा व आस-पास भ्रमण करेगा। अवसर पर जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने अरगड्डा क्षेत्र के कर्मचारियों, अधिकारियों, कामगारो व जनमानस से विश्व पर्यावरण दिवस को फलीभूत बनाने के लिए पौधरोपण, वृक्षों का संरक्षण, वातावरण संतुलन के लिए प्रदूषण रोकने की अपील किया। साथ ही कहां कि सीसीएल अपने कार्यक्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए समय-समय पर कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम करती हैं।

## रेलीगढ़ा कांटा घर के समीप हुई बमबाजी, कामगारों में मचा हड़कंप

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना गिददी क्षेत्र के सीसीएल रेलीगढ़ा कांटा घर के समीप शुक्रवार दोपहर तकरीबन 2ः30 बजे बम बाजी की घटना घटी। इससे कांटा घर के कामगारों व चेक पोस्ट पर तैनात सुरक्षाकर्मी में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र व रेलीगढ़ा के अधिकारी, सुरक्षा दल मौके पर पहुंचा। खबर के बाद गिद्दी पुलिस भी जांच पड़ताल के लिए उक्त स्थल पर पहुंची। इसे लेकर सीसीएल सुरक्षा विभाग अरगड्डा क्षेत्र ने बताया कि रेलीगढ़ा कांटा घर के समीप एक रूम में सिविल कार्य के लिए सीमेंट रखे गए हैं।

## झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी सेविका सहायिका कर्मचारी संघ की बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी सेविका सहायिका कर्मचारी संघ की एक बैठक भुरकुंडा पंचायत भवन में रखी गई । उक्त बैठक की अध्यक्षता सबीना खातून ने की बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष संजीदा खातून प्रदेश प्रभारी इम्तियाज अहमद प्रदेश संयोजक मंडल अध्यक्ष प्रेमनाथ विश्वकर्मा उपस्थित हुए। बैठक में निम्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई सेविका सहायिका के मानदेय में बार-बार हो रही गड़बड़ी व उसका यथा शीघ्र निवारण सेविका सहायिका का मानदेय एक साथ दिया जाना । सभी सहायकों का पिछला बकाया मानदेय का यथाशीघ्र भुगतान एवं सेविका सहायिका का मानदेय एक साथ दिया जाए ना कि एक को पहले दे और एक को बाद में सेविकाओं को दिए गए मानदेय में कटौती होना काफी चिंताजनक बात है ।जबकि सभी केंद्र अपने समय पर खुल रहे हैं। जब केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति दिखाई जा रही है । बच्चों का पोषाहार दिया जा रहा है। तो सेविका और सहायिका अनुपस्थित कैसे पाए गए जांच का विषय है मार्च माह में कई केंद्रों का लगातार पर्यवेक्षिकाओं द्वारा निरीक्षण किया गया लगातार निरीक्षण में सेविका और सहायिका उपस्थित पाए गए पोषाहार सुचारू रूप से संचालित होता हुआ पाया गया जिसके तहत मार्च माह का पोषाहार भी दिया गया। तो फिर मार्च माह में सेविका सहायकाओं का मानदेय किस आधार पर काटा गया संघ सरकार से मांग करती है। कि इस पर यथाशीघ्र जांच कर उचित कार्रवाई किया जाए। और काटे गए मानदेय का यथाशीघ्र भुगतान किया जाएं। वही सेविकाओं का मानदेय का भुगतान होने के बाद भी सहायिकाओं का मानदेय का भुगतान नहीं किया जाता है। जो घोर निंदनीय है।इस भीषण गर्मी को देखते हुएअगनबाड़ी केन्द्रों में भी गर्मी छुट्टी दिया जाए साथ ही सेविका सहायिका का मानदेय का भुगतान एक साथ होना सुनिश्चित हो और प्रत्येक केंद्र में सेविका सहायिका को मोबाइल फोन दिया जाए ताकि वह ऑनलाइन काम पोषण ट्रेकर का कर सकें और सेविकाओं को और सहायिकाओं को प्रशिक्षित किया जाए कि वह किस तरह पोषण ट्रैकर एप का संचालन करें। यदि सरकार यथाशीघ्र मानदेय का भुगतान एवं कटे हुए मानदेय का भुगतान नहीं करती है और हमारी मांगों नहीं मानती है तो संघ क्रमबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## जिला परिवहन रामगढ़ के सड़क सुरक्षा की टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिवहन पदाधिकारी,रामगढ़ के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा की टीम ने मारुति सुजुकी के अधिकृत विक्रेता हिंदुस्तान ऑटोमोबाइल्स में चलाया जागरूकता अभियान जिसमें सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियम बताए गए और वहां मौजूद ग्राहकों को भी सीट बेल्ट लगाकर चार पहिया की सवारी करने को कहा गया। वहां मौजूद लोगों के बीच पंपलेट व बुकलेट का भी वितरण किया गया। जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक विक्की आनंद ने बताया कि जीवन अनमोल है इसलिए वाहन चलाते समय लापरवाही करने से बचे हैं । मालूम हो कि जिले में लगातार सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है इसे कम करने के लिए सड़क सुरक्षा की टीम लगातार अभियान चला रही है मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक विक्की आनंद व सड़क अभियंता ऋषि कांत मौजूद थे।

## ट्रेलर के चपेट में आने से बाइक सवार घायल, रेफर

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड डाकडीह स्थित बरदबोही पुल के समीप ट्रेलर ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। घटना शुक्रवार की सुबह लगभग 9 बजे की है। इस घटना से बाइक सवार बरवां निवासी सोनू ठाकुर 26 वर्ष, पिता हाकी ठाकुर और श्रवन कुमार 23 वर्ष पिता केदार प्रसाद बरवां निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।


ऊर्जा विभाग झारखण्ड सरकार विद्युत कार्यपालक अभियन्ता

विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉची।

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– **Energy/EWD/Ranchi/13/2023-24** दिनांक– 02/06/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | व्यवहार न्यायालय, चतरा के पी0डी0जे0 एवं ए0डी0जे0 के कार्यालय कक्ष एवं सभागार में 1.5/2.0 टन क्षमता के 14 अदद् वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 12,15,242=00 | 2,500=00 | 25,000=00 | 42 दिन |
| II | हजारीबाग स्थित खान एवं भूतत्व विभाग के परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 14,35,246=00 | 2,500=00 | 30,000=00 | 42 दिन |
| III | व्यवहार न्यायालय चाईबासा के कार्यालय कक्ष, कोर्ट, वी0सी0 रूम, सभागार में 1.5/2.0 टन क्षमता के 19 अदद् वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 16,28,213=00 | 5,000=00 | 33,000=00 | 42 दिन |
| IV | लोहरदगा स्थित उपायुक्त आवास के परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 20,75,314=00 | 5,000=00 | 42,000=00 | 42 दिन |
| V | व्यवहार न्यायालय लोहरदगा के पी0डी0जे एवं ए0डी0जे0 के कार्यालय कक्ष एवं कोर्ट रूम में 1 .5/2.0 टन क्षमता के 16 अदद् वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 13,13,997=00 | 2,500=00 | 27,000=00 | 42 दिन |
| VI | हजारीबाग स्थित नवनिर्मित समाहरणालय के परिसर में सुरक्षा लाईट एवं पाथ लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 33,89,725=00 | 5,000=00 | 68,000=00 | 42 दिन |
| VII | धुर्वा रॉची स्थित आई0आर0बी0–5 के परिसर में सुरक्षा लाईट एवं गेट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 10,28,721=00 | 2,500=00 | 22,000=00 | 42 दिन |
| VIII | अभियन्त्रण छात्रावास धुर्वा रॉची स्थित जैप आई0टी में 160 के0वी0ए0 ध्वनि रहित जनित्र ए0एम0एफ0 पैनल सहित एवं केबल अधिष्ठापन का कार्य। | 31,38,570=00 | 5,000=00 | 64,000=00 | 56 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.06.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 16.06.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 22.06.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 23.06.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 299054 Energy(23-24)D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

अति अल्पकालीन ई-पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर– **RDD/SD/KHUNTI/02/2023-24 (2ND Call)**

**P.R. No.-297188 RURAL DEVELOPMENT (2023-24).D**

**1.** कार्य की विस्तृत विवरणी :– समेकित जनजाति विकास

| ग्रप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | खूँटी | खूँटी जिला अन्तर्गत प्रखण्ड खूँटी के ग्राम टकरा में मिनी स्टेडियम का निर्माण। | 1,12,98,600/– | 2,26,000/– | 10,000/– | 12 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–05.06.2023 के अपराहण 2.00 बजे तक।
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि :–12.06.2023 के अपराह्ण 5.00 बजे तक ।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, स्थान एवं समयः–13.06.2023 अपराह्ण 2.00 बजे तक। कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
4. निविदा खोलने की तिथि, स्थान एवं समयः–14.06.2023 अपराह्ण 3.00 बजे। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 6201188328
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के पक्ष जो खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
8. निविदादाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders gov.in में देखा जा सकता है। कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

PR 299049 Rural Development (23-24)_D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 25/2022–23

**PR No. 293327 का द्वितीय आमंत्रण**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 03.06.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 10.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 12.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक, 1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 13.06.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 8084784990
9. कार्य की विवरणी :– **Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme (SVS) through New DT/ GPT with Solar Based DC Motor Pump complete set for different habitations of concerned village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum for 24 x 7 supply with 100% coverage by Tap Water Facility under JJM or Turn key basis for the year 2022-23.**

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्रामों की संख्या | टोलों/योजना की संख्या | प्रस्तावित FHTC की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhandra | 1 | 9/9 | 227 | SVS/LOH-03 | 90,73,350.00 | 1,81,500.00 | 10,000.00 | 05 months |

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्तें आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का **UCAN** निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR298993 (Lohardaga)23-24*D



**Office Nagar Parishad, Lohardaga**

**Notice Inviting Short Tender**

**e-Tender Reference No. 05/2023-24 Date- 02-06-2023**

| S. No. | Gr. No. | Name of the Work | Approx Value of work (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of Bid Document by DD (Rs.) (non refundable) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Construction of Drain Near Vasudev Oraon House (Behind Civil court) at W.N- 06 & construction of PCC Road Near Vasudev Oraon House (Behind Civil court) at W.N- 06 & construction of Septic tank with fittings Near Judge Colony (Behind SDO Office) at W.N- 06. | 19,11,607.00 | 38,250.00 | 5000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 2 | 2 | Construction of RCC drain with slab From Hanuman Mandir to Barwatoli Chowk(524') at W.N. -19 & Construction of RCC drain with slab Near Kartik Kujur House (Near Block more Pull 100') at W.N. -04. | 21,85,673.00 | 43,750.00 | 5000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 3 | 3 | Construction of RCC drain with slab from Ajay Udhayan to town hall and near Lalit Narayan Stadium at Ward No. 15. | 24,71,361.00 | 49,500.00 | 5000.00 + 18% GST | 60 Days |

**Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.**

| Sl. No. | Procurement Officer | date of tender publish on website | Last date for submission of tender fee and earnest money. | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 05-06-2023 Time 10:30 AM | N.P. Lohardaga 22-06-2023 up to 3:00 P.M. | Bid downloading Date-05-06-2023 Time 11:00 A.M To Date 21-06-2023 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 05-06-2023 Time 11:30 P.M To Date 21-06-2023 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 22-06-2023 Time 05:00 P.M |

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

**Administrator**
**Nagar Parishad, Lohardaga**

PR 298984Lohardaga(23-24)#D



कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,
(भूमि संरक्षण निदेशालय) झारखण्ड, रॉंची।
कार्यालय– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज।

**E-Mail ID – dscopalamu2019@gmail.com**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में ''जलनिधि'' योजनान्तर्गत डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतु कृषकों के लिए आम–सूचना।

झारखण्ड राज्य योजनान्तर्गत कृशि को बढ़ावा देने, बहुफसलीय कृशि के विकास, मानसून पर पलामू जिले के कृशकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतु ''जलनिधि'' नामक योजना वित्तीय वर्ष 2015–16 से प्रारंभ की गई है। जिससे कृशि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृशि को बढ़ावा दिया जा सके। राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्श 2023–24 में राज्य के कृशकों को सिंचाई संसाधन उपलब्ध कराने हेतु जलनिधि उप योजनान्तर्गत परकोलेशन टैंक निर्माण एवं डीप बोरिंग योजना का स्वरूप निम्नवत है:–

**(i)** डीप बोरिंग की योजना

| कार्य योजना | पात्रता | भौतिक लक्ष्य | | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | OSP | SCSP | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| योजनान्तर्गत 6 इंच Diameter deep boring, submersible pump 1.5HP, आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में **न्यूनतम 5 एकड़ भूमि** होना अनिवार्य होगा। | 32 | 24 | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

**(ii) परकोलेशन टैंक निर्माण की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | भौतिक लक्ष्य | | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | OSP | SCSP | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| Length of Percolation Tank 120ft. width of Percolation Tank 100ft. Depth of Percolation Tank 12ft. Length of Bound-370ft. Side Slope-1:1 | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में **न्यूनतम 10 एकड़ भूमि** होना अनिवार्य होगा। | 102 | 66 | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण के लिए आवेदन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथि:– 09.06.2023।

कृषक/संस्था का चयन

1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमान्त कृषक/महिला कृषकों/इच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
2. जिन कृषकों/कृषक समूहों को पूर्व में डींप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता ''जलनिधि उपयोजना'' के लिए मान्य नहीं होगी।
3. योजना के कार्यान्वयन में 'त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था' की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी एवं योजना बनाओं अभियान के तहत् ग्राम सभा द्वारा चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जाएगी।

आवेदन की प्राप्ति

(i) पलामू जिला के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृशकों से विहित प्रपत्र–I में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।
(ii) इच्छुक कृशकों/कृशक समूहों के द्वारा आवेदन पत्र निश्चित समय सीमा के अंदर भूमि संरक्षण कार्यालय, डालटनगंज से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ भूमि संरक्षण कार्यालय, डालटनगंज में जमा लिया जायेगा।

1. संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होना चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए।
2. जमीन का अद्यतन रसीद एवं अंचालाधिकारी द्वारा भूमि स्वामित्व का भूमि प्रतिवेदन (चेक स्लिप)।
3. भूमि मालिक का सहमति पत्र एवं वंशावली में मुखिया के द्वारा अभिप्रमाणित किया जाना अनिवार्य है।
4. लाभुक द्वारा शपथ पत्र दिया जायेगा कि इसके जल का सिंचाई कार्य में सार्वजनिक उपयोग होता रहेगा एवं पानी पंचायत के सदस्यों के द्वारा कोई बाधा उत्पन्न नहीं की जायेगी।
5. योजना स्थल का कार्य प्रारम्भ से पूर्व का **Geo-Tag** लाभुक के साथ रंगीन फोटोग्राफ।
6. गाँव के नक्शे पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शे की छायाप्रति।
7. पहचान पत्र (आधार कार्ड की छायाप्रति)।
8. अपूर्ण कागजात के साथ प्राप्त आवेदन को स्वीकार/स्वीकृत नहीं किया जायेगा।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पताः– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज।
पलामू समाहरणालय, के ब्लॉक– C द्वितीय तल्ला डालटनगंज
दुरभाष संख्याः–06562–230223

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
डालटनगंज।

PR 298998 District(23-24)D

## हर घर महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम प्रारंभ

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा धनबाद ग्रामीण जिले में हर घर



महाजनसमर्क अभियान 30 मई से 30 जून तक कार्यक्रम आज विकास तीर्थ कार्यक्रम से प्रारंभ हुबा।टुंडी प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र नावाटाड़ स्थित निर्माणाधीन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में एक सभा आयोजित कर ग्रामीणों को मोदी जी की उपलब्धि बताई गई। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा ने बताया कि टुंडी जैसे पिछड़े क्षेत्र में एकलव्य विद्यालय का होना हमलोगों के लिए गौरव की बात है।और ये तभी संभव हुवा जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हैं। पिछले 9 वर्ष की कार्यकाल में मोदी जी ने टुंडी के आदिवासी समाज के लिए बहुत बड़ा तोहफा दिया है।उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में 6 से12 कक्षा तक लगभग 500 जनजातीय बच्चे उच्च क्वालिटी का शिक्षा ग्रहण करेंगें।जिलाध्यक्ष ने बताया कि एक बच्चे पर प्रति वर्ष एक लाख से ऊपर राशि केंद्र सरकार खर्च करेगी।उन्होंने बताया कि यन्हा केवल पढ़ाई ही नहीं होगी बल्कि बच्चों का ओवर ऑल डेवलपमेंट होगा। इस अवसर पर विशिष्ट रूप से उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल पांडेय जी ने केंद्र सरकार के पिछले 9 वर्ष की उपलब्धि को बताया। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी ने एकलव्य के नाम पर विद्यालय का नाम रखने की महत्ता को बताया।

## एनसीसी केडेट्स ने किया पर्यावरण संरक्षण को लेकर पोस्टर मेकिंग का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को गिरिडिह कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत पोस्टर मेकिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीटीओ प्रो विनीता कुमारी के देखरेख में आयोजित किया गया। सीटीओ प्रो विनीता कुमारी ने बताया कि एनसीसी कैडेटस 22 बैच के लगभग 25 कैडेट्स ने प्रतियोगिता में भाग लिया। साथ ही उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण व प्लास्टिक मुक्त भारत व प्लास्टिक के बुरे प्रभाव विषय पर पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि अनेकानेक पोस्टर तैयार किए जिसमें समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रेषित किया गया। मौके पर सीनियर बैच के मनीष तिवारी, राहुल कुमार, सचिन कुमार, तनीषा कुमार, निवास कुमार समेत अन्य कैडेट्स उपस्थित थे।

## अंसारी एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया सुदूरवर्ती क्षेत्र का दौरा

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय अंसारी एकता संघ के अध्यक्ष सैफ आलम (सरफुदीन अंसारी) ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्रों का दौरा कर वहां के हालातो से अवगत हुवे। इस दौरान माखो, पुर्री, पुर्णी रंगामाटी, गोलगो, मेहाबंक, पुरनादिह, मदनुतांड, मोहनियापहरी, पुरनी रंगामाटी इत्यादि विभिन्न गांवो के लोगों से मिला। इस दौरान उन्होंने देखा की आजादी के इतने दिनों बाद भी पेय जल जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाया है आज भी महिलाएं 2 किलोमीटर से भी दूर से पेय जल लाने को विवश हैं। उन्होंने वहां के महिलाओ से बात की तो पता चला की वर्षो से पेय जल के लिए एक लम्बी दुरी तय करने को मजबूर है। कहा की गांव के पुराने कुँवा सुख चूका है या ध्वस्त हो गया है चापानल की व्यवस्था नहीं है ऐसे में हमें दूर से पानी लाना पड़ता है। सैफ आलम ने कहा की हमारा पढ़ा लिखा समाज कब तक इस विवसता को देखेंगे और झुझते रहेंगे। युवा कब आगे आएंगे और अपनी हक़ की बात करेंगे। क्या हमारे नेता इसी तरह हमें बेवकूफ बनाते रहेंगे क्या हम सिर्फ वोट करने के लिए ही है इसका जवाब हमें ढूंढ़ना पड़ेगा। सरकार हर घर नल से जल की बात करती है लेकिन हकीकत तो आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ और ही है।

## जन कल्याण संगठन अध्यक्ष ने सुदूरवर्ती गांव में मनाया शादी की सालगिरह

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 2 जून दिन शुक्रवार को जन कल्याण संगठन अध्यक्ष रुपेश कुमार सिंह की शादी सालगिरह बड़े धूम धाम से देवरी प्रखंड अंतर्गत चतरो पंचायत के पथलघटिया गाँव में मनाया गया। जिसमें ग्राम के सभी लगभग 500 औरतों को साड़ी चूड़ी सिंदूर बिंदी एवं मिठाई पैकेट बच्चों को बिस्किट तथा सभी ग्रामीणों के बीच मिठाइयां वितरण किया गया।

# शान ए पंजाब व माही होटल में चला बम

## पर्ची जारी कर प्रिंस खान के शूटर मेजर ने ली जिम्मेवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** तोपचांची थाना क्षेत्र अन्तर्गत शान ए पंजाब होटल व माही होटल में गुरुवार देर रात अज्ञात लोगों ने बम फेंक कर दहशत फैलाने की कोशिश की। इस घटना से शान ए पंजाब के किचन का ऊपरी हिस्सा टूट गया। साथ ही माही होटल में फेंके गए दोनों बम नहीं फटे।

**ग्राहम बन कर होटल पहुंचे थे हमलावर**

माही होटल के स्टाफ ने बताया कि अपाची बाइक सवार दो युवक धनबाद की तरफ से आए। उन्होंने होटल में रूम के बारे में बात की। फिर थोड़ी देर बाद बम फेंक कर दोनों युवक बाइक में बैठकर फरार हो गए। बता दें कि इससे पहले भी होटल शान ए पंजाब के मालिक से 50 लाख रुपए की रंगदारी की मांग की गई थी। जिसमे प्रिंस खान उर्फ छोटे सरकार का नाम सामने आया था। जिसके बाद होटल संचालक ने तोपचांची थाने में मामला भी दर्ज करवाया था।

**प्रिंस खान के शूटर मेजर ने दोनों हमले की ली जिम्मेवारी**

वहीं इन दोनों घटनाओं को लेकर प्रिंस खान उर्फ छोटे सरकार के शूटर मेजर ने दोनों हमले की जिम्मेदारी लेते हुए, सोशल मीडिया पर लेटर जारी किया है।

साथ ही दोनों होटल के मालिकों को धमकी देते हुए कहा है कि अगर हमारी बातों को नहीं माने तो जैसे फहीम खान के बेटे इकबाल को ठोके हैं वहीं हाल तेरा भी करेंगे।

मामले की जानकारी मिलते ही तोपचांची थाना प्रभारी जयराम प्रसाद दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। साथ ही हर बिंदुओं एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की तहकीकात की जा रही है।

## सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल का रागिनी सिंह ने किया स्वागत



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह के अस्वस्थ होने की सूचना मिलने पर महाराजगंज के लोकसभा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रिवाल धनबाद से बोकारो जाने के क्रम में सरायढेला स्थित सिंह मैंसन पहुंचे। जहां भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने उनका पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया तथा पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने रागिनी सिंह से जेल में बंद पूर्व विधायक संजीव सिंह के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली।

मौके पर भाजपा के युवा नेता सत्य प्रकाश सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह, तमल राय, भाजपा नेता महंत पांडे, स्वरूप भट्टाचार्य, राजकिशोर जैना, अखिलेश सिंह, संतोष शर्मा, छोटू सिंह, स्वरूप भट्टाचार्य समेत कई कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## टुंडी विधायक ने पथ चौड़ीकरण कार्य का किया उद्घाटन



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं जिला सांसद प्रतिनिधि राम प्रसाद महतो ने आज शुक्रवार को पथ निर्माण विभाग के द्वारा मनियांडीह से सर्रा भाया मंछियारा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया इस पथ की कुल लंबाई 12.814 है। इस पथ की निर्माण होने से धनबाद गिरिडीह की दूरी बहुत हद तक घट जाएगी। इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्या मीना हेम्ब्रम, टुंडी प्रमुख मालती मरांडी, पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी, झामुमो नेता फूलचंद, श्रवण टुडू समाजसेवी मुख्तार अंसारी, चेतलाल राम उपस्थित थे।

# बढ़ती गर्मी में सूख रहे कुम्हरगड़िया गांव के कुएं व तालाब, खराब पड़े हैं कई चापाकल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत चित्तरडीह पंचायत के कुम्हरगड़िया गांव मे तपती धूप व बढ़ती गर्मी के कारण गांव के कई तालाब व कुएं सूख चुके हैं। कई चापाकल खराब पड़े हैं। पेयजल के लिए लोग बूंद-बूंद को तरस रहे हैं बावजूद पीएचईडी की नींद नहीं खुली है। गांव में लगभग 15 साल पहले सरकारी योजना के तहत चापाकल लगवाया गया था जिससे अभी भी 15 से 20 घर के लोग पानी पीते हैं। वही बढ़ती गर्मी की वजह से चापाकल की पानी की अस्तर नीचे चली गई है जिससे लोगो को पेयजल की समस्या से झूझना पड़ रहा है । गांव के लगभग सभी कुएं सूख चुके हैं, तालाब में दरार पड़ चुके हैं ऐसी अवस्था में लोग पानी के लिए भटक रहे हैं। बजरंगबली मंदिर के समीप स्थित चापाकल विगत कई दिनों से खराब पड़ा है इस कारण आस पास व राहगीरों को खाफि परेशानी हो रही है। विदित हो कि उक्त स्थान पर न तो कोई चापाकल है और न ही पेयजल कूप की व्यवस्था है। गांव के दर्जनों परिवार के लोग इसी चापाकल पर आश्रित है। चापाकल खराब होने से लोगों को दूर के कुएं से लोगो को पानी लाना पड़ रहा है। गृहणियों व पशुपालकों को ज्यादा परेशानी का सामना करना



पड़ रहा है। गर्मी के इस मौसम में चापाकल खराब रहने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कई बार विभागीय पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगाई जा चुकी है। कई बार गांव के लोगों द्वारा आपस मे चंदा कर चापाकल की मरम्मत कराते आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है की अगर चापाकल का पाइप नया लगा दिया जाए तो यहा के कुछ घरों के लोगों को पानी का सुविधा मिल पायेगा।

### केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा ने निकाली विकास तीर्थ यात्रा

## विदेश में भी हिंदुस्तान नंबर वन बनकर उभर रहा है : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा विधान सभा क्षेत्र के महुदा और कतरास में केन्द्र सरकार के नो वर्ष पूरे होने पर विकास तीर्थ यात्रा निकाल कर किए गए विकास योजनाओं को लोगो के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर केंद्र सरकार नो साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण पर विकास तीर्थ यात्रा में गोशाला अंडर पास पूल और मुचीराईडीह महुदा के रेलवे फाटक के ऊपर बने ओभर ब्रिज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पैदल यात्रा करके विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत सभा को नेताओ ने संबोधित किया । सभा को बाघमारा विधान सभा के विधायक ढुलू महतो ने ?संबोधित करते हुए कहा की केंद्र सरकार के माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में बाघमारा ही नहीं पूरे देश में विकास की गंगा बहा है। आज उसी का परिणाम है की जहा गोशाला कतरास के सामने और मुचीराईडी में जाम से लोग परेशान रहते थे । अब गोशाला के सामने रेलवे के नीचे अंडर पास और मुचीराईडीह में ओभर ब्रिज बनाकर जाम से मुक्ति दिलाया गया। कितने एंबुलेंस कितने लोग जाम से परेशान रहते थे आज नरेंद्र मोदी की सरकार ने सभी की समस्याओं का समाधान किया है। उन्होंने आगे कहा की बहुत सारे योजनाओं का लाभ आम जनता ग्रामीण को मिला है। देश ही नही विदेश में भी हिंदुस्तान नंबर वन बनाकर उभर रही है।

## जीप अध्यक्ष मुनिया देवी ने अंधरकोला में किया तालाब का शिलान्यास



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के धुरगड़गी पंचायत अंतर्गत अंधरकोला ग्राम में आजादी के 75वें साल के उपलक्ष्य में सरकार के द्वारा जारी किया गया योजना अमृत सरोवर के तहत चिरकी तालाब का जीर्णोद्धार का शिलान्यास मुख्य अतिथि माननीय जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमति मुनियाँ देवी जी,जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा जी एवं स्थानीय मुखिया झरी महतो जी के हाथों संयुक्त रूप से किया गया। तालाब के निर्माण से निसंदेह जल संरक्षण की दिशा में कारगर साबित होगा। कहा की उक्त तालाब के निर्माण से यहाँ के किसानो के लिए वरदान साबित होगा।

## दरभंगा-अजमेर स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में वृद्धि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा हेतु सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल, नरकटियागंज, कप्तानगंज, गोरखपुर के रास्ते दरभंगा और अजमेर के मध्य संचालित की जा रही 05537/05538 दरभंगा-अजमेर-दरभंगा स्पेषल ट्रेन के परिचालन अवधि में 04 फेरे की वृद्धि की गई है।

1.05537 दरभंगा-अजमेर स्पेषल दरभंगा से दिनांक 07.06.2023 से 28.06.2023 तक प्रत्येक बुधवार को चलेगी । दरभंगा से यह ट्रेन 13.15 बजे खुलकर गुरूवार को 21.40 बजे अजमेर पहुंचेगी।

2.05538 अजमेर-दरभंगा स्पेषल अजमेर से 08.06.2023 से 29.06.2023 तक प्रत्येक गुरूवार को चलेगी । अजमेर से 23.25 बजे खुलकर यह ट्रेन शनिवार को 06.50 बजे दरभंगा पहुंचेगी ।

इस स्पेषल ट्रेन में वातानुकूलित द्वितीय श्रेंणी के 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेंणी के 02, शयनयान श्रेणी के 13 तथा साधारण श्रेणी के 04 कोच लगेंगे ।

### डीएमएफटी के तहत सिंगाड़ा में बने ग्रामीण जलापूर्ति योजना फेल

## टंकी निर्माण का वर्ष बीत चुका है, परन्तु ग्रामीणों को नही मिला पानी : प्रदीप महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत सिंगाड़ा पंचायत के ग्रामीणों ने डीएमएफटी के तहत महुदा ग्रामीण जलापुर्ति योजना से नियमित पानी देने की मांग को लेकर सिंगड़ा पंचायत सचिवालय के समीप महिलाओं ने पीएचईडी एवं संवेदक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे समाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कुमार महतो ने बताये कि महुदा ग्रामीण जलापुर्ति योजना में टंकी का निर्माण हुए तीन वर्ष बित चुका है, परन्तु अभी तक ग्रामीणो को जल उपलब्ध नहीं करा पाया है। पीएचईडी एवं संवेदक के लापरवाही के कारण तीन साल में ही जलापुर्ति योजना चरमराने लगी है। किसी गांव में पाईप लाइन बिछाया गया है तो किसी गांव में अभी तक पानी नहीं पहुंचा है। जबकि यह डीएमएफटी की योजना और खनन प्रभावित लोगो के लिए लोगो का पैसा का दुरुपयोग हो रहा है। जहाँ पाइपलाइन बिछाया गया है। हमेशा टेक्निकल खराबी होते रहता है, ग्रामीणों ने चेतावनी हुए कहा कि एक सप्ताह के अन्दर नियमित जलापुर्ति चालु नहीं हुआ तो उपायुक्त कार्यालय के समक्ष उग्र प्रदर्शन किया जायेगा।

## छत के अभाव में एक अर्धनिर्मित सरकारी भवन में रहने पर मजबूर है दिहाड़ी मजदूर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के पडरमनिया पंचायत निवासी एक मजदूर राजेश राम पिता स्व शंकर राम आवास के आभाव में एक पुराने टूटे-फूटे आंगनबाड़ी भवन मैं रहने पर मजबूर है। आपको बता दें कि पडरमनिया निवासी राजेश राम एक दिहाड़ी मजदूर हैं जो दिन भर मजदूरी करके किसी तरह अपने परिवार का पालन पोषण करता है। उसके पास इतने पैसे भी नहीं है कि वह अपने जर्जर मकान का मरम्मत करवा सकें। इस बीच कुछ दिन पूर्व उसके मकान का छत अचानक भराभरा कर गिर गया जिसमें राजेश एवं उसका परिवार



बाल-बाल बचा। इस घटना के बाद स्थानीय समाजसेवियों ने तत्काल निवास के लिए आंगनबाड़ी का पुराना भवन दे दिया, फिलहाल राजेश का परिवार वहीं रह रहा है। सवाल उठता है कि एक और जहां प्रधानमंत्री हर गरीबों को पक्का भवन देने का वायदा करते हैं वही एक दिहाड़ी मजदूर आवास के अभाव में दर-दर भटक रहा है।

## टुंडी को पर्याप्त मात्रा में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें विभाग : मथुरा



**दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड सभागार में आज शुक्रवार को बीस सूत्री की बैठक बीस सूत्री अध्यक्ष इन्द्रलाल बास्की की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते टुंडी विधायक ने पानी और बिजली की समस्याओं पर बिशेष ध्यान आकृष्ट कराते हुए विभाग के अधिकारियों को टुंडी जैसे पिछड़े प्रखंड में निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही वहीं झामुमो नेता कामेश्वर प्रसाद सिंह ने बैठक के दौरान पी एच ई डी विभाग के कार्यपालक अभियंता को चेतावनी लहज़े में कहा कि चापानल की मरम्मती कार्य टुंडी प्रखंड में काफ़ी धीमी है इस पर समय रहते ध्यान देने की जरूरत है वैसे भी टुंडी प्रखंड में पानी की घोर अभाव है इस पर कार्यपालक अभियंता द्वारा एक सप्ताह में दुरस्त करने का आश्वासन दिया वहीं बीस सूत्री सदस्य सह झामुमो नेता अब्दुल रशीद अंसारी ने बिजली बिल की समस्या को रखा कहा बिल भुगतान करने पर दोबारा बिल आ जा रहा है इस पर विभाग जल्द विचार करें एवं हीरापुर गांव में नंगा तार स्कूल के छत पर होने का मामला उठाया गया इस भी विभाग ने जल्द संज्ञान में लेने की बात कही।

## भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान कार्यकम पर चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भाजपा ग्रामीण धनबाद जिला के महाजनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक जय प्रकाश सिंह ने पूरे एक महीने 30 मई से 30 जून तक चलने वाले कार्यक्रम के संदर्भ में आज झारखंड प्रदेश के पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह धनबाद संसदीय क्षेत्र के सांसद पशुपति नाथ सिंह के आवास पर पहुंचकर कार्यक्रम की चर्चा की। साथ ही धनबाद ग्रामीण जिला के जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा से मिलकर कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य धर्मजीत सिंह



ने भी कार्यक्रम के संबंध में अपना बहुमूल्य सुझाव दिया। मुख्य रूप से यह कार्यक्रम 3 जून को कुमारधुबी चिरकुंडा ओवर ब्रिज के पास, निरसा विधानसभा, सिंदरी विधानसभा के साथ साथ सिंदरी नगर में एवं टुंडी विधानसभा के राजगंज मंडल में राजगंज हाईवे के पास विकाशतीर्थ (महाजनसंपर्क अभियान) का आयोजन किया जाएगा।

## उपायुक्त ने दिव्यांग को सौंपी बैटरी चलित ट्राई साइकिल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला समाहरणालय परिसर में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह के द्वारा शुक्रवार को धनबाद हाउसिंग कॉलोनी निवासी दिव्यांग बालक अनमोल कुमार को दिव्यांग यंत्र एवं उपकरण के तहत बैटरी चलित ट्राई साइकिल की चाभी सौंपी गयी। इस दौरान उपायुक्त ने अनमोल कुमार को बैटरी चलित ट्राई साइकिल को सावधानी से चलाने एवं यातायात नियमों के पालन के संबंध में कई महत्वपूर्ण बातें बताई। इस कार्य के लिये दिव्यांग और उसके परिजन ने जिला प्रशाशन को धन्यवाद दिया।

भाजपा कार्यालय में लोहरदगा लोकसभा महा जनसंपर्क अभियान टोली की हुई बैठक

## केंद्र की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : रणवीर सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा लोकसभा महाजनसंपर्क अभियान टोली की बैठक बख्शिडिपा स्थित जिला कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री श्री कर्मवीर सिंह, भाजपा एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, लोहरदगा लोकसभा सांसद माननीय श्री सुदर्शन भगत, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख श्री मनोज कुमार सिंह शामिल हुए। बैठक की शुरुआत महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण, दीपप्रज्वलन कर वंदे मातरम गीत के साथ की गयी। बैठक में अतिथियों के स्वागत पुष्प देकर की गई तत्पश्चात स्वागत भाषण लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने किया। बैठक की विषय का विश्लेषण संगठन प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने किया। कार्यक्रम के नीमित अपनी तैयारी की गई प्रारुप को गुमला और लोहरदगा जिला अध्यक्ष ने बैठक में बताए। तत्पश्चात बैठक के मुख्य विषय को लेकर मुख्य अतिथि भाजपा संगठन महामंत्री श्री रणवीर सिंह ने कहा कि भाजपा संगठन देश के लिए जी रहा है और यह 1 महीने का महा जनसंपर्क अभियान जिसमें 13 प्रकार के कार्यक्रम समायोजित हैं जिसे विधानसभा मंडल एवं बूथ स्तर पर सभी भाजपा के कार्यकर्ता अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि संयुक्त रूप से लगेंगे और इसकी कार्ययोजना तैयार कर कार्यक्रम का कार्यान्वयन करेंगे जो कि क्षेत्र सहित पूरे देश में एक वातावरण तैयार करेंगे। 1 महीने के महा जनसंपर्क अभियान के दौरान लाभार्थी सम्मेलन, व्यापार एवं उद्योगी लोगों की गोष्ठी, मोर्चा सम्मेलन, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर बलिदान दिवस के रूप में बूथों पर कार्यक्रम, 25 जून को आपातकाल लगे थे इसे कालादिवस के रूप में मनाएंगे। इसी प्रकार लोकसभा स्तर पर कार्यकर्ताओं का सम्मेलन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रभारी एवं प्रदेश द्वारा तय किए गए अधिकारियों को भी लगाया जाएगा जो सीधे बूथ के कार्ययोजना को मजबूती प्रदान करेंगे ।हमारा लक्ष्य सदैव बूथ को सशक्तिकरण पर होनी चाहिए और बूथ से सभी लोग जुड़े होते हैं चाहे वह राष्ट्रीय नेता ही क्यों न हो।इसलिए सभी राष्ट्रीय नेता भी अभियान को लेकर क्षेत्रों में प्रवास शुरू कर दिया है। इन सभी कार्यो के साथ आर्थिक संग्रह के अभियान को सफल करना है जो हर तीन वर्ष पर करते है लोग सहयोग भी कर रहे हैं। बैठक का संचालन जिला मिडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस और धन्यवाद ज्ञापन गुमला जिला अध्यक्ष अनुप अधिकारी ने की। बैठक में संयोजक राजकिशोर महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, भूपन साहू, बालकेश्वर सिंह, अशोक उरांव, दामोदर कसेरा, भैरव सिंह, निरंजन सिंह, सरोज प्रजापति, धनंजय तिवारी, विश्वजीत शाहदेव, पशुपति नाथ पारस, सजल कुमार, दिलीप बड़ाईक, सुधांशु कुमार,सुरेश बैठा शामिल थे।




## प्लास्टिक प्रदूषण पर प्रखण्ड मुख्यालय से बीडीओ की अगुवाई में निकली जागरुकता रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** 02 जुन शुक्रवार को प्रखण्ड मुख्यालय कैरो से जोड़ा तालाब तक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अगुवाई में से नो टु प्लास्टिक विषय पर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने लोगों को बताया कि आज जिस तरह से हम दैनिक जीवन में प्लास्टिक से घिर कर इसका अंधाधुंध इस्तेमाल कर रहे हैं इससे पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। सिंगल युज प्लास्टिक के इस्तेमाल कर जहां तहां फेक देने से गाय-बैल,बकरी,कुत्ता जैसे जानवर इसे खा लेते हैं अंतोगत्वा ये बेजुबान इसके लगातार सेवन से काल के गाल में समा जाते हैं। वही दूसरी ओर ये खेतों में पहुंचकर हमारे उपजाऊ भूमि को बंजर कर रहे हैं। जलाशयों में पहुंचकर ये प्लास्टिक जलीय जीवों पर कहर बनकर टूट रहें हैं साथ ही साथ जल को दुषित कर रहे हैं। इतना ही नहीं खान-पान की चीजों में प्लास्टिक का इस्तेमाल कैंसर जैसी भयानक बिमारी का कारण भी बन रही है। एक सर्वे के मुताबिक दुनिया भर में 8.3 बिलियन मेट्रिक टन प्लास्टिक का उत्पादन 1950 से लेकर 2015 तक में हुआ है, जिसका 80त्न प्लास्टिक कचरा है। इसका 9त्न प्लास्टिक ही पुन:निर्माण में लाया गया है। दुनिया भर में निर्मित प्लास्टिक का 79प्रतिशत पर्यावरण में, महासागरों और जल निकायों में समाप्त हो जाता है। भारत के केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति वर्ष 3.3 मिलियन मीट्रिक टन कुल प्लास्टिक कचरे का उत्पादन करती है। भारत की प्लास्टिक कचरे की समस्या समृद्ध दुनिया की तरह विशाल नहीं है लेकिन यह निश्चित रूप से बढ़ रहा है। गोवा और दिल्ली जैसे समृद्ध राज्यों में क्रमश- 60 ग्राम और 37 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रति दिन उत्पादन होता है, जबकि राष्ट्रीय औसत 8 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रति दिन है। इस समस्या का निजात पाने के लिए समस्त नागरिकों को जारूकत होने की जरूरत है, हमें सिंगल युज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े से बने थैला,स्टील के बर्तन व धात्विक पात्रों का इस्तेमाल करना चाहिए। इस से नो टू प्लास्टिक रैली में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचल अधिकारी कमलेश उरांव, बीपीओ रघुनाथ मुंडा,प्रखण्ड समण्यवयक दिनेश, नंदा भगत, अमन शिखर, खालिक अंसारी कामिनी, राजमुणी सुमन, मुनी उरांव, सोफी कुजुर शीला, सद्भावना दूत जुबैर अंसारी,ललेश पांडे परवेज अंसारी इत्यादि ने भाग



## भाजपा के पूर्व विधायक ने पावर ग्रिड का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के निर्देशानुसार सिमडेगा भाजपा कमेटी के द्वारा 30 मई से 30 जून तक कार्यक्रम तय किया गया है। उसी निमित्त शुक्रवार को विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत सिमडेगा विधानसभा के पूर्व विधायक विमला प्रधान के द्वारा अपने कार्यकर्ताओं के साथ बीरू स्थित पावर ग्रिड में पहुंचकर वहां के कर्मचारियों से हालचाल जाना और पावर ग्रिड का वस्तुस्थिति से अवगत हुए।तत्पचात श्रीमती विमला प्रधान मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने आदरणीय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सफलतापूर्वक 9 वर्ष पूरे होने पर केंद्र सरकार के उपलब्धि गिनाये। उन्होंने कहा की आजादी के बाद देश मैं प्रगति हुआ है लेकिन जिस प्रकार से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद जिस गति से देश विकास कर रहा है उसे महसूस किया जा सकता है आज विकसित देश की श्रेणी में आज हमारा देश खड़ा है जैसे आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीब जनता बीमारियों का इलाज करा रहे हैं प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित होकर गरीब आम जनता पक्के मकान में रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं इसी तरह स्वच्छता अभियान हर घर शौचालय, वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान 80 करोड़ लोगों को अनाज उपलब्ध कराना, प्रत्येक घरों तक बिजली पानी पहुंचाना इस तरह गरीब कल्याण के लिए केंद्र सरकार के द्वारा अनेकों कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं लोग लाभान्वित हो रहे हैं इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्ग विजय सिंह देव जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू नगर महामंत्री अशोक रजक बीरू मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंह सेवा मंडल अध्यक्ष देवकी नंदन साए घनश्याम सिंह प्रेम कुमार दास अनूप साहू संदीप भगत उषा देवी राकेश राम माधुरी केरकेट्टा, लाली देवी रितिक नायक इत्यादि काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## अविराम के प्रशिक्षुओ ने भ्रमण के दौरान सीखे रेडियो प्रसारण के गुण और बारीकियां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राँची विश्वविधालय राँची के सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो रांची 90.4 एफ एम में अविराम कालेज आफ एडुकेशन टीको कुडु, लोहरदगा के प्रशिक्षुओं और सहायक प्राध्यापक पंकज कुमार भारती और आफताब आलम के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण हेतु भेजा गया जिसकी योजना को प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने मूर्त रूप प्रदान किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने रेडियो के रिकॉर्डिंग और प्रोडक्शन और ऑन एयर होने के कुशल कार्य प्रणाली और क्षमताओं के साथ साथ प्रसारण की दूरी के बारे में जाना और समझा और प्रशिक्षुओ के रेडियो की कार्यप्रणाली प्रसारण को सूक्ष्मता से देखा, अभ्यास किया, अच्छे वक्ता के साथ रेडियो प्रसारक में अच्छे श्रोता के गुणों का होना, भाषा पर अच्छी पकड़, रोचकता के साथ प्रस्तुततीकरण की सामर्थ्य होनी चाहिए और एक शिक्षक में भी अच्छे है भाव आवाज की स्पष्टता, संप्रेषण कुशलता, होना आवश्यक है इसीलिए शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भाषा, लेखन, वाचन, श्रावण आदि कौशल विकास को सम्मिलित किया गया है। स्थानीय भाषाओं द्वारा रेडियो में रोजगार के अवसर उपलब्ध है आज भी रेडियो मनोरंजन, ज्ञान का पसंदीदा और विश्वसनीय माध्यम है ये बाते रेडियो खांची और स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक डॉ बी पी सिंहा द्वारा बताई गई तथा पुस्तकालय, रिकॉर्डिंग रूम, कॉन्फ्रेंस रूम आदि का भ्रमण भी प्रशिक्चुओ को करा कर सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षुओं में अनूप, क्रिस्टीना, रेनू, कृष्मुनि, सुरजमानी, प्रतिभा, अनामिका, सुलेखा, पूनम, बिनीता, अनीता, किरण,माधुरी आदि ने इस भ्रमण को अत्यंत उपयोगी तथा एकदम नया अनुभव बताया। सचिव इंद्रजीत कुमार ने डॉ बी पी सिंहा सर और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया जिनके माध्यम से इतना महत्वपूर्ण अनुभव प्रशिक्षुओ और अविराम की टीम ने प्राप्त किया।




## साइंस फोर सोसायटी के नेतृत्व में विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली आज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व साइकिल दिवस पर आज 3 जून दिन शनिवार को साइंस फॉर सोसायटी लोहरदगा तथा अग्रवाल साइकिल के संयुक्त तत्वधान मे कल प्रातः 8:00 बजे मधुसूदन लाल अग्र.महिला महाविद्यालय से एक साइकिल रैली निकाली जाएगी, जो न्यू रोड, सुभाष चौक, सोमवार बाजार, शास्त्री चौक होते गुदरी बाजार मे समाप्त हो जाएगी। रैली को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार, सोसायटी के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद व सोसाइटी के एडवाइजरी सदस्य संजय बर्म्मन द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। साथ ही साथ तख्ती तथा नारों से लोगों से अपील की जाएगी कि प्रदूषण से मुक्ति के लिए, जाम से मुक्ति के लिए, ईंधन बचाने के लिए,स्वस्थ रहने के लिए-साइकिल अपनाएं, साइकिल चलाएं।

## बीडीओ के नेतृत्व में श्रमदान कर वर्षो से जाम पड़े नाली को किया दुरुस्त



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड में छोटी-छोटी बुनियादी समस्याओं को दुरुस्त कर योजना को उपयोगी बनाने के लिए श्रमदान के प्रति लोगों को जागरूक करने की कवायद शुरु कर दी गई है। भंडरा प्रखंड के गडरपो पंचायत के पलमी में शुक्रवार को युवा सद्भावना मंच के तत्वावधान में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, मुखिया सुमित उरांव ने श्रमदान कर पलमी में वर्षो से जाम पड़े नाली व जर्जर मिट्टी मोरम सड़क में श्रमदान कर दुरुस्त किया। साथ ही आम जनता से भी श्रमदान कर छोटी समस्याओं को स्वयं से निदान करने को लेकर प्रेरित किया है। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि श्रमदान कर व्यवस्था को दुरुस्त करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके लिए युवा सद्भावना मंच द्वारा गांव में वर्षो से खराब सड़क व नाली की सफाई श्रमदान से किया जा रहा है। इससे गांव में आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलेगा। मुखिया सुमित उरांव ने कहा कि पंचायत में योजना पूरा होने के बाद साफ-सफाई में कोई व्यक्ति ध्यान नहीं देता था। इससे गंदगी का माहौल उत्पन्न हो जाता है। ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण देने के लिए श्रमदान मुहिम की शुरुवात की गई है, ताकि लोग श्रमदान के माध्यम से अपने-अपने आसपास पड़ा गंदगी की सफाई कर सकें। श्रमदान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सिर्फ सरकार के भरोसे छोड़ देना नहीं, बल्कि अपने कर्तव्य को भी बोध कराना है।

## राजेंद्र भवन में कांग्रेस जिला कमेटी की बैठक आज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार विस्तारित लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी की एक आवश्यक बैठक दिनांक 03/06/2023 को अपराह्न 2.30 बजे से कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में आयोजित की गई है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर, प्रदेश महासचिव सह प्रभारी श्री आशिक अंसारी,सचिव सह विधानसभा प्रभारी बेलस तिर्की जी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारियों,प्रदेश प्रतिनिधि गण, एवम सभी प्रखण्ड अध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में संगठन की पूर्णता,पदाधिकारियों के बीच कार्य का विभाजन, डिजिटल सदस्यता अभियान,नेशनल हेराल्ड,भू संपदा आदि पर ही चर्चा की जायेगी। अतः सभी सम्मानित पदाधिकारियों से आग्रह है कि समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। यह जानकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने दी।

## लिपिक पद पर नियुक्ति को लेकर प्रमाण पत्रों की हुई जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के द्वारा विज्ञापन संख्या 01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं 02 / 2017 (बैकलॉग रिक्ति) के आलोक में इंटरमीडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2017 (नियमित एवं बैकलॉग) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिक (जिला समाहरणालय) के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गयी व सरकार के सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1730 (3) / रा0 दिनांक 19.05.2023 के आलोक में समाहरणालय लोहरदगा के लिए अनुशंसित 44 निम्नवर्गीय लिपिकों के सभी प्रमाण-पत्रों की जांच आज झारनेट सभागार, लोहरदगा में की गई। इस मौके पर आज स्थापना उप समाहर्ता अभिनीत कुमार सूरज, कार्यपालक दण्डाधिकारी सन्नी कुमार दास समेत स्थापना शाखा के कर्मी व अभ्यर्थी उपस्थित थे।

## पर्यवेक्षिका नीलम मिंज ने टीकाकरण को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा बाल विकास परियोजना सभा भवन में शुक्रवार को पर्यवेक्षिका नीलम मिंज की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक हुई। जिसमें केंद्र संचालन, सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं का बेहतर संचालन, टीकाकरण, पोषाहार वितरण, किशोरियों की नियमित स्वास्थ्य जांच सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर पर्यवेक्षिका नीलम मिंज ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हर लाभार्थी तक पहुंचाना सेविका की जिम्मेदारी है। गर्भवती व धातृ महिलाओं को समय से पोषाहार का वितरण कराना सुनिश्चित करें। किसी भी केंद्र के पोषक क्षेत्र से किसी भी लाभार्थी द्वारा शिकायत मिलती है, तो सेविका-सहायिका पर कार्रवाई तय है। इस दौरान उन्होंने एनीमिया से बचाव को लेकर किशोरियों को दवा देने तथा हर पंद्रह दिन में किशोरियों के वजन में हो रहे बदलाव का रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। पर्यवेक्षिका सुषमा कुजुर ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी सेविका स्वयं से निगरानी करें कि आपके पोषक क्षेत्र में जन्म के बाद शिशु को नियमित टीकाकरण हो रहा है या नहीं। साथ ही उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को नियमित टीकाकरण के साथ-साथ पौष्टिक खानपान को लेकर जागरुक करें। तथा कुपोषित बच्चों को चिंहित कर बाल विकास परियोजना कार्यालय को रिपोर्ट जमा करना सुनिश्चित करें। मौके पर बबिता देवी, नीलम देवी, सुमित्रा टोप्पो, अनिता उरांव सहित सेविका मौजूद थी।



## विधायक चमरा लिंडा ने आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** कंडरा में निर्मित आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का उद्घाटन विशुनपुर विधान सभा के विधायक चमरा लिंडा, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की,प्रमुख फुलझरी देवी,विधायक प्रतिनिधी शिवराम कच्छप ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के कंडरा सरना मैदान के समीप निर्मित आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का विधिवत फीता काट कर उद्घाटन बिशुनपुर विधानसभा के विधायक व जनप्रतिनिधियों द्वारा करते हुए आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विधायक चमरा लिंडा ने कहा की सभ्यता एवं सांस्कृतिक को बचाने के लिए महिला पुरुष सहित युवा वर्ग आगे आने की आवश्यकता है। बताते हुए कहा समुह में दुनिया को जीत सकते है। समूह संगठन के साथ रहकर सभ्यता को बचाना होगा। पहले अभिभावक माता पिता शराब का सेवन कम करते थे लेकीन अपने बच्चो को पढ़ाने के लिऐ भेजते थे। लेकीन आज के समय में युवक सभ्यता कला से दूरी बना रहें है। प्रोटीन आदिवासी समाज को मडूवा और महुआ खाते थे। तो 100 साल जीते थे। अब महुवा को बनाकर पीते है उम्र घट गया है। जिससे परिवार बच्चा का जीवन खत्म हो रहा है,आदिवासी हाड़ी पीते थे। लेकीन अब शराब दारू पीते है जिसे समाज बदनाम हो रहा है। इसलिए इससे बचाव करें। सांस्कृतिक को बचाना है तो शराब का सेवन बंद करो तभी शरीर स्वच्छ रहेगा। जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा की लाल पाड साड़ी पहन कर शराब न बेचे अपने बच्चो को कम्प्यूटर और सभ्यता कला की शिक्षा दें। मौके पर विधायक चमरा लिंडा, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, प्रमूख फुलझरी देवी, विधायक प्रतिनिधी शिव राम कच्छप, मनीष उरांव, रघु नाथ महली सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।



गोंडवाना समर कैंप के छठवें दिन शामिल हुए हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी

## समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अनुशासित होकर शिक्षा और खेल में फोकस रहें प्रतिभागी : मनोज कोनबेगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई प्रखंड के कोनसकेली के ग्राम में आयोजित सात दिवसीय गोंडवाना समर कैंप के छठवें दिन हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष सह हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. उन्होंने खिलाड़ी प्रतिभागियों को खेल में अनुशासित होकर केरियर तलाशने के लिए प्रेरित करते हुए कहा आज शिक्षा के साथ जीवन में खेल भी जरूरी हिस्सा है। आप इसके सहारे भविष्य तो संवारेंगे ही साथ में देश- दुनिया में आपका नाम होगा. उन्होंने गोंड समुदाय के लिए राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संगीता कुमारी, रोपनी कुमारी, तरिणी कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, पिंकी कुमारी, सीमा कुमारी आदि का नाम गिनाते हुए उनके तरह मेहनत करने के लिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया. खेल के आवश्यक कागजात समय से बना लेने के लिए अभिभावकों को जागरूक किये। पांचवे दिन के संध्याकालीन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री सह सिमडेगा की पूर्व विधायक श्रीमती बीमला प्रधान। प्रधान ने प्रतिभागियों को समाज के लिए एक अच्छे कैडर बनने और जीवन में सफल होने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि युवा समाज के दर्पण और बुढ़ापे की लाठी के समान होते हैं। युवाओं की सही दिशा ही समाज को ऊंचाई तक ले जाती है. आप लोगों को आगे आकर समाज की जिम्मेदारी को अपने कंधे में लेना होगा. महिलाओं की भागीदारी अब समाज में बढ़ने लगा जो अच्छा संकेत है.उन्होंने आयोजन समिति को इस भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद भी दिया और कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज की भावी पीढ़ी ससक्त होकर आगे बढ़ेगी। झारखंड प्रदेश गोंड आदिवासी महासभा के महासचिव श्याम किशोर प्रधान ने भी प्रतिभागियों को समाज के अच्छे चीजों को उदाहरण देते हूए उसे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और इस तरह के आयोजन में भाग लेने के महल्ला समिति को धन्यवाद दिये। अतिथियों का स्वागत करते हुए गोंडवाना आदिवासी कल्याण एवं विकास मंच के संरक्षक कमलेश्वर मांझी ने कहा कि समर कैंप आयोजन मुख्य उद्देश्य युवाओं में सामाजिक, शैक्षणिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से जागरूकता लाकर भविष्य के चुनौती के लिए तैयार करना है. आयोजन में लोगों का सहयोग और प्रतिभागियों का कठिन परिश्रम अच्छे भविष्य का परिचायक है। परिश्रम की कड़ी रोकना नहीं हैं और सकारात्मक सोच को मुकाम तक पहुँचाना है।



## चलते चलते एक नजर

### एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में ऑनलाइन योग सत्र शुरू

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कर्मचारियों और परिवार के सदस्यों के बीच एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में 20 दिनों के ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। आभासी योग सत्र की शुरुआत एम वी आर रेड्डी,क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) और पद्मा रेड्डी, अध्यक्ष, स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब (एसएलसी) द्वारा श्रीनिवास के मूर्ति, जीएम (एचआर) और लक्ष्मी मूर्ति, वाइस की उपस्थिति में हुई। अध्यक्ष (एसएलसी)। कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी सीएमएचक्यू और स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब के संयुक्त प्रयास से 1-20 जून, 2023 तक किया जा रहा है। योग सत्र का संचालन रमानी रंजन पाणिग्रही, फैकल्टी और योग विशेषज्ञ द्वारा किया गया था, जिनके पास तीन दशकों से अधिक का अनुभव है, वे सेंट्रल कोल फील्ड्स, IICM (रांची) और बैंगलोर विश्वविद्यालय के योग फैकल्टी भी थे और कॉर्पोरेट में योग और तनाव प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित करते है ।इस अवसर पर बोलते हुए, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन), रेड्डी ने इसके स्वास्थ्य लाभों के लिए योग का अभ्यास करने पर जोर दिया और आशा व्यक्त की कि तीन सप्ताह के योग सत्र से प्रतिभागियों को काफी हद तक लाभ होगा और उन्हें योग को जीवन का एक तरीका बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। पद्मा रेड्डी, अध्यक्ष, एसएलसी ने इस अवसर पर साझा करते हुए कहा कि वास्तविक धन अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखना है जिसे नियमित शारीरिक गतिविधि और योग से प्राप्त किया जा सकता है। इस योग सत्र में स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब के कर्मचारियों और सदस्यों ने भाग लिया। योग सत्र का समापन दिवस 21 जून को इसी माह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होगा।

### स्वतंत्रता संग्राम में तेलुगू साहित्यकारों का अहम योगदान : राज्यपाल

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि तेलुगू अत्यन्त मधुर और समृद्ध भाषा है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में तेलुगू साहित्यकारों और लेखकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने तेलंगाना को समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाला राज्य बताते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्यपाल शुक्रवार को तेलंगाना के निवासियों के साथ संवाद स्थापित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि भारत विविधता से भरा एक विशाल राष्ट्र है, जहां विभिन्न जाति, धर्म एवं भाषा के लोग रहते हैं लेकिन हम सब एक हैं और यह पूरी दुनिया में विविधता में एकता का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा आप लोग तेलंगाना के निवासी भी झारखंड स्थापना दिवस हर्ष के साथ मनाते हैं। प्रधानमंत्री की पहल पर सभी राज भवन के जरिये राज्य स्थापना दिवस समारोह मनाया जाता है। एक भारत श्रेष्ठ भारत, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक दूरदर्शी पहल है। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के साथ-साथ आपसी एकता की भावना को और प्रगाढ़ करता है। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप लोग समृद्ध भूमि से आते हैं।

## रिम्स निदेशक कामेश्वर प्रसाद को दी गई विदाई, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा

# डॉ. कामेश्वर जहां भी जायेंगे झारखंड का नाम रोशन करेंगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रिम्स निदेशक के तौर पर कार्यभार संभालने वाले पद्मश्री डॉ. कामेश्वर प्रसाद ने शुक्रवार को रिम्स को अलविदा कह दिया। नए अकादमिक भवन स्थित लेक्चर थिएटर एक में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने डॉ कामेश्वर प्रसाद की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा रिम्स में रिसर्च पर जोर दिया है और वह इसमें सफल भी हुए हैं। रिसर्च से आने वाले समय में रिम्स को फायदा मिलेगा। डॉ प्रसाद के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वह जहां भी जायेंगे झारखंड का नाम रौशन करेंगे और रिम्स और स्वास्थ्य विभाग उनसे जुड़ा रहेगा।

अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि डॉ कामेश्वर प्रसाद को जितनी प्रशासनिक



सहायता मिलनी चाहिए थी शायद नहीं मिली। बावजूद इसके उन्होंने कोरोना काल से लेकर अभी तक सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि समयबद्ध निर्णय लेते हुए एक रूपरेखा तैयार कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। रिम्स की व्यवस्था को कैसे सुदृढ़ किया जाए यह आने वाले निदेशक के सामने एक चुनौती होगी।

डॉ कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि वह रिम्स से संतुष्ट होकर जा रहे हैं। उन्होंने नियम के विरुद्ध कोई काम नहीं किया। साथ ही कहा कि रिम्स उनकी मां सामान है और इसी भाव से उन्होंने यहां पर कार्य भी किया है। रिम्स में कई उन्नत और अत्याधुनिक मशीनें लगायी गयी हैं जैसे दो सीटी स्कैन मशीन, कैथ लैब, इको मशीन इत्यादि जिसका लाभ मरीजों को मिल रहा है।

डॉ कामेश्वर प्रसाद का प्रोफाइल

हजारीबाग में जन्मे डॉ कामेश्वर प्रसाद ने रिम्स के निदेशक के रूप में 2 साल 6 महीना 18 दिन तक अपनी सेवा दी। 1979 में रिम्स से एमबीबीएस करने के पश्चात डॉ प्रसाद ने 1980-83 में एम्स नई दिल्ली से मेडिसीन में पीजी किया। 1983-86 में उन्होंने एम्स से ही डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन (डीएम) न्यूरोलॉजी किया और उसके बाद फैकल्टी के तौर पर 1986-2020 तक एम्स से जुड़े रहे। 1992 में उन्हें राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से भी नवाजा गया था।

### धर्मांतरण के लिए पादरी पहनने लगे भगवा और माला : परांडे

**पटना/डेहरी आन सोन :**बिहार में रोहतास जिले के तिलौथू में सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में चल रहे दस दिवसीय विश्व हिंदू परिषद दक्षिण बिहार के परिषद शिक्षा वर्ग में भाग लेने आये विहिप के राष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि धर्मांतरण के लिए अब पादरी भगवा वस्त्र और माला पहनते हैं।परांडे ने कहा कि पहले चर्च सफेद रंग के होते थे लेकिन अब उनका रंग भी भगवा किया जा रहा है। चर्च में अंग्रेजी के बजाय हिंदी में प्रार्थना होने लगी है। यहां सब धर्मांतरण के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद बड़े पैमाने पर हिंदू समाज से जुड़ने के लिए घर वापसी का अभियान चला रहा है।

## अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों से रेल सुरक्षा और नई तकनीकों को अपनाने पर दिया जोर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां मानेकशॉ सेंटर में रेल मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' में अधिकारियों से रेल सुरक्षा और नई तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज चिंतन शिविर के दूसरे दिन सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से 30,000 रूट किलोमीटर (आरकेएम) के लिए ट्रेन की गति को 160 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने पर विचार करने का आग्रह किया।

उन्होंने भारतीय आर्थिक विकास में रेलवे की भूमिका पर भी जोर दिया। वैष्णव ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे सालाना 1100 करोड़ यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के तरीके और भीड़भाड़ से कैसे निपटा जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से नई तकनीक अपनाने और चल रही बुलेट ट्रेन परियोजना से सीखे गए सबक को अपनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वंदे मेट्रो के डिजाइन को अंतिम रूप दे दिया गया है। मंत्री ने कहा कि विचार-विमर्श से कार्रवाई बिंदु निकाले जाएं और उन पर समयबद्ध तरीके से कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में रेल राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे और दर्शना जरदोश भी शामिल हुए। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ अनिल कुमार लाहोटी, रेलवे बोर्ड के सदस्य और रेलवे बोर्ड और सभी जोनल रेलवे के युवाओं सहित अन्य अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस मेगा इवेंट में जोनल रेलवे, पीयू, पीएसयू, सीटीआई, आरडीएसओ आदि से लगभग 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## उजैन पहुंचे नेपाल के पीएम प्रचंड, किया महाकाल का दर्शन

**एजेंसी**

**इंदौर :** नेपाल के पीएम प्रचंड महाकाल महालोक की सैर करने के बाद बाबा महाकाल की शरण में पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी बीमार पत्नी के लिए गर्भगृह में बाबा महाकाल की विशेष पूजा कराई। उनके साथ उनकी बेटी गंगा दहल भी मंदिर के गर्भगृह में मौजूद रहे। बाबा के पूजन के समय मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल भी पीएम प्रचंड के साथ थे।

शासकीय पुजारी पंडित घनश्याम शर्मा ने नेपाल के पीएम से पूजन करवाया। नेपाल के प्रधानमंत्री ने भगवान महाकालेश्वर के दर्शन कर नेपाल से लाए 100 रुद्राक्ष एवं 51 हजार रुपये नगद भेंट स्वरूप चढ़ाएं। मध्य प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आये नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड शुक्रवार को इंदौर पहुंचे। यहां से वे उज्जैन



पहुंचे व महाकाल का दर्शन किया। विमानतल पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री चौहान के आत्मीय व्यवहार से अभिभूत नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने कहा कि ऐसा लग ही नहीं रहा है कि वे उनसे पहली बार मिले हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री चौहान ने इस अवसर पर कहा कि भारत और नेपाल अत्यंत प्राचीन राष्ट्र हैं। भारत और नेपाल भले ही दो शरीर हों पर सांस्कृतिक रूप से वे एक हैं। दोनों का सांस्कृतिक वैभव, सभ्यता और संस्कार एक जैसे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और नेपाल के संबंध आने वाले दिनों में और भी प्रगाढ़ होंगे। इंदौर पहुंचने पर नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया। यहां एयरपोर्ट पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर, सांसद शंकर लालवानी, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, विधायक मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला तथा महेन्द्र हार्डिया, सुदर्शन गुप्ता, गौरव रणदिवे एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानमंत्री प्रचंड के साथ अन्य अतिथि भी इंदौर पहुँचे। इनमें उनकी बेटी गंगा दहल, नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सोद सहित अन्य मंत्रीगण और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड के आगमन के अवसर पर मध्यप्रदेश के सांस्कृतिक परिदृश्य का प्रदर्शन किया गया। निमाड़ का गणगौर और साथ में भगोरिया के उल्लासपूर्ण नृत्य के साथ स्वागत किया।

# छत्रपति शिवाजी ने गुलामी की मानसिकता को खत्म किया : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन को प्रेरणा और ऊर्जा का स्रोत बताया और कहा कि उन्होंने न केवल आक्रमणकारियों का मुकाबला किया बल्कि जनता में भी यह विश्वास पैदा किया कि स्वयं का राज (स्वशासन) संभव है। उन्होंने गुलामी की मानसिकता को खत्म कर लोगों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया।प्रधानमंत्री शुक्रवार को वीडियो संदेश के माध्यम से छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस की 350वीं वर्षगांठ को संबोधित करते हुए अपने विचार रख रहे थे। नागरिकों को प्रेरित और आत्मविश्वासी बनाए रखने की नेताओं की जिम्मेदारी को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के समय देश के आत्मविश्वास के स्तर की कल्पना कर सकते हैं। सैकड़ों वर्षों



की गुलामी और आक्रमणों के कारण देशवासियों का आत्मविश्वास सबसे निचले स्तर पर था। आक्रमणकारियों के शोषण और गरीबी ने समाज को कमजोर बना दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷हमारे सांस्कृतिक केंद्रों पर हमला करके लोगों का मनोबल तोड़ने की कोशिश की गई।÷ ऐसे समय में, लोगों में आत्मविश्वास जगाना एक कठिन कार्य था। लेकिन छत्रपति शिवाजी महाराज ने ना सिर्फ ऋमणकारियों का मुकाबला किया बल्कि जनमानस में ये विश्वास भी पैदा किया कि स्वयं का राज संभव है। उन्होंने गुलामी की मानसिकता को खत्म कर लोगों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस, हम सभी के लिए नई चेतना, नई ऊर्जा लेकर आया है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक साढ़े तीन सौ वर्ष पूर्व के ऐतिहासिक कालखंड का एक अद्भुत और विशिष्ट अध्याय है और स्वराज, सुशासन और समृद्धि की महान गाथाएं आज भी हम सभी को प्रेरणा देती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷राष्ट्र कल्याण और लोक कल्याण शिवाजी महाराज के शासन व्यवस्था के मूल तत्व रहे हैं।÷ उन्होंने कहा कि आज स्वराज्य की पहली राजधानी रायगढ़ किले के प्रांगण में शानदार आयोजन किया गया है और पूरे महाराष्ट्र में आज का दिन महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस तरह के आयोजन पूरे साल महाराष्ट्र में आयोजित किए जाएंगे और योजना और क्रियान्वयन के लिए महाराष्ट्र सरकार को बधाई भी दी।प्रधानमंत्री ने कहा कि साढ़े तीन सौ वर्ष पहले जब छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ था तब उसमें स्वराज्य और राष्ट्रवाद की भावना समाहित थी। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने हमेशा भारत की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखा था।

# 60 लाख का शराब बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा) :** चंदवारा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के बेंदी पंचायत के ओकरचुवा गाँव में ईट भट्ठा के पीछे स्थित सुकर सिंह के घर के दो कमरों में छापेमारी कर इम्पीरियल ब्लू व्हिस्की के 750एमएल की 348 पेटी 375एमएल की 248 पेटी और 180एमएल की 160 पेटी बरामद की।

सभी शराब की बोतलों पर पंजाब ओनली लिखा पाया गया। बरामद शराब का अनुमानित मूल्य 60 लाख से अधिक है। लगभग 16 घंटों के उपरान्त बरामद अवैध विदेशी शराब को बिहार राज्य के सुंदर सीमावती जंगली क्षेत्रों से लाया जा सका। इस मामले को लेकर एएसपी प्रवीण पुष्कर ने प्रेस वार्ता कर बताया कि इस मामले में नारायण सिंह ने अपनी संलिप्तता स्वीकारी है।

अवैध शराब कारोबार का मुख्य अभियुक्त अब भी फरार है जिसको लेकर छानबीन चल रहा है। अभियुक्त सुकर सिंह द्वारा पुछताछ करने पर बताया गया कि ये सभी शराब कि पेटियाँ स्थानीय वार्ड सदस्य के पति अशोक सिंह, उम्र करीब 29 वर्ष, पिता रामदेव सिंह ग्राम ओकरचुवा, थाना चन्दवारा तथा नारायण सिंह उम्र करीब 50 वर्ष, पिता स्व0 बुधन सिंह सारा पीडा टोला,बेन्दी,थाना चन्दवारा तथा अन्य दो से तीन लोगों के द्वारा 29 मई की रात्री में कन्टेनर ट्रक से लाकर उसके घर में भारहारित किया गया था तथा अंग्रेजी शराब की सभी पेटियों बिहार राज्य में जंगली रास्ते के माध्यम से आपूर्ति करने के उद्देश्य से रखी गई थी। त्वरीत कार्रवाई करते हुए अशोक सिंह तथा नारायण सिंह को फरार होने से ठीक पहले गिरफ्तार कर लिया गया व चन्दवारा कांड सं0- 45/2023, धारा 272/273/420/34 एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम दर्ज किया गया है। छापेमारी में मुख्य रूप से थाना प्रभारी नितिश कुमार,पु0नि0 राजेन्द्र कुमार राणा,ओम प्रकाश अ0नि0 उत्पाद कोडरमा समेत पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### दलितों को कुआं से पानी भरने से रोकने के मामले में कार्रवाई हो : राजद

**रांची :** राजद ने सिल्ली के अड़ाल-नवाडीह गांव में ऊंची जाति के लोगों की ओर से दलितों को कुआं से पानी नहीं भरने देने के मामले को गंभीरता से लिया है। प्रदेश राजद के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने शुक्रवार को कहा कि यह समाज को विघटित करने वाली घटना है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में भी हमारा समाज छुआछूत और अंधविश्वास से उबर नहीं पाया है। समाज के कुछ तथाकथित लोग परिवार, समाज और राज्य को तोड़ने का काम कर रहे हैं। यह राज्य के लिए खतरनाक है। मनोज ने कहा कि जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि इस तरह से समाज में जहर फैलाने वाले लोगों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कठोर दंड दिलाएं। उन्होंने कहा कि इन दलित परिवार की ओर से पानी का मांग वर्षो से कर रहे है, लेकिन इस क्षेत्र के विधायक कहां है जो अपने क्षेत्र के लोगो के लिए पानी भी उपलब्ध नहीं करा पा रहे है।